खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 07°C
नई दिल्ली, बुधवार 17 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 256 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान भारतीय सेना की वीरता प्रेरणादायकः मोदी पेज 2



IPL ऑक्शनः प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा 14.20-14.20 करोड़ में बिके, ग्रीन सबसे महंगे विदेशी खेल टाइम्स



प्रकृति ने कैंसर वापस करना शुरू कर दिया सम्पादकीय



तेलंगाना से जुड़े ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले के तार पेज 12

# कोहरे के चलते भीषण हादसा, 7 बसें व 3 छोटे वाहन टकराए, लगी भयंकर आग, 13 की मौत

## 150 से अधिक लोग घायल, 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा, दो मृतकों की पहचान, पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** मंगलवार सुबह करीब 4 बजे यमुना एक्सप्रेसवे के थाना बलदेव क्षेत्र के माइलस्टोन 127 गांव खड़ेहरा पर आगरा से नोएडा जा रही लाइन पर भयानक सड़क हादसा हो गया। यहां विजुअलिटी कम होने के कारण कोहरे में वाहन आपस में टकरा गए। इससे वाहनों में आग लग गई। बताया जाता है कि सात बसें और तीन कारों में भीषण आग लगी।

वाहन क्षतिग्रस्त व राख हो गए। हादसा इतना भयानक था की 13 लोगों की जलकर मौत हो गई जबकि लगभग 150 से अधिक घायलों को उपचार के लिए लगभग 20 एम्बुलेंसों के जरिये चिकित्सालय पहुंचाया गया। एक्सप्रेस-वे पर घटना की सूचना पर इलाका पुलिस व पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया । घटना से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। एक्सप्रेस वे पर सुबह-सुबह हुई दुर्घटना की सूचना मिलते ही डीएम सीपी सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है अग्निकांड इतना भीषण था की चारों ओर आग ही आग दिखाई दे रही थी। आंख की लपटें काफी ऊंची ऊंची उठ रही थी जो किलोमीटर तक देखी गईं। लोग बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे

- **मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक**
- **मृतकों को 2-2 लाख व घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा**

थे। डीएम-एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटना से मार्ग अवरुद्ध हो गया। वाहनों की लाईन लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को क्रेन से हटवा कर साइड से किया। आग इतनी भीषण थी लगभग एक दर्जन दमकलों ने आग पर काबू पाया। हादसे में कानपुर के लोग ज्यादा घायल हुए हैं। एक ही परिवार के कई लोग हैं। वहीं पुलिस प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने भीषण हादसे में 13 लोगों की जलकर मृत्यु होने की पुष्टि की है। एसएसपी ने बताया लोगों को सरकारी वाहनों से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है। रूट डायवर्जन कर वाहनों को निकाला गया। दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया है। घटना स्थल से मिले मलबे व अन्य सामान को मोर्चरी में रखवाया गया है। 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा है जिससे उनके परिजन आए तो मिलान हो सके। शवों की शिनाख्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दो मृतकों की पहचान रामपाल पुत्र पहोड़ीराम निवासी आजमगढ़ व अजिलेंद्र यादव पुत्र बंशीधर निवासी मुद्दीनपुर थाना सराय ममरेज जिला प्रयागराज के रुप में हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों का तत्काल समुचित एवं नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित करते -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया पहली बार 91 प्रति डॉलर से नीचे उतरा

**मुंबई।** रुपये में मंगलवार को भी भारी गिरावट देखी गई और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में पहली बार एक डॉलर की कीमत 91 रुपये से ऊपर पहुंच गई। रुपया मंगलवार को नौ पैसे टूटकर 90.87 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और लगातार लुढ़कता हुआ दोपहर से पहले 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। खबर लिखे जाते समय यह 22 पैसे नीचे 91 रुपये प्रति डॉलर पर था। भारतीय मुद्रा सोमवार को बीच कारोबार में 90.80 रुपये प्रति डॉलर तक उतरने के बाद 28.50 पैसे की गिरावट में 90.78 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुई थी। रुपये में लगातार आ रही गिरावट के बारे में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में कहा था कि केंद्रीय बैंक ने रुपये का कोई दायरा और न ही कोई स्तर तय किया है जहां वह हस्तक्षेप करेगा।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 126 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह 126 उड़ानें रद्द रहीं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक दिल्ली से जाने वाली 49 घरेलू उड़ानें और दिल्ली आने वाली 77 उड़ानें अब तक रद्द रही हैं। मंगलवार को हालांकि सोमवार की तरह घना कोहरा नहीं छाया रहा, लेकिन सोमवार को हुई देरी और रद्द रही उड़ानों का असर परिचालन पर देखने को मिला। इसके अलावा, कुछ असर कम दृश्यता का भी रहा है। सोमवार को 228 उड़ानें रद्द रही थीं, जिनमें 131 जाने वाली और 97 आने वाली उड़ानें थीं। इसके अलावा पांच उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा था।

# जज कैश कांडः सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ पैनल गठन को चुनौती देने वाली याचिका पर जारी किया नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **पूछाः राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव नामंजूर फिर जांच पैनल क्यों बनाया, संसद में यह कैसे हुआ**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अंतर्गत गठित संसदीय समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। इस समिति का गठन न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद शुरू की गई महाभियोग कार्यवाही के संबंध में उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए किया गया था।

इस मामले में न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, पेश हुए, जिन्होंने एक्स के नाम से गुमनाम रूप से याचिका दायर की है। यह पेशी न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ के समक्ष हुई। समिति के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि हालांकि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में महाभियोग नोटिस पेश किए गए थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा अध्यक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार करने के निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना और कानून के अंतर्गत अनिवार्य संयुक्त परामर्श के बिना एकतरफा रूप से समिति गठन किया। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के प्रावधानों का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने कहा कि अगर संसद के दोनों सदनों में एक ही दिन किसी प्रस्ताव की सूचना दी जाती है, तो वहां कोई समिति तब तक गठित नहीं की जा सकती जब तक कि प्रस्ताव दोनों सदनों में स्वीकार न हो जाए। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में समिति का गठन लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। अधिनियम की धारा 3(2) के प्रावधान का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने इस बात पर बल दिया कि वैधानिक भाषा अनिवार्य है और प्रस्ताव देने और स्वीकार करने के बीच स्पष्ट रूप से अंतर करती है। उन्होंने कहा कि यद्यपि अलग-अलग तिथियों पर स्वीकार हो सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में प्रस्ताव दोनों सदनों में एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे इसलिए संयुक्त रूप से गठित समिति की आवश्यकता थी। श्री रोहतगी ने स्पष्ट किया कि जहां कोई प्रस्ताव केवल एक सदन में स्वीकार किया -शेष पृष्ठ दो पर

### गोवा अग्निकांडः लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड से दिल्ली लाया गया

#### गोवा पुलिस ने एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। अब उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया जाएगा। ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलते ही पुलिस दोनों को लेकर गोवा जाएगी। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे।

### उधमपुर में मुठभेड़, एक जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के मजालता इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एसओजी का एक जवान शहीद हो गया। यहां तीन आतंकियों के फंसे होने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि पुंछ के रहने वाले एसओजी जवान अमजद अली खान सोमवार रात मुठभेड़ के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें तुरंत बाहर निकाला गया, लेकिन घावों की वजह से उनकी मौत हो गई।

# लोकसभा में वीबी-जी राम जी बिल पेश, सदन में हंगामा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' पेश किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी 'वीबी- जी राम जी' बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम बदलना सही नहीं है। महात्मा गांधी का नाम राज्य का विजन पॉलिटिकल नहीं सामाजिक विकास का था। उनका नाम ही हटाना गलत है। राम का नाम बदनाम न करो। बिल पर चर्चा के बीच विपक्ष ने हंगामा किया।। इसके बाद कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी। वीबी-जी राम जी बिल पास हो जाता है, तो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को रिप्लेस करेगा। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव हारने पर ईवीएम और वीवीपैट पर सवाल उठाना और जीतने पर सब सही कहना उचित नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि ईवीएम की शुरुआत राजीव गांधी के समय हुई थी।

### मनरेगा का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक : प्रियंका-राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है। श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है। इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है।

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को राहत

- **दिल्ली कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज की, कहाः मामला FIR नहीं, बल्कि निजी आरोप से जुड़ा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया।

इस आदेश से मामले में नामित अन्य पांच आरोपियों को भी राहत मिली है। अदालत ने हालांकि कहा कि यदि ईडी चाहे, तो अपनी जांच जारी रखने के लिए स्वतंत्र है। अदालत ने टिप्पणी की कि पंजीकृत प्राथमिकी के अभाव में धन शोधन की जांच और उसके आधार पर दायर की गई अभियोजन शिकायत कायम नहीं रह सकती। अदालत ने कहा कि इस तरह की शिकायत के आधार पर धन शोधन के लिए कानूनी कार्यवाही भी स्वीकार्य नहीं है।

दीया
अपना केवाईसी अपडेट रखें
ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,
तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,
तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।




आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशों में भारतीयों का प्रत्यक्ष निवेश नवम्बर में 31 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** विदेशों में भारतीयों का प्रत्यक्ष निवेश नवम्बर महीने में 30.82 प्रतिशत घटकर 203.71 करोड़ डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीयों ने नवम्बर में दुनिया के अन्य देशों में कुल 203.71 करोड़ डॉलर का निवेश किया। पिछले साल नवम्बर में उनका निवेश 294.45 करोड़ डॉलर रहा था, जबकि इस साल अक्टूबर में यह 368.23 करोड़ डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले की तुलना में इस साल नवम्बर में भारतीयों में विदेशों में इक्विटी में ज्यादा निवेश किया है, जबकि ऋण और गारंटी में उनका निवेश घटा है। इक्विटी में उन्होंने 97.84 करोड़ डॉलर का निवेश किया है, जो सालाना आधार पर 10.46 प्रतिशत अधिक है।

### डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। अब सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में तैनात डाक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य कर दी गई है। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा. रतन पाल सिंह सुमन ने इस संबंध में सभी इकाइयों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब वेतन भी बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही जारी किया जाएगा। डा. रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में अनुपस्थिति और लापरवाही की शिकायतें लंबे समय से आ रही थीं, खासकर दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों मे। इस व्यवस्था से सभी की प्रभावी निगरानी संभव हो सकेगी।

### पीएम ने विजय दिवस पर बांग्लादेश में 1971 के शौर्य और साहस को याद किया

# भारतीय सेना की वीरता पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पीएम मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ बोले- यह सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना ने मंगलवार को 'विजय दिवस' के अवसर पर 1971 में सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित शौर्य और साहस को याद किया।

जन सूचना अतिरिक्त महा. निदेशालय (एडीजी पीआई) ने इस दिन को याद करते हुए एक्स पर लिखा कि विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है। 'विजय दिवस: 1971 के युद्ध की शाश्वत कहानी' शीर्षक वाली इस पोस्ट में कहा गया है, यह एक ऐसी जीत थी जहां मुक्ति वाहिनी और भारतीय सशस्त्र बल कंधे से कंधा मिलाकर लड़े। यह एक ऐसी जीत थी, जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार दिया, दक्षिण एशिया के नक्शे को फिर से खींचा और एक नए राष्ट्र-बंगलादेश को जन्म दिया। महानिदेशालय कार्यालय ने पाकिस्तानी सेना द्वारा एक पूरे समुदाय पर किए गए क्रूर अत्याचारों, उत्पीड़न और क्रूरता को समाप्त करने में युद्ध की भूमिका का उल्लेख किया कि केवल 13 दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण साहस, अटूट संकल्प और बेजोड़ सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया, जिसका समापन 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण में हुआ, जो वैश्विक इतिहास में सबसे बड़े सैन्य आत्मसमर्पणों में से एक है। यह दिन भारत की अपने दोस्तों के प्रति निष्ठा और अपने विरोधियों के लिए एक स्पष्ट संदेश है, तब भी और अब भी, जब भारत न्याय के लिए खड़ा होता है, तो जीत अपरिहार्य होती है। भारतीय वायु सेना ने भी इस दिन युद्ध के दौरान कार्रवाई में शामिल जेट विमानों की दुर्लभ, अनदेखी तस्वीरों और वीडियो को प्रदर्शित करते हुए एक वीडियो साझा किया। '1971 युद्ध- साहस का वृत्तांत' शीर्षक वाले इस वीडियो में 13 दिनों के युद्ध के दौरान दिन-वार किए गए अन्य कार्यों के अलावा लोंगेवाला की लड़ाई, तंगेल हमला भी शामिल है।

### खड़गे-राहुल ने विजय दिवस पर सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने वाले सैनिकों की बहादुरी, बलिदान और वीरता को याद करते हुए सशस्त्र बलों को 'विजय दिवस' पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खरगे ने राष्ट्र के सशस्त्र बलों और मुक्ति वाहिनी की असाधारण बहादुरी और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़गे ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, 1971 में इसी दिन इतिहास रचा गया था, जब भारत के बहादुर सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया, जिससे बंगलादेश को स्वतंत्रता मिली और दुनिया के नक्शे को एक नया आकार मिला। खड़गे ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्णायक नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के दूरदर्शी, साहसी और दृढ़ नेतृत्व में, यह जीत मानवता और न्याय का एक महान उदाहरण बनी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम भारत की सैन्य शक्ति और मुक्ति वाहिनी के असाधारण शौर्य, वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं। देश मां भारती के इन वीर सपूतों के समर्पण और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखेगी। गांधी ने दक्षिण एशिया को नया आकार देने और बंगलादेश के निर्माण वाले इस दिन को याद करते हुए सशस्त्र बलों के साहस की सराहना की।

## उत्तर भारत में अभी शुष्क बना रहेगा मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ पश्चिमी विक्षोभ का नहीं दिख रहा असर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कड़ाके की सर्दी का आगमन अभी कम से कम एक सप्ताह और टल सकता है। हालांकि सुबह के समय कोहरा लगातार छाया रहेगा, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सर्दी को सक्रिय करते हैं, लेकिन मौजूदा पश्चिमी विक्षोभ इतना प्रभावी नहीं है कि ठंडी हवाओं को अपने साथ ला सके। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम के कारण धूप बिना किसी बड़ी रुकावट के मिल रही है, जिससे दिन के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। कुल मिलाकर मौसम शुष्क रहेगा और खास ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन सुबह के समय कोहरा बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिसम्बर के सामान्य तापमान से अधिक है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे को लेकर एलो अलर्ट जारी किया है, हालांकि अभी तक कंपकंपा देने वाली ठंड का असर नजर नहीं आ रहा है। इस बीच हल्की हवाओं के चलते वायु गुणवत्ता में भी कुछ सुधार देखने को मिला है। सोमवार को लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 163 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।

इससे पहले 11 से 14 दिसम्बर के बीच लगातार चार दिनों तक एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में बना हुआ था। विशेषज्ञों का कहना है कि इन्हीं हल्की हवाओं ने शहर की हवा से प्रदूषक तत्वों को हटाने में मदद की है। हालांकि राहत सभी इलाकों में समान नहीं रही। शहर के छह वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से टॉकीटोरा और लालबाग स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता अब भी 'खराब' श्रेणी में रही, जहां एक्यूआई क्रमश: 239 और 216 दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि तेज हवाएं या बारिश नहीं हुई, तो वायु गुणवत्ता में यह सुधार अस्थाई साबित हो सकता है। आने वाले पूरे सप्ताह तक मौसम हल्का बना रहने की संभावना है और तापमान में केवल एक-दो डिग्री की गिरावट आ सकती है, जो मध्य दिसम्बर के लिहाज से अब भी सामान्य से अधिक रहेगी।

## हिजाब मामला: नीतीश पर भड़की कैराना सांसद इकरा हसन



■ सीएम ऐसा कर रहे, तो समाज का क्या होगा

**नई दिल्ली।** यूपी के कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कथित तौर पर एक महिला का हिजाब हटाने की को. शिशों पर प्रतिक्रिया दी है। शीतक. ालीन सत्र के दौरान संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए इकरा ने कहा यह धार्मिक मामला नहीं है, लेकिन अगर सीएम ऐसा खुद कर रहे हैं, तो समाज के अन्य स्तरों पर क्या होगा?

सांसद इकरा हसन ने कहा कि काफी समय से, बिहार चुनाव से पहले भी, नीतीश कुमार की सेहत को लेकर चिंताएं रही हैं। वह बुजुर्ग हैं और सभी उनका सम्मान करते हैं, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि जिस पद पर वह हैं, उसकी अपनी गरिमा है। इससे पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर इकरा ने 15 दिसंबर को लिखा था - शर्मनाक! एक महिला डाक्टर का हिजाब खींचना उसकी गरिमा और धार्मिक पहचान पर सीधा हमला है। जब राज्य का मुख्यमंत्री ऐसा करे, तो महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठना लाजमी है।

## राम राज्य और गांधी अलग नहीं: थरूर

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मनरेगा का नाम बदलने पर थरूर ने कांग्रेस को दिखाया आईना, सरकार को नसीहत

मनरेगा का नाम बदलने और जी-रामजी बिल पर विवाद के बीच शशि थरूर ने राम राज्य को गांधी के सपनों का हिस्सा बताया और सरकार और कांग्रेस दोनों को संतुलित संदेश दिया। कांग्रेस नाम बदलने का जमकर विरोध कर रही है, उसका आरोप है कि जानबूझकर गांधी का अपनमान किया जा रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने के प्रस्ताव और नए जी-राम जी बिल को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस पार्टी इसे गांधी का अपमान बता रही है, लेकिन इस शोरगुल के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसने न केवल सरकार को जवाब दिया है, बल्कि परोक्ष रूप से अपनी ही पार्टी कांग्रेस को भी आईना दिखा दिया है। अक्सर देखा गया है कि 'राम' या 'राम राज्य' के नाम पर कांग्रेस और विपक्ष रक्षात्मक मुद्रा में आ जाते हैं, लेकिन थरूर ने खुलकर 'राम राज्य' का समर्थन किया है और इसे महात्मा गांधी के सपनों का अटूट हिस्सा बताया है। इतना ही नहीं उन्होंने सरकार को भी नसीहत दी। शशि थरूर ने 'एक्स' पर कहा- 'राम' से परहेज करना गांधीवाद नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि महात्मा गांधी के लिए 'राम राज्य' और 'ग्राम स्वराज' कभी भी विरोधी विचार नहीं थे।थरूर ने ट्वीट किया कि सरकार के प्रस्तावित नए जी-राम-जी बिल में मनरेगा का नाम बदलने को लेकर विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्राम स्वराज की अवधारणा और राम राज्य का आदर्श कभी भी प्रतिस्पर्धी ताकतें नहीं थीं, वे गांधीजी की चेतना के दो पिलर्स थे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इस बिल का कड़ा विरोध किया और इसे बहुत अफसोसजनक और पीछे की ओर ले जाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता के साथ अन्याय है।

### भाजपा ने गोवा विश्वविद्यालय में लोकतंत्र को कमजोर किया: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने मंगलवार को होने वाले गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनावों को अचानक रद्द किए जाने का विरोध किया। एनएसयूआई ने बयान जारी कर कहा कि गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव को तब रद्द किया गया, जब एनएसयूआई विश्वविद्यालय में शीर्ष पदों और कार्यकारी पदों पर जीत हासिल करने के करीब थी। हार का सामना करने में असमर्थ भाजपा ने छात्रों के जनादेश का सम्मान करने के बजाय चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का विकल्प चुना। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा यह लोकतंत्र पर खुला हमला है। जब भाजपा को पता होता है कि वह हार जाएगी, तो वह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कुचलने के लिए प्रशासन का इस्तेमाल करती है। गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव रद्द करना भाजपा के छात्रों की आवाज और निष्पक्ष चुनावों के प्रति भय को स्पष्ट रूप से उजागर करता है।



सेंसेक्स 84679.86
निफ्टी 25860.10

सोना रु. 132136
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)


## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 191971
प्रति किलो



# कमजोर रुपये के दबाव में सेंसेक्स 533 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



रुपये के लगातार दबाव में रहने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 533.50 अंक (0.63 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,679.86 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 167.20 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,860.10 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 10 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। भारतीय मुद्रा आज पहली बार बीच कारोबार में 91 रुपये प्रति डॉलर से नीचे उतर गई। इससे निवेश धारणा कमजोर रही। चौतरफा बिकवाली के बीच सुबह से ही बाजार पर दबाव रहा। सेंसेक्स एक समय 597 अंक लुढ़क गया था। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.92 प्रतिशत की गिरावट में रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों पर बिकवाली हावी रही।

रियलिटी, बैंकिंग, वित्त, आईटी और धातु समूहों से सूचकांक ज्यादा टूटे। बाजार पर दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,211 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, उनमें से 2,095 के शेयर गिरकर बंद हुए। वहीं 93 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 5.03 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 4.69 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.90 प्रतिशत, टाटा स्टील का 1.74, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट दोनों के 1.65 और बजाज फाइनेंस का 1.41 प्रतिशत टूट गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स, सनफार्मा, टीसीएस, पावरग्रिड, बीईएल, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बैंक और हिदुस्तान यूनीलि. वर के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाइटन में 1.60 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका में रोजगार के आंकड़ों से पहले वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.56 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.54 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.11 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.30 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.42 प्रतिशत फिसल गया।

## सोना और चांदी के भावों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोना और चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,113 रुपए गिरकर 1,32,136 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,33,249 रुपए पर था। वहीं 1 किलो चांदी का दाम 1,446 रुपए गिरकर 1,91,971 रुपए पर आ गई है। इससे पहले चांदी 1,93,417 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी।

इस साल अब तक सोने की कीमत 55,974 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,32,136 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,05,954 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,91,971 रुपए प्रति किलो हो गई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड सोना ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## चावल, गेहूं, चीनी, दालें रहीं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 15 रुपये बढ़कर 3,857 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,860 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल 27 रुपये और मूंग दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल की कीमत भी 25 रुपये बढ़ी, जबकि तुअर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं मसूर दाल का भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर टिका रहा। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 52 रिंगिट फिसलकर 3,961 रिंगिट प्रति टन रह गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.02 प्रतिशत गिरकर में 49.50 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 19 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल 43 रुपये और सरसों तेल 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 28 रुपये और वनस्पति की 22 रुपये बढ़ी। पाम ऑयल भी 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कोहरे के ...**

हुए उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को पचास पचास हजार रुपये की आर्थिक राहत सहायता राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली है। हादसे में खुशबू पुत्री लज्जाराम व आमिर पुत्र इरसाद निवासी कानपुर,डा. पीआर त्रिपाठी अपराजिता त्रिपाठी पुत्र डा. पीआर त्रिपाठी निवासी नोएडा,अमित निवासी औरैया, शाहिद व शफीक पुत्र नियामद उल्ला निवासी कानपुर, शेरू निवासी कानपुर, आदित्य पुत्र अनिल निवासी फतेहपुर , वीरेन्द्र गिरि पुत्र रामलखन व ऊषा पत्नी वीरेन्द्रगिरि निवासी बाराबंकी, शशी सिंह पुत्र कुलदीप भास्कर व कुलदीप भास्कर पुत्र रतनसिंह निवासी कानपुर, रघुवर पुत्र सामरू व हेमा देवी पत्नी राधेश्याम निवासी अंबेडकर नगर,आलोक तिवारी पुत्र विधासागर निवासी कानपुर, नरगेश पत्नी सुल्तान व राज पुत्र नियास निवासी मनकापुर गोंडा, प्रमोद पुत्र गोकुल प्रजापति निवासी महुआ,अभिषेक पुत्र कैलाश निवासी कानपुर, मुसर्रफ पुत्र नसीरूद्दीन निवासी कानपुर, हेमन्त पुत्र देवराज निवासी लखनऊ, शिखा पत्नी पीआर त्रिपाठी व गोरिका पुत्र पीआर त्रिपाठी निवासीगण कानपुर, विश्वनाथ पुत्र अंगनू निवासी अम्बेडकरनगर, अरविन्द तिवारी पुत्र आनन्द तिवारी निवासी गोरखपुर व अशोक पुत्र समसदीन निवासी बहराइच घायल हुए हैं। डीएम सीपी सिंह ने बताया कोहरे की दृष्टिगत लो विजिबिलिटी होने के कारण गाड़ियों का एक्सीडेंट हुआ है। घायलों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। डीएम ने आगे बताया कि कोहरा अधिक होने के कारण मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वाहनों की स्पीड कम कराई जाए कानबाई बनाकर चलाई जाए और ओवरटेकिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। एडीएम प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक देहात सुरेश चंद , अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड एक व सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन 48 घंटे में जांच कर घटना की रिपोर्ट सौंपेंगे।

**जज कैश कांड:**

जाता है, वहां समिति का गठन केवल उसी सदन द्वारा किया जा सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में ऐसी स्थिति नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि दोनों सदनों का संवैधानिक दर्जा समान है, इसलिए जब प्रस्ताव एक साथ पेश किए गए हैं, तो एक संयुक्त समिति अनिवार्य है। न्यायमूर्ति दत्ता ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि अगर दो प्रस्ताव एक ही दिन दोनों सदनों में प्रस्तुत किए जाते हैं, तो एक ही दिन में स्वीकृति कैसे संभव हो सकती है। श्री रोहतगी ने जवाब दिया कि उनका तर्क एक ही दिन में स्वीकृति पर आधारित नहीं है, बल्कि इस तथ्य पर आधारित है कि प्रस्ताव एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे, जो कानून के अंतर्गत एक संयुक्त समिति की आवश्यकता को जन्म देता है। जुलाई में लोकसभा के 145 सदस्यों और राज्यसभा के 63 सदस्यों ने महाभियोग नोटिस क्रमश: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ को सौंपा था।

लोकसभा अध्यक्ष ने अगस्त में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएम श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वासुदेव आचार्य की एक जांच समिति के गठन की घोषणा की थी। यह मामला 14 मार्च को आगजनी के बाद आग बुझाने के दौरान दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास के एक बाहरी कमरे में बड़ी मात्रा में करेंसी नोटों के बरामदगी से संबंधित है। इसके बाद, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने एक आंतरिक जांच समिति का गठन किया था, जिसमें न्यायमूर्ति शील नागू (तत्कालीन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया (तत्कालीन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) और न्यायमूर्ति अनु शिवरामन (कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) शामिल थे। जांच लंबित रहने तक, न्यायमूर्ति वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया और उन्हें न्यायिक कार्यभार से मुक्त कर दिया गया। समिति ने मई में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें प्रथम दृष्ट्या उन्हें दोषी पाया गया। सलाह दिए जाने के बावजूद न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा इस्तीफा देने से इन्कार करने के बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा आंतरिक जांच कार्यवाही के साथ-साथ मुख्य न्यायाधीश द्वारा उन्हें पद से हटाने की सिफारिश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

## सीएम योगी ने डा. वेदांती को दी श्रद्धांजलि

### बोले- राम काज और राष्ट्र सेवा को किया जीवन समर्पित

**अयोध्या, वार्ता**



पूर्व सांसद और श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के अग्रणी नायक डा. रामविलास वेदांती महाराज के निधन के बाद मंगलवार को अयोध्या में अंतिम यात्रा निकाली गई। इससे पहले सीएम योगी हिंदू धाम पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने उनके निधन को सनातन जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि राम काज और राष्ट्र सेवा के लिए उनका संपूर्ण त्यागमय जीवन हम सभी के लिए सदैव स्मरणीय और प्रेरणाप्रद रहेगा।

मंगलवार सुबह ही बड़ी संख्या में भक्त और राम मंदिर आंदोलन से जुड़े नेता, मंत्री, विधायकों का सुबह से ही जमावड़ा रहा। दोपहर 12 बजे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मौसम खराब होने के कारण सीएम योगी का हेलीकाप्टर अंतर्राष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरा। यहां से सड़क मार्ग से पहले राम मंदिर पहुंचे, फिर हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया।

इसके बाद हिंदू धाम पहुंचे सीएम योगी ने डा. राम विलास दास वेदांती के पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सीएम योगी ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति अभियान में वशिष्ठ भवन के श्री महंत डा. रामविलास वेदांती महाराज आज हमारे बीच में नहीं रहे। उनका पूरा जीवन अयोध्या धाम श्री रामलला के मंदिर निर्माण और विकास के लिए समर्पित रहा, यह संजोग ही है कि रामकथा का वाचन करते हुए उनकी भौतिक देह भी काया से मुक्ति ली है।

सीएम ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को प्रारंभ होते समय उसमें मूर्तरूप लेते हुए आंदोलन का जो परिणाम था, उस सुखद अवसर को देने का योग प्राप्त हुआ था और 25 नवंबर को श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर पर ध्वजारोहण में भी शामिल हुए। एक ऐसा संत सदैव राम जन्मभूमि अभियान के साथ मिलकर काम किया। आज उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आया हूं, गोरखधाम से उनका पुराना नाता रहा।

### यूपी में नाम बदलने का तरीका दिल्ली भी आ गया: अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मनरेगा की जगह विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन अधिनियम पेश कर दिया गया है। जिस पर विपक्ष की ओर से जमकर हंगामा किया, समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर नारा. जगी जताई और कहा कि ये सरकार बस नाम ही बदलना जानती है। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि जी राम जी, बस नाम बदला गया है, योजना में किसान को ऐसा कोई खास लाभ नहीं मिलने जा रहा है, न बड़ा रोजगार मिलने जा रहा है। ये पहली बार हो रही है कि यूपी में जो तरीका था नाम बदलने का, अब वो दिल्ली में भी आ गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई ये हैं इस सरकार के पास किसानों और मजदूरों को दिखाने के लिए कुछ नया नहीं है।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा जाफराबाद, दो सगे भाइयों की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाका के मंगलवार तड़के गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा, एक-दो नहीं 47 गोलियों के खाली खोखे मौके से बरामद हुए है स इस गोलीबाजी ने दो सगे भाइयों की हत्या कर दी गयी।

इस वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब यह दोनों भाई अपनी मां के घर से अपने बड़े भाई के घर की तरफ स्कूटी से जा रहे थे, बताया जा रहा है कि एक भाई की मौत अस्पताल पहुंचने पर हुई जबकि दूसरे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया स मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक दोनों भाइयों की पहचान नदीम (33) और फजिल (31) के रूप में हुई है, नदीम शारीरिक रूप से विकलांग था।

दोनों ब्रह्मपुरी की गली न-21, में अपनी मां के साथ रहते थे मंगलवार तड़के वह अपने बड़े भाई वसीम से मिलने जा रहे थे जब वह ब्रह्मपुरी की



गली न-17 के पास पहुंचे तभी कुछ बदमाशों ने उनके ऊपर गोलियों चला दी स इस गोलीबाजी में कई गोलियां दोनों भाइयों के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में लगी और वो लहूलुहान हालत में स्कूटी से वही गिर पड़े स जब उनके बड़े भाई वसीम को वारदात की जानकारी हुई और लोगो की मदद से नदीम को स्कूटी से लेकर जग प्रवेश चंद अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया बताया जा रहा है नदीम को करीब 16 से 17 गोलियां लगी थी स जब वसीम फजिल को लेने वापस पहुंचे तब तक उसकी भी जान जा चुकी थी, फजिल को भी करीब 20 गोलियां लगी है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त ने बताया मंगलवार तड़के 1.40 पर जाफराबाद थाना पुलिस को गोली चलने की सूचना मिली थी, जब पुलिस मौके पर पहुंची तब उनको फजिल निवासी गली न-30/8, जाफराबाद मृत अवस्था में मिला और उसके भाई नदीम को उसके परिजन जेपीसी हॉस्पिटल लेकर गए थे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने बीएनएस की 103(1)/3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज किया है,पुलिस ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई टीम गठित की गयी है। मृतकों के भाई वसीम ने इस वारदात के पीछे कोई पुरानी रंजिश बताई है और इस हत्याकांड के पीछे अपने कुछ रिश्तेदारों पर शक जताया है, फिलहाल पुलिस सभी कोणों से मामले की जांच में जुटी है।

# प्रदूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सचिवालय के बाहर प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए तत्काल उपायों की मांग की और कहा कि भाजपा सरकार प्रदूषण नियंत्रण में पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया, जिससे राजनीतिक विवाद बढ़ गया। दिल्ली-एनसीआर में ꞁ' 'अतिगंभीर' स्तर पर बना हुआ है, जबकि सरकार ळतंच-4 प्रतिबंध लागू करने और अन्य कदमों का दावा कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बारापुला ब्रिज के कार्य का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दक्षिण दिल्ली स्थित सुनहरी नाले से निकाली जा रही गाद के कार्य का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण दिल्ली और पूर्वी दिल्ली को जोड़ने वाले निर्माणाधीन बारापुला ब्रिज, फेज-3 के निर्माण कार्य की भी मौके पर जानकारी ली।

इस निरीक्षण में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता, गति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार पिछली सरकारों द्वारा छोड़ी गई लिगेसी (पुरानी) समस्याओं का समाधान कर रही है। पूर्व सरकार कई अधूरी व अवैज्ञानिक योजनाएं छोड़कर गई हैं, जिनमे ये दोनों भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस निरीक्षण कार्य में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह व संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनहरी नाला (बारापुला ड्रेन) से जुड़ी कॉलोनियों को हर मानसून में भारी जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता रहा है, जिसके समाधान के लिए इस एक किलोमीटर लंबे नाले से 50 हजार मीट्रिक टन गाद निकाली जानी है, जिसमें से करीब 14 हजार मीट्रिक टन गाद निकाल ली गई है।

इस नाले की सफाई के लिए न तो उचित आउटलेट और स्लैब सिस्टम बनाए गए, जिस कारण भारी मात्रा में गाद जमा होने से आसपास की कॉलोनियों को मॉनसून के दौरान गंभीर जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली मेट्रो रेल निगम इसकी सफाई कर रहा है और उम्मीद है कि अगले साल मॉनसून से पहले इस नाले का पूरी तरह साफ कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरे मामले का ऑडिट किया जाएगा, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि भविष्य की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किए बिना इतने बड़े ड्रेन का निर्माण कैसे किया गया।

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बारापुला फेज-3 कॉरिडोर की प्रगति की भी समीक्षा की और कहा कि यह परियोजना दिल्ली की यातायात व्यवस्था को नई दिशा देगी। यह एलिवेटेड कॉरिडोर सराय काले खां को मयूर विहार-ꞁ से जोड़ेगा।

इसके तहत सराय काले खां से मयूर विहार तक डक्ट सहित उन्नत सड़क का निर्माण किया जाएगा। लगभग 13.3 किलोमीटर लम्बे इस 6-लेन कॉरिडोर में 4.3 किलोमीटर लंबी साइकिल ट्रैक की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त, परियोजना में 500 मीटर लंबा 6-लेन का एक्स्ट्रा डोज ब्रिज शामिल है।

# मुखर्जी नगर थाने की टीम ने हत्या प्रयास के मामले में 5 आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस के मुखर्जी नगर थाने की टीम ने 'हत्या के प्रयास' के मामले को सुलझाकर एक महिला और एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को पकड़ा है।

दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकंदर सिंह ने बताया कि 15.दिसंबर को चाकूबाजी की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां घायल का इलाज चल रहा था। जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया, जिसने आरोप लगाया कि 15. दिसंबर को लगभग 00:10 बजे, वह अपने भाई के साथ खाना खाने के लिए गुरुद्वारे के पास, मुखर्जी नगर में एक रेस्टोरेंट गया था। रेस्टोरेंट में, एक लड़की ने नशे की हालत में 4-5 लड़कों के साथ मिलकर उनसे झगड़ा किया।

उन्होंने उन दोनों को रेस्टोरेंट/लाइब्रेरी एरिया के अंदर बंद करने की कोशिश की; हालांकि, वे भागने में कामयाब रहे। इसके बाद, रेस्टोरेंट के पास, उन लड़कों ने उसके भाई को पकड़ लिया, और उनमें से एक व्यक्ति ने चाकू से उस पर हमला किया, जिससे उसके पेट और हाथ पर चाकू के घाव हो गए। उक्त लड़की लड़कों को उसे जान से मारने के लिए उकसा रही थी। इसके बाद, किसी तरह वे मौके से भागने में कामयाब रहे । उसके भाई को चोटें आई और उसे मेडिकल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद मुखर्जी नगर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी मॉडल टाउन सुरेश चंदर की देखरेख में एसएचओ मुखर्जी नगर राजीव शाह के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने शिकायतकर्ता से विस्तार से पूछताछ की और स्थानीय खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए सूत्रों को तैनात किया गया।इसके बाद टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी रमेश (26),गौतम (23) सत्यम (25) ,महिला और एक सीसीएल को पकड़ लिया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता निर्माणाधीन बारापुला ब्रिज, फेज-3 के निर्माण कार्य निरीक्षण करती हुई।

## एक नजर

### स्कूली शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर सम्मेलन संपन्न

**नई दिल्ली।** शिक्षा के माध्यम से भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने की साझा प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, आचार्य बालकृष्ण, प्रबंध निदेशक, पतंजलि आयुर्वेद, और संभ्रांत शर्मा, कार्यकारी बोर्ड सदस्य अरबिंदो सोसाइटी ने अरबिंदो सोसाइटी द्वारा आयोजित स्कूली शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली के एकीकरण पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की। यह सम्मेलन स्कूली शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली के एकीकरण की दिशा में राष्ट्रीय प्रयासों का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा, जो संभ्रांत शर्मा और आचार्य बालकृष' द्वारा व्यक्त साझा दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है। नवंबर में आयोजित पहले संस्करण में आईकेएस चार्टर ख्रस्कूलों में भारतीय ज्ञान प्रणालीके जिम्मेदार और शोध-आधारित कार्यान्वयन का भारत का पहला ढांचाख्रके शुभारंभ के बाद, इस संस्करण ने आईकेएस को कक्षा-स्तर पर लागू करने और बड़े स्तर पर विस्तार योग्य मॉडल्स अपनाने के संवाद को और गहरा किया।

### नॉन-इंजेक्टेबल त्वचा पुनर्जीवन उपचार लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** भारत में आधुनिक होम्योपैथी के अग्रणी डॉ. बत्राज ने डॉ. बत्राज ® XODerma पेश किया है। यह त्वचा पुनर्जीवन के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी उपलब्धि है और भारत में अपनी तरह का पहला उपचार है, जो उन्नत एंटी-एजिंग और एंटी-पिग्मेंटेशन केयर के लिए होम्योपैथी और स्किन एक्सोसोम तकनीक को एक साथ लाता है। यह नॉन-इंजेक्टेबल, नॉन-इनवेसिव और दर्दरहित उपचार सुरक्षित और आरामदायक तरीके से लोगों को बेदाग, उम्ररहित त्वचा पाने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें केवल तीन सत्रों में ही स्पष्ट परिणाम दिखाई देते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए डॉ. अक्षय बत्रा, ट्राइकोलॉजिस्ट, होम्योपैथिक कॉस्मेटोलॉजी एवं एस्थेटिक्स में फेलोशिप धारक और डॉ. बत्राज हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक ने कहा, डॉ. बत्राज में, मरीजों को वास्तविक लाभ पहुँचाने वाला नवाचार ही हमारे काम का केंद्र है।

### खरीफ विपणन पायलट प्रोजेक्ट लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया राइस मिलर्स एसोसिएशन ने प्रहलाद जोशी मंत्री भारत सरकार को पत्र लिखकर डिजिटल इण्डिया के तहत भारतीय खाद्द निगम में आर्टिफिश्यल इन्टेलीजेन्सी के तहत खरीफ विपणन पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इण्डिया के तहत भारतीय खाद्द निगम में आर्टिफिश्यल इन्टेलीजेन्सी के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में स्टडी करने के बाद खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसको लागू किया गया उसके परिणाम अच्छे आने पश्चात फरवरी 2023 में उस समय के उपभोक्ता मामले के खाद्द मंत्री पीयूष गोयल जी के वाणिज्य भवन, दिल्ली में संयुक्त बैठक थी जिसमें मंत्रालय के सभी उच्च अधिकारी एवं भारतीय खाद्द निगम के सीवएमवडीव व उनके उच्च अधिकारी बैठक में शामिल थे सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि देश हित में जो प्रधानमंत्री जी की डिजिटल इण्डिया प्रोग्राम को आगे बढ़ाते हुये इसको सारे देश में लागू किया जाए। फेडरेशन के अध्यक्ष तरसेम लाल सैनी के अनुसार यह भी कहा गया कि जहां ख्रजहां एवजीवएव( ।ळ।) मशीन नहीं था वहाँ इसको खरीदने के लिए टेण्डर लिया जाए और उसके बाद वर्ष 2024-25 में इसको पूर्णत: लागू किया जाएगा।

### एआई+ की फ्लैगशिप लीग में एंट्री

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ने प्रीमियम फ्लिप स्मार्टफोन सेगमेंट में NovaFlip लॉन्च करने की घोषणा की। इसकी कीमत 40 हजार रुपये से कम रखी गई है। यह लॉन्च कंपनी के उस लक्ष्य के अनुरूप है, जिसके तहत बेहतर और हाई-क्वालिटी टेक्नोलॉजी को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जाना है। AI+ स्मार्टफोन के फाउंडर माधव शेठ ने कहा कि फ्लिप स्मार्टफोन लोगों को वे चीजें वापस लाते हैं, जिन्हें वे सच में मिस करते हैं, जैसे कॉम्पैक्ट डिजाइन, फिजिकल इंटरैक्शन और कंट्रोल का एहसास। इसमें एक तरह की नॉस्टैल्जिया है, लेकिन इसके पीछे आज की जरूरत भी है।

### 'इत्ती सी खुशी' में राजनाथ वर्मा के रूप में फारुख सईद प्रभावशाली

**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो 'इत्ती सी खुशी' अपनी भावपूर्ण कहानी से लोगों का दिल जीत रहा है, जो दिवेकर परिवार के सुखों, संघर्षों और उन्हें परिभाषित करने वाले अटूट बंधनों को दर्शाता है। अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) और संजय (ऋषि सक्सेना) की शादी दिवेकर परिवार में एक महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है, और अब यह शो एक और दिलचस्प मोड़ के लिए तैयार है। कहानी में और अधिक गहराई और तीव्रता जोड़ने के लिए, प्रशंसित अभिनेता फारुख सईद, जो विराट (रजत वर्मा) के शक्तिशाली और रहस्यमय पिता राजनाथ वर्मा की भूमिका निभा रहे हैं, कहानी में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शो में शामिल होने के बारे में बात करते हुए फारुख सईद ने साझा किया, राजनाथ वर्मा उन पात्रों में से एक हैं जो अपनी जटिलता के कारण आपको तुरंत आकर्षित करते हैं।

# ओवररेटिंग पर शराब की दुकान सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में शराब की बिक्री को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों पर जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। बस स्टैंड के समीप स्थित देशी शराब की दुकान नंबर-1 पर तय मूल्य से अधिक दर पर शराब बेचे जाने की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने दुकान को सीज कर दिया। साथ ही दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।बताया जा रहा है कि उक्त दुकान को लेकर काफी समय से ओवर रेट वसूली की शिकायतें सामने आ रही थीं। प्रशासन द्वारा कराई गई जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई। जिलाधिकारी के आदेश पर आबकारी निरीक्षक त्रिवेदी प्रसाद मौर्य ने मौके पर पहुंचकर दुकान को सील किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है, वहीं अन्य शराब दुकानदारों में भी कार्रवाई को लेकर चिंता देखी जा रही है। गौरतलब है कि आबकारी निरीक्षक त्रिवेदी प्रसाद मौर्य द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की शराब दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान दुक. ानदारों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य सूची दुकान पर प्रदर्शित करने तथा उसी दर पर बिक्री सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए जाते रहे हैं। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बिना किसी दबाव के सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

# अवैध जुए का भंडाफोड़ सात आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ और सुल्तान पुरी थाने की टीम ने अलग अलग ऑपरेशन में अवैध जुए का भंडाफोड़ कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से जुए के लिए दांव पर लगाए गए 44,700/- रुपये नकद और जुए से जुड़े अन्य सामान बरामद किया हे

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि पहले ऑपरेशन के तहत 14 दिसंबर को एसीपी ऑपरेशन ऑपरेशन जयप्रकाश की देखरेख में सुल्तानपुरी थाने के एसआई विपिन कुमार, हेड कांस्टेबल शक्ति, विकास और कांस्टेबल राकेश की टीम सुल्तान पुरी इलाके में गश्त पर थी।

गश्त के दौरान, टीम ए-ब्लॉक पहुंची और उन्हें झंडे वाला पार्क, सुल्तान पुरी के पास अवैध जुए में शामिल कुछ लोगों के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली। सूचना पर टीम ने मौके पर ही तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान, जुए में इस्तेमाल हो रहे 17,300/- कैश के साथ-साथ जुए से जुड़ी दूसरी चीजें भी बरामद की गईं। वहीं दूसरे ऑपरेशन में एसआई विपिन कुमार, एएसआई प्रदीप, हेड कांस्टेबल उपेंद्र की टीम को जलेबी चौक के पास गश्त के दौरान, सुल्तान पुरी के C-4 पार्क में चल रही अवैध जुए की गतिविधियों के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली।इस जानकारी पर, सतर्क टीम ने तेजी से कार्रवाई की और मौके पर ही चार संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान, जुए में इस्तेमाल हो रहे 27,400/- कैश के साथ-साथ जुए से जुड़ी दूसरी चीजें भी मौके से बरामद की गईं।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर रद्द रहीं 60 से अधिक उड़ानें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह 60 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली से जाने वाली 33 घरेलू उड़ानें और दिल्ली आने वाली 31 उड़ानें अब तक रद्द होने की सूचना है।हालांकि आज सोमवार की तरह घना कोहरा नहीं था, लेकिन सोमवार को हुई देरी और रद्द रही उड़ानों का असर परिचालन पर आज देखने को मिला। सोमवार को 228 उड़ानें रद्द रही थीं जिनमें 131 जाने वाली और 97 आने वाली उड़ानें थीं।

इसके अलावा पांच उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा था। दिल्ली एयरपोर्ट की तरफ से आज सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया गया कि उड़ानों के परिचालन में लगातार सुधार हो रहा है, हालांकि प्रस्थान और आगमन की कुछ उड़ानों में व्यवधान हो सकता है। उसने उड़ानों की सही स्थिति की जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी है।

# वारदात की फिराक में घूम रहा बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में शाम के समय की जा रही गश्त के दौरान पुलिस ने एक कुख्यात झपटमार को दबोच लिया। आरोपी के पास से बटनदार चाकू, छीना गया मोबाइल फोन और नकदी बरामद होने से इलाके में सक्रिय आपराधिक गतिविधियों पर एक बार फिर से पुलिस की पैनी नजर साफ दिखाई दी।

पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम कांस्टेबल सतेंद्र और मयंक जिला पार्क की ओर नियमित पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक इलाके में घूम रहा है। टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बटनदार चाकू, एक मोबाइल फोन और 1100 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में युवक की पहचान 25 वर्षीय सोहेल उर्फ भैया, निवासी ई ब्लॉक सुंदर नगरी के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि बरामद मोबाइल और नकदी पहले दर्ज एक झपटमारी के मामले से जुड़ी है, जिसकी शिकायत थाने में पहले ही दी जा चुकी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अलग से मामला दर्ज किया। रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि आरोपी पहले भी लूट, झपटमारी और चोरी के तीन मामलों में शामिल रह चुका है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर उसके साथियों और अन्य वारदातों के सुराग जुटाने में लगी है।

# पुलकित सम्राट के साथ क्षितिज टॉक शो का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्षितिज 25 मिथिबाई कॉलेज का प्रतिष्ठित अंतर- महाविद्यालयीय सांस्कृतिक महोत्सव ने जुहू जागृति हॉल में प्रसिद्ध अभिनेता पुलकित सम्राट के साथ एक जीवंत और संवादात्मक क्षितिज टॉक शा का सफल आयोजन किया। इस कायक्रम ने पूरे सभागार का उत्सव, आत्मीय संवाद ओर ऊजावान वातावरण स भर दिया. जिसमें छात्रों स्वयंसेवकों तथा शिकषकों ने उत्साहपर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षितिज 25 और वर्ष की परिकल्पना के पारिचय से हई. जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि यह महोत्सव केवल मंच प्रस्ततियों ओर प्रतियोगिताओं तक सीमित नहों हे, बल्कि प्रेरक संवाद रचनात्मकता और सार्थक सहभागिता को बढ़ावा देने वाले मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस भूमिका ने ऐसे आयोजन की नींव रखी, जिसमें मनोरंजन और विचारशीलता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। जैसे ही पुलकित सम्राट मंच पर आए, सभागार का वातावरण जीवंत हो उठा। जोरदार तालियों और उत्साहपूर्ण स्वागत क बाच उन्हांन अपनी सहजता ओर आकषक व्याक्तित्व स दशकों काो मंत्रमुग्ध कर दिया। सत्र क दौरान उन्होंने फिल्म उद्योग में अपने सफर के अनुभव साझा किए



अपनी शुरुआती चुनौतियों महत्वपूर्ण उपलब्धियों और रास्ते में सीखे गए जीवन पाठों पर खलकर बात की। दृढ़ता आत्मविश्वास और जमीन से जुड़े रहने पर उनके विचारों ने युवा दर्शकों को गहराई से प्रेरित किया।छात्रों के साथ प्रश्न उत्तर सत्र शाम का प्रमुख आकर्षण रहा। विद्यार्थियों के विचारशील, जिज्ञासापूर्ण और कई बार हल्के- फुल्के प्रश्नों पर पुलकित सम्राट की बुद्धिमत्तापूर्ण और सच्ची प्रतिक्रियाओं ने न केवल हँसी बिखेरी, बल्कि आत्मचिंतन ओर प्रणा के क्षण भी रचे, जिससे वक्ता और श्राताओं के बीच एक मजबूत जुड़ाव स्थापित हुआ। मिथिबाई कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कृतिका देसाई ने कहा, गहमारे छात्रों को इतनी सक्रियता और प्रेरणा के साथ जुड़े देखना अत्यंत हर्षकारी है। ऐसे संवाद केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहते, बल्कि आत्मविश्वास. रचनात्मकता और सच्ची अभिव्यक्ति को पोषित करते हैं जो आज के युवाओं के लिए अनिवार्य गुण हैं मिथिबाई क्षितिज की अध्यक्ष भूमि शाह ने कहा श्यह संध्या वास्तव में क्षितिज 25 की भावना को दर्शाती है। संवाद की गर्मजोशी छात्रों की जिज्ञासा और उत्साह, तथा पुलाकत सम्राट का दशकां स सहज जुड़ाव, इन सबन मिलकर इस एक आविस्मरणाय अनुभव बना दिया।ष्टॉक शा का समापन उत्साहपूर्ण ओर सकारात्मक वातावरण में हुआ, जहा दशक प्रारित, ऊर्जावान ओर मुस्कुराते हुए लीटे।

# तिहाड़ जेल में कैदियों को स्वेटर बांटे

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इंद्रप्रस्थ संजीवनी एनजीओ एवं पारामाउंट केबल की ओर से तिहाड़ जेल नंबर 1 में जरूरतमंद कैदियों को दिल्ली की सर्दी से बचने के लिए स्वेटर वितरित किए गए।

इस अवसर पर लगभग 250 कैदियों को गरम ऊनी के स्वेटर दिए गए। इस अवसर पर पारामाउंट केबल के अध्यक्ष की धर्म पत्नी शशि संजय अग्रवाल, इंद्रप्रस्थ संजी. वनी के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र, उपाध्यक्ष जतिन नारंग एवं कृष्णा ओवरसीज आईएनसी से आरती टूटेजा उपस्थित थे। तिहाड़ जेल नंबर 1 के सुपरिटेंडेंट प्रशांत राघव ने इंद्रप्रस्थ संजीवनी एवं




पारामाउंट केबल का धन्यवाद करते हुए कहा कि लगभग 2500 कैदी जेल नंबर 1 में रहते हैं और ऐसे कुछ जरूरतमंद कैदी हैं, जो दिल्ली से बाहर के हैं और जिनके मिलने वाले उनसे नहीं मिल पाते हैं, ऐसे में सर्दी से बचने के लिए स्वेटर देना अच्छा उपाय है। हम ऐसे समय में संस्थाओं को आमंत्रित करते हैं कि वे समय-समय पर इन जरूरतमंद कैदियों के लिए सेवा कार्य करते रहें।

# 1971 भारत पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में 54वें विजय दिवस पर 1971 के भारत पाकिस्तान के युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के नेतृत्व में लडे गये इस युद्ध में भारत की शानदार विजय हुई थी और एक नये देश बांग्लादेश का जन्म हुआ। वत्स ने कहा कि हमारी युवा पीढी को सैनिकों के बलिदान की कहानियां याद रखनी चाहिएं। जो कौमें शहीदों को स्मरण नहीं करती वो मिट जाती हैं। भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य के कारण ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।

# बच्चों की नैपी चेंज करता है ये दया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स के सिंगल पापा का ट्रेलर आने के बाद शहर में इसकी चर्चाएं गरम हैं। अब तक की सबसे बड़ी वाईल्ड कार्ड एंट्री है, इसमें मैनी (मेल नैनी) का प्रवेश, जो है हमारा जाना-पहचाना, परबत सिंह या दया। 12 दिसंबर को रिलीज हो रहे सिंगल पापा में दया गौरव गहलोत (कुणाल खेमू) के गोद लिए हुए बेटे, अमूल के मेल नैनी के किरदार में दिखाई देने वाले हैं। दया का शॉर्ट, जिसमें वो कहते हैं, ''हम पेलने का नहीं, पालने का कार्य करते हैं'', ने इंटरनेट पर सनसनी फैला दी है। उनके बाजुओं में वो दम है कि वो एक हाथ से गुडों के पूरे गैंग हो हरा सकते हैं, लेकिन इस बार वो अपनी ताकत का इस्तेमाल बेबी अमूल को अपने दुश्मन, यानी बदहजमी से निपटने में मदद करने के लिए करना चाहते हैं।



दया उर्फ परबत सिंह ने कहा, ''मैंने जो भी काम अभी तक किए हैं, यह किरदार उनसे बहुत अलग है। यह किरदार निभाकर बहुत खास महसूस हो रहा है क्योंकि इसमें बहुत ज्यादा स्नेह और प्यार है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई देश को मज़बूत बनाना है तो भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415


मोदीनगर के प्रतिष्ठित व्यापारी नेता की उन्नाव में सड़क हादसे में मौत

# सगे भतीजे सहित दो अन्य का भी हुआ निधन

■ उनके शव देर रात तक मोदीनगर पहुंचेंगे व बुधवार सुबह अंतिम संस्कार किया जायेगा।







**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** शहर के निवासी वर्तमान में गाजियाबाद रहने वाले प्रतिष्ठित व्यापारी नेता व वरिष्ठ समाजसेवी अशोक अग्रवाल (अशोक भैया) की लखनऊ के रास्ते में उन्नाव के पास सड़क हादसे में मौत हो गई उनके साथ कार में मौजूद उनके सगे भतीजे व दो अन्य की भी मौके पर ही मौत हो गई , सूचना मिलते ही उनके परिजन उन्नाव के लिए रवाना हो गए व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

अशोक (भैया) अग्रवाल क्षेत्र के बहुत प्रतिष्ठित व्यापारी हैं उनका नमक का बहुत बड़ा काम है व अन्य भी कई फैक्टरी है वर्तमान में वह गाजियाबाद में रहने लगे थे,प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक भैया फॉरच्यूनर कार में उन्नाव में हाईवे पर थे उनके साथ उनके छोटे भाई सतीश अग्रवाल का छोटा बेटा अभिनव,मित्र विनोद गुप्ता का बेटा आकाश व एक अन्य व्यक्ति(अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है)भी कार में थे,कार का टायर फटने से कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में मौजूद चारों की मौत हो गई।

सूचना मिलते ही उनके भाई व अन्य परिजन उन्नाव के लिए रवाना हो गए व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई,अशोक अग्रवाल व उनके भाई सतीश अग्रवाल की सामाजिक प्रतिष्ठा का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सूचना मिलते ही सोशल मीडिया पर दुख प्रकट करने वालों की बाढ़ सी आ गयी व सारे क्षेत्र में दिनभर इसी दुखद समाचार की चर्चा रही। उनके शव देर रात तक मोदीनगर पहुंच. ेगे व बुधवार सुबह अंतिम संस्कार किया जायेगा।

# प्रथम प्रयास में ही एनडीए में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुरादनगर।** क्षेत्र के ग्राम सुराना के प्रधान के पुत्र ने क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए अपने पहले ही प्रयास में एनडीए जैसी कठिन परीक्षा पास कर ली। उनका चयन लेफ्टिनेंट के पद पर भारतीय सेना में हुआ है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुराना प्रधान यजुवेंद्र यादव उर्फ जंगली फौजी के पुत्र यश यादव ने इस वर्ष 12वीं की परीक्षा पास की थी साथ ही वह नेशनल डिफेंस एकेडमी परीक्षा की तैयारी भी कर रहे थे।

उन्होंने अपने प्रथम प्रयास में ही परीक्षा को पास कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। क्षेत्र वासियों को यश यादव की इस सफलता के बारे में जब जानकारी हुई तो लोगों ने उनके घर जाकर परिजनों सहित यश यादव को बधाई दी।



# जनपद के सभी स्कूलों में हाइब्रिड मोड में होगी पढ़ाई!

**गाजियाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद की तरफ से आदेश जारी हुआ है कि गाजियाबाद के सभी स्कूलों में हाइब्रिड मोड में पढ़ाई कराई जाएगी। ये निर्देश पलूशन को मद्देनजर जारी किए गए हैं। जारी की गई सूचना के मुताबिक, ये आदेश कल 17 दिसंबर से लागू होंगे और अगले नए आदेश तक जारी रखा जाएगा। जारी निर्देश में कहा गया है कि संबंधित प्रधानाचार्य और कोचिंग सेंटर के संचालक इस आदेश का कड़ाई से पालन करें।

इससे पहले रविवार को जारी किए गए आदेश में पांचवीं तक के स्कूल बंद कर केवल ऑनलाइन पढ़ाने और छठी से 12वीं तक हाइब्रिड मोड में कक्षाओं का संचालन करने के निर्देश दिए गए थे। अब ये निर्देश प्राइमरी से लेकर कक्षा पांच तक के लिए भी जारी कर दिए गए हैं कि इनकी कक्षाओं को भी हाइब्रिड मोड में चलाया जाएगा।



प्रतीकात्मक तस्वीर

वहीं पांचवी से ऊपर की कक्षाओं की बात करें तो कक्षा छह से नौ और ग्यारहवीं कक्षा को भी हाइब्रिड मोड में चलाया जाएगा। इस आदेश में दसवीं और बारहवीं कक्षा का जिक्र नहीं किया गया है। ये आदेश जनपद में चल रहे सभी बेसिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा विभाग के समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों और कोचिंग सेंटर में पढ़ाई कर रहे छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जारी किए गए हैं।

इससे पहले दिल्ली एनसीआर में बढ़ते पलूशन को ध्यान में रखते हुए आदेश दिया गया था कि नर्सरी से पांचवी तक के बच्चे स्कूल नहीं जाएंगे। वहीं 6 से नौ और 11वीं के छात्रों को हाइब्रिड मोड में पढ़ाई कराने का आदेश दिया गया था, लेकिन अब हवा में मौजूद प्रदूषण में हुए सुधार के चलते पुराने आदेश को बदल दिया गया है।

# राकेश टिकैत, विधायक, पूर्व विधायकों व अन्य आरोपियों पर दो मुकदमों में आरोप तय, चलेगा मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए कोर्ट निशान्त मान की अदालत मे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पूर्व मंत्री दलवीर सिंह, पूर्व विधायक वीर पाल राठी, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद , चेयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी, पूर्व प्रमुख अजय पाल सहित आरोपी पेश हुए।

सन् 2014 मे किसानों, रालोद कार्यकर्ताओं व भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं द्वारा स्व चौधरी अजित सिंह की दिल्ली मे कोठी खघली करने के विरोध में मुरादनगर गंग नहर पर किये गये विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया था जिसमें पुलिस ने मुरादनगर थाने पर मुकघ्दमा पंजीकृत किया था जिसमें 36 व्यक्तियों को नामजद किया गया था। उपरोक्त सभी लोग न्यायलय में हाजिर हो रहे हैं ।



आज राकेश टिकैत अपने वकील चौधरी अजय वीर सिंह के साथ न्यायलय में उपस्थित हुए और पुलिस द्वारा लगाए गये आरा. ेपों पर विस्तृत बहस की तथा माँग की कि पुलिस द्वारा झूठे आरोप नेताओं व कार्यकर्ताओं पर लगाये गए हैं, कोई साक्ष्य पुलिस उपस्थित व्यक्तियों के खिलाफ प्रस्तुत नहीं कर सकी है इसलिए न्यायालय द्वारा उन्हें आरोपों से मुक्त किया जाए। सरकारी वकील बिशमबर सिंह ने कहा कि मुकदमे में परिक्षण के बाद ही तय हो सकेगा कि उपस्थित व्यक्तियों के खिलाफ साक्ष्य है या नही ,इसलिए इस स्तर पर आरोप मुक्त नहीं किया जा सकता। स्पेशल जज एमपी, एमएलए निशांत मान ने सभी लोगों पर आरोप तय कर साक्ष्य के लिए अगली तारीखघ 2 जनवरी नियत की है।

# जन शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारी सदैव रहें तत्पर: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वार जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी घ्प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण



निस्तारण किया जाएं।

उन्होने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीयघ निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदूषण का जहर नौनिहालों की सांसों पर भारी: सीमा त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** तेजी से बढ़ता वायु प्रदूषण आज देश के नौनिहालों के स्वास्थ्य पर सबसे बड़ा संकट बनता जा रहा है। बच्चों की सांसें जहरीली हवा में घुट रही हैं और इसका सीधा असर उनके फेफड़ों, प्रतिरक्षा तंत्र के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ रहा है। यह केवल चिंता का विषय नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आपातकाल जैसी स्थिति है।

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने कहा कि प्रदूषण अब केवल पर्यावरण की समस्या नहीं रहा, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी के भविष्य पर सीधा हमला है। छोटे बच्चों में सांस संबंधी बीमारियाँ, एलर्जी, अस्थमा और आंखों की



समस्याएँ लगातार बढ़ रही हैं, जो अत्यंत गंभीर चेतावनी हैं।

"आज प्रदूषण को रोकना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का राष्ट्रधर्म है। यदि हम सच में देशभक्त हैं, तो हमें अपने आचरण में बदलाव लाना होगा। खुले में कूड़ा जलाना बंद करना, अनावश्यक वाहनों का प्रयोग न करना, सार्वजनिक परिवहन को अपनाना, अधिक से अधिक पेड़ लगाना और पर्यावरण के अनुक. ूल जीवनशैली अपनाना ही सच्ची देशभक्ति है।"

में केंद्र एवं राज्य सरकार से अपील करती हूँ कि प्रदूषण नियंत्रण नियमों को सख्ती से लागू किया जाए, स्कूलों के आसपास विशेष स्वच्छ वायु क्षेत्र बनाए जाएं तथा बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यदि सरकार द्वारा अब भी प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी माफ नहीं करेंगी। अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर प्रदूषण के विरुद्ध एकजुट हों और देशभक्ति को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि अपने व्यवहार में उतारें।

# आज से भरे जाएंगे यूजी प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म

**गाजियाबाद।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय कैंपस और संबद्ध कॉलेजों में बीए, बीकॉम, बीएससी सहित यूजी प्रथम सेमेस्टर में विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षा फॉर्म बुधवार से भरे जाएंगे। यह सभी फॉर्म समर्थ पोर्टल से ही ऑनलाइन भरे जा सकेंगे। पोर्टल पर फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर होगी, जबकि 24 दिसंबर तक भरे गए सभी फॉर्म कॉलेजों द्वारा ऑनलाइन सत्यापित किए जा सकेंगे। कॉलेजों को 26 दिसंबर तक कैंपस के परीक्षा विभाग में फॉर्म जमा करने होंगे। विश्वविद्यालय के अनुसार, परीक्षा फॉर्म के समर्थ पोर्टल पर भरे जाने की व्यवस्था से अंतिम तिथि के बाद किसी भी छात्र का फॉर्म भरवाना संभव नहीं होगा।

# भारत विकास परिषद ने किया कॉलेज के शिक्षकों व छात्राओं को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** आदर्श कन्या इंटर कॉलेज गोविंदपुरी मोदीनगर में भारत विकास परिषद के तत्वाधान में गुरु वंदन छात्रा अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओ को माता पिता और गुरुओं के सम्मान की प्रेरणा दी गई और इसकी शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की पांच छात्राओ व सात शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर भारत विकास के अध्यक्ष खेमराज आर्य सचिव, शिवानी शर्मा, डॉ विप्रा भाटिया, स्वाति गर्ग, विश्ववंधु इत्यादि उपस्थित रहे । भारत विकास परिषद द्वारा विद्यालय के



उपप्रबंधक विजय मेहरा व उपाध्यक्ष अजय ग्रोवर को भी पटका पहनाकर सम्मानित किया गया । सम्मानित होने वाली छात्राओ में कु0 शगुन शर्मा, कु0 प्रेरणा, कु0 दिया, कु0 माही, कु0 अदिति कौशल सम्मिलित रहे तथा शिक्षिकाओं में श्वेता, पूनम देवी, साधना तिवारी, भावना, चंचल कश्यप, उषा, सरिता गौड़, सम्मिलित रहे । प्रधानाचार्य शिवाली बंसल ने भारत विकास परिषद के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओ में नैतिक मूल्यों व संस्कारों का विकास होता है जो समाज व राष्ट्र के निर्माण में सहायक है।

# आज पेंशनर दिवस का किया जाएगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** मुख्य कोषाधिकारी ने अवगत कराया कि प्रत्येक वर्ष की भांति उ0प्र0 राज्य सरकार के निर्देशानुसार 12 बजे पेंशनर दिवस कलैक्ट्रेट सभागार में होगा। जिसका समन्वय मुख्य कोषाधिकारी एवं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समस्त विभागाध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य है। जिससे पेंशनरों की अपने विभाग से सम्बन्धित पेंशन से जुडी हुई समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित हो सके।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम का अभिनंदन समारोह

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर में 5 ट्रैफिक पुलिस एवं अधिकारियों के लिए प्रबंधन विकास सत्रों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत "व्यवहा. रिक दृढ़ता और सार्वजनिक संवाद को सशक्त बनाना" विषय पर 11(ग्यारह) प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया। कुल 570 (पांच सौ सत्तर) पुलिस कर्मियों ने उत्साह और तन्मयता पूर्वक भाग लिया।

सम्पूर्ण प्रशिक्षण सत्र की समाप्ति के अवसर पर दि 17 दिसंबर 2025 को संस्थान के चाणक्य ऑडिटोरियम में सभी प्रतिभागियों एवं पुलिस अधिकारियो के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त पुलिस कर्मियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे तथा आई टी एस -द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा सभी वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति निष्ठा और आदर का भाव प्रदर्शित करते हुए अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर उन्हें सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर पारंपरिपिक दीप प्रज्वलन के पश्चात सर्व प्रथम अर्पित चड्ढा द्वारा पुलिस कमिश्नर, गाजियाबाद जे रविन्द्र गौर, आलोक प्रियदर्शी, एडिशनल पुलिस कमिश्नर (एलओ एवं ट्रैफिक), त्रिगुण बिशन, डीसीपी, ट्रैफिक को सम्मानित करेंगे और स्वागत भाषण प्रस्तुत करेंगे। आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट गाजियाबाद के निद. ेशक डॉ अजय कुमार समस्त ट्रेनिंग प्रोग्राम से संबंधित विवरण प्रस्तुत करेंगे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एआई व मशीन लर्निंग कार्यशाला का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में यूजी एवं पीजी कार्यक्रमों के कुल 151 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला की शुरुआत प्रो. (डॉ.) आर.सी. त्रिपाठी (निदेशक, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशंस) द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों, संकाय सदस्यों तथा विशेषज्ञ प्रशिक्षकों

सौरव कपिल एवं प्रियांशी राय (ब्लोजिक सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा) का हार्दिक स्वागत किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि ष्आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आज दुनिया भर के उद्योगों को नई दिशा दे रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि हमारे विद्यार्थी इन उभरते क्षेत्रों में मजबूत आधारभूत ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक कौशल भी विकसित करें।ष कार्यक्रम का संचालन इवेंट कोऑर्डिनेटर प्रो. (एसोसिएट) गवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के शीर्ष प्रबंधन, सभी संकाय सदस्यों और स्टूडेंट वालंटियर के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से इस कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुन्दरदीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसजीयू के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) श्री पियूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत



कुमार एवं रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने इस पहल की सराहना की और छात्रों को भविष्य की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन विपिन शर्मा (कोऑर्डिनेटर, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशंस) द्वारा प्रस्तुत वोट ऑफ थैंक्स के साथ हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञों का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ दीं।

यह कार्यशाला तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और छात्रों को उद्योग-संबद्ध कौशल प्रदान करने की दिशा में स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशंस की एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

## अदालती सूचना

**सिविल जज सिनियर डीविजन गाजियाबाद।**
**उपस्थित श्री जसवीर सिंह यादव**
**पी.सी.एस.जे**
**इजराय वाद संख्या 06 / 2018**
**( कम्पयुटर संख्या 36 / 2018 )**

Smt Jaya Rani aged 60 Yrs wife of sh- Rajender Singh R/o H.No. 31 Anandipura Gurudawara Road Modi Nagar, Tehsil Modinagar District Ghaziabad. Aadhar No 8452 2744 8164.

...Decree Holder

V/s

1. Smt Premwati aged about 60 yrs wife of sh- Babu ram R/o F-22, Sucheta puri Tehsil Modinagar District Ghaziabad.
2. Manu Verma aged 35 yrs S/o Sh. Babu Ram R/o 1501 Neel Padam Kunj Sector 01 Vaishali Ghaziabad.

...विपक्षी/ मदयून

चूंकि ऊपरी नामांकित डिक्रीदार ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि डिक्री की धनराशि वसुलयाबी के लिये अतएव आपको एवदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये बातारीख 19.12.2025 बवक्त 10 बजे दिन में उत्तर देने के लिये व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिये, उपसंजात होने के लिये नोटिस किया जाता है। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त इजराय का एसपक्षीय निस्तारण किया जाता है। आज यह तारीख 20.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मोहर लगाकर दिया गया।

**आदेसानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज सिनियर डीविजन गाजियाबाद।**

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी० डि० ), जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस.-जे**
**विविध वाद सं०- 110 सन् -2025**
**( कम्प्यूटर नं० 343 / 2025 )**

संजय कुमार अग्रवाल उम्र लगभग 58 वर्ष पुत्र स्व0 एम0 के0 अग्रवाल निवासी म0न0-801 टावर पी-1, आशिअना पाम कोर्ट राजनगर एक्सटेन्शन, गाजियाबाद तहसील जिला गाजियाबाद। आधार कार्ड नंम्बर-5636 9262 4534.

..........प्रार्थी/वादी

**बनाम**

1. शिखा गोयल उम्र लगभग 56 वर्ष पुत्री स्व0 एम0 के0 अग्रवाल पत्नी अजय कुमार निवासी बी0एच0, 04. पल्लवपुरम फेस-1, मोदीपुरम मेरठ, तहसील व जिला मेरठ। 2. प्रबन्धक महोदय/पोस्ट मास्टर महोदय डाकधर, कार्यालय का पता मोदीपुरम जिला मेरठ 250110.

...प्रतिवादी/विपक्षी

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्री संजय कुमार अग्रवाल, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनरा. शि रूपया अंकन लगभग 18,02,529/- रूपये स्व0 महेन्द्र कुमार अग्रवाल 4 के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 08.01.2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 08.12.2025 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

18,02,529/- रूपये

**आदेशानुसार**
**( तरूण कुमार )**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी.डि. ) गाजियाबाद।**

# वांटेड बदमाश को दबोचा, 40 से अधिक मामलों में था वांछित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अपराधियों की बढ़ती बेखौफी को चुनौती देने वाली एक बड़ी सफलता में, पश्चिमी दिल्ली पुलिस के एक बहादुर कॉन्स्टेबल ने अपनी जान जोखिम में डालकर एक शातिर और बेखौफ बदमाश को दबोच लिया।

आरोपी की पहचान ऋषभ के रूप में हुई है, 40 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित था और सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि वह दो लाख रुपये मूल्य हाई स्पीड चोरी की केटीएम बाइक पर भी असली नंबर प्लेट का ही उपयोग कर रहा था, मानो उसे पुलिस का कोई डर ही न हो। पश्चिमी जिले के डीसीपी डी शरद भास्कर ने बताया कि इस बेखौफ बदमाश की तलाश शालीमार बाग, मोती नगर और मायापुरी थानों की पुलिस को भी थी। पुलिस को सूचना मिली कि ऋषभ जिस चोरी की केटीएम बाइक का इस्तेमाल कर रहा है, उसकी असली नंबर प्लेट जगह-जगह लगे ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) कैमरों में कैद हो गई है। यह महत्वपूर्ण जानकारी तुरंत कीर्ति नगर थाना पुलिस को दी गई।

एसीपी पंजाबी बाग, शिवम और एसएचओ संजीव डोढी के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। इसी दौरान कीर्ति नगर थाने के कॉन्स्टेबल नवीन जब पेट्रोलिंग पर निकले, तो उनकी नजर तुरंत उस संदिग्ध केटीएम बाइक पर पड़ गई जिसका नंबर एएनपीआर कैमरे में कैद हुआ था। वहीं, बिना समय गंवाए, कॉन्स्टेबल नवीन ने कीर्ति नगर से राजौरी गार्डन जाने वाली सड़क पर अकेले ही उस बाइक का पीछा करना शुरू कर दिया, जिस पर दो बदमाश सवार थे। पर पीछा किए जाने का आभास होते ही जिग जैक तरीके से चलते हुए दोनों भागने लगे, पर कॉन्स्टेबल नवीन उनका पीछा जारी रखा। जैसे ही उन्हें आगे ट्रैफिक जाम दिखा, मौका देखकर उन्होंने उन पर झपट्टा मारा।

अचानक हुए इस प्रयास से केटीएम बाइक फिसल गई और दोनों गिर गए। कॉन्स्टेबल नवीन ने फौरन एक बदमाश, ऋषभ को दबोच लिया, हालांकि दूसरा साथी भागने में सफल रहा। जांच में पता चला कि ऋषभ इसी साल अगस्त में एक पुराने मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया था और फिर से वारदातों को अंजाम देने लगा था।

## साइबर ठगीका भंडाफोड़ 10 जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** देश भर में फैले एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने मास्टरमाइंड सहित 10 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों से 50 करोड़ रुपये से अधिक के धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है, जिसमें 61 राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो शिकायतें शामिल हैं। यह बड़ी कार्रवाई सात राज्यों - दिल्ली, मुंबई (महाराष्ट्र), केरल, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में एक साथ छापेमारी के बाद हुई है।

पुलिस की विशेष टीमों ने इन जालसाजों को पकड़ने के लिए दिल्ली, मुंबई (महाराष्ट्र), केरल, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में सुनियोजित छापे मारे। इन छापों के दौरान, अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे विभिन्न उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स भी जब्त किए गए। यह नेटवर्क विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग करके लोगों को ठगने का काम कर रहा था।

इस गिरोह के मुख्य आरोपियों को विशेष रूप से केरल, दिल्ली और मुंबई (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित हो रहा था और इसके तार कई देशों से जुड़े हो सकते हैं। गिरफ्तार किए गए जालसाज विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी में संलिप्त थे।

# सांसों पर संकट बरकरार कई इलाकों में एक्यूआई 400 पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में दमघोंटू हवा से परेशानी को कोहरे और ठंड ने और बढ़ा दिया है। मंगलवार सुबह की धुंध और कोहरा दिखाई दिया। वहीं, स्मॉग की मोटी चादर भी दिखाई दी। इस कारण कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। धुंध के चलते सड़क ही नहीं हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, मंगलवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 381 दर्ज किया गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 377, आनंद विहार में एक्यूआई 406, अशोक विहार में 410, आया नगर में 339, बवाना में 403, बुराड़ी में 376, चांदनी चौक इलाके में 438 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू में 425, द्वारका सेक्टर 8 में 391, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 323, आईटीओ में 402, जहांगीरपुरी में 426, लोधी रोड 341, मुंडका 426, नजफगढ़ में 348, पंजाबी बाग में 405, रोहिणी 356, विवेक विहार 411, सोनिया विहार 393, आरकेपुरम 397, वजीरपुर में 426 दर्ज किया गया है।

धुंध और स्मॉग के चलते सड़क ही नहीं हवाई यातायात भी प्रभावति हो रही है। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन सुचारू रूप से चल रहे हैं। हालांकि, कुछ डिपार्चर और अराइवल अभी भी प्रभावित हो सकते हैं। सटीक और समय पर अपडेट के लिए सीधे अपनी एयरलाइन से संपर्क करें। हमारे कर्मचारी यात्रियों की मदद करने और जरूरी सहायता देने के लिए सभी टर्मिनलों पर मौजूद हैं। दिल्ली के लोग 14 अक्तूबर के बाद से ही प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं। मई, जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर के महीने दिल्ली में इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश हुई थी।इस कारण हवा भी काफी साफ रही थी, लेकिन मॉनसून की वापसी के बाद से ही प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा। दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम 10 का स्तर रविवार की शाम 5 बजे 449.2 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 297.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर पहुंच गया था। यानी दिल्ली-एनसीआर की हवा में मानकों से लगभग साढ़े चार गुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद है।

हवा में मौजूद प्रदूषकों को लंबे समय तक सांस के जरिए लेने से कोशिकाओं में सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव, इम्यूनसप्रेशन और म्यूटाजेनिसिटी होती है, जो फेफड़े, हृदय और मस्तिष्क सहित अन्य अंगों को प्रभावित करती है। ये सूक्ष्म कण हैं, जो फेफड़ों और रक्त धारा में प्रवेश कर सकते हैं। दिल्ली की हवा में 2.5 और 10 माइक्रोन से छोटे कण मुख्य प्रदूषक हैं।

# पुलिस ने दबोचा 55 वर्षीय शातिर झपटमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल झपटमारी की वारदात को 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया। एंटी स्नैचिंग सेल और थाना एमएस पार्क की क्रैक टीम ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी और घटना के समय पहने गए कपड़े भी आरोपी के कब्जे से बरामद किए गए। पुलिस झपटे गए मोबाइल की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

जानकारी के मुताबिक घटना 12 दिसंबर की है, जब थाना एमएस पार्क क्षेत्र में एक अज्ञात स्कूटी सवार ने राह चलते युवक से मोबाइल झपट लिया था। सूचना मिलते ही पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद शाहद. रा जिले की एंटी स्नैचिंग सेल की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मौके और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

जांच में सामने आया कि बदमाश नीली रंग की स्कूटी से आया था और वारदात को अंजाम देकर जीटी रोड की ओर फरार हो गया। फुटेज में स्कूटी के नंबर का एक अंक छिपाया गया था, लेकिन पुलिस ने अलग अलग नंबर संयोजनों के जरिए असली रजिस्ट्रेशन नंबर का पता लगा लिया। जांच में स्कूटी जाफराबाद की एक महिला के नाम पर पंजीकृत मिली।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के बच्चों से संवाद करते हुए।

# मुख्यमंत्री ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के बच्चों से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत पंजीकृत बच्चों के साथ संवाद किया। दिल्ली सचिवालय में आयोजित यह संवाद कार्यक्रम उन बच्चों के लिए सहयोगात्मक, संरक्षणात्मक और संवेदनशील देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिन्होंने कोविड 19 महामारी के दौरान अपने माता पिता, कानूनी अभिभावक अथवा दत्तक माता पिता को खो दिया है। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से आत्मीयता के साथ बातचीत की तथा उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं भावनात्मक आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार इन बच्चों को केवल किसी योजना के लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के सदस्य के रूप में देखती है।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट भेंट कर स्नेह व्यक्त किया तथा प्रत्येक बच्चे का उसके संबंधित जिला मजिस्ट्रेट से परिचय कराया, ताकि बच्चों को यह भरोसा मिल सके कि प्रशासन हर स्तर पर उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर संबंधित जिला मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के सभी प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें और अधिक सुदृढ़ करने के लिए दिल्ली सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल तात्कालिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि इन बच्चों को सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## एनआरआई के लिए पेश किया 'आईडीएफसी फर्स्ट ग्लोबल सेविंग्स अकाउंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपना नया 'आईडीएफसी फर्स्ट ग्लोबल सेविंग्स अकाउंट इन यूएसडी एंड यूरो' लॉन्च कर दिया है। इसे खास तौर पर विदेश में रहने वाले भारतीयों (एनआरआई) को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और गुजरात के गिफ्ट सिटी के माध्यम से इस्तेमाल किया जा सकता है। यह अकाउंट सामान्य घरेलू या एनआरआई सेविंग्स अकाउंट से अलग है और उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो विदेशी करंसी में अपना सेविंग्स अकाउंट ऑपरेट और मेंटेन करना चाहते हैं।आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में हेड- रिटेल लायबिलिटीज,आशीष सिंह ने कहा, ष्फर्स्ट ग्लोबल सेविंग्स अकाउंट एनआरआई के लिए भारत में बैंकिंग करने का तरीका पूरी तरह बदलकर रख देगा। इस अकाउंट के जरिए एनआरआई अपने सेविंग्स अकाउंट को यूएसडी या यूरो में रख सकते हैं, बेहतर ब्याज दर पा सकते हैं।

# वैध पीयूसीसी के बिना नहीं मिलेगा ईंधन: सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदमों की घोषणा की है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 18 दिसंबर से दिल्ली में बिना वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) वाले वाहनों को पेट्रोल पंपों से ईंधन नहीं मिलेगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि वाहनों से निकलने वाले टेल पाइप उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए सभी पेट्रोल/डीजल/सीएनजी पंपों के डीलरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल वैध पीयूसीसी प्रस्तुत करने पर ही ईंधन दें।

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली की हवा की सुरक्षा के लिए, दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड और बीएस-टप् से कम श्रेणी के सभी वाहनों को ग्रेप-प्प्प और ग्रेप-प्ट लागू होने पर दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी प्रदूषण फैलाने वाले वाहन को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।"



इसके अतिरिक्त, ग्रेप-प्ट लागू होने पर किसी भी प्रकार का कंस्ट्रक्शन मटेरियल ले जाने वाला वाहन दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेगा। मंत्री ने स्पष्ट किया कि ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन और जमीनी स्तर पर जांच के माध्यम से पीयूसीसी और वाहन श्रेणी की पुष्टि की जाएगी।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सभी नागरिक अपना वैध पीयूसीसी सर्टिफिकेट साथ रखें और अनावश्यक परेशानी से बचें।सिरसा ने बताया कि मौजूदा सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए वैज्ञानिक और डेटा आधारित उपायों पर काम किया है।

पर्यावरण मंत्री ने जानकारी दी कि डीपीसीसी और जिला प्रशासन टीमों द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया, रिडेवलपमेंट और नॉन-कन्फर्मिंग इलाकों में व्यापक सर्वे किया जा रहा है। अब तक 824 ऐसी इंडस्ट्री यूनिट्स की पहचान की गई है जिन पर कार्रवाई की जा रही है।प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने पर 9.21 करोड़ रुपए की पेनल्टी सहित 2,000 से अधिक नोटिस जारी किए जा चुके हैं, इसके अतिरिक्त अन्य विभागों द्वारा भी कार्रवाई की गई है।

डीजल जनरेटर सेट्स और प्रदूषण फैलाने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी सख्त कार्रवाई जारी है। 3,200 से अधिक जनरेटर सेट्स की कड मानकों के अनुसार जांच की गई है। वहीं 318 बैंक्वेट हॉल्स को क्ळ सेट मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, उल्लंघन पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। सिरसा ने बताया कि दिल्ली के तीनों लैंडफिल साइट्स पर कचरा प्रोसेसिंग को 20,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन से बढ़ाकर 35,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन किया गया है, ताकि 2026 तक बायोमाइनिंग पूरी की जा सके।

# 56 आपराधिक मामलों में शामिल बदमाश धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले में मोबाइल स्नैचिंग की लगातार वारदातों पर एंटी स्नैचिंग सेल ने बड़ा वार किया है।

ऑपरेशन स्ट्रीट शील्ड के तहत पुलिस ने 56 आपराधिक मामलों में लिप्त एक कुख्यात सीरियल स्नैचर को गिरफ्तार कर चार स्नैचिंग की वारदातों का खुलासा किया है। आरा. पी के कब्जे से छह छीने गए मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की गई है।

डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम ने बताया कि गत 6 दिसंबर को विवेक विहार, फर्श बाजार और आनंद विहार थाना क्षेत्रों से महज 40 मिनट के भीतर मोबाइल स्नैचिंग की चार शिकायतें सामने आई थीं। पुलिस टीम ने घटनास्थलों और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में सामने आया कि सफेद स्कूटी सवार बदमाश हर वारदात के बाद कड़कड़ी मोड़ की ओर फरार हो रहा था और पहचान से बचने के लिए स्कूटी की आगे और पीछे की नंबर प्लेट को कीचड़ से ढक रखा था। रूट ट्रैकिंग के बाद पुलिस आरोपी के घर तक पहुंची और उसे दबोच लिया।

डीसीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान जगतपुरी निवासी 32 वर्षीय मुसाब उर्फ मुश्ताक के रूप में हुई। पूछताछ में शुरू में उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन आगे जुर्म कबूल किया।

## रिश्वत नहीं मिलने पर दी परिवार को फंसाने की धमकी, पकड़ा

**नई दिल्ली।** प्रेम नगर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर भरत दहिया को विजिलेंस यूनिट ने दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोविंदपु. रम,गाजियाबाद के रहने वाले व्यक्ति ने विजिलेंस यूनिट में सब इंस्पेक्टर भरत दहिया के खिलाफ रिश्वत लेने के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी मां से जुड़े एक मामले में अनुकूल जमानत रिपोर्ट तैयार करने के लिए रिश्वत की मांग की। उसने पहले पांच हजार रुपये की पहली किस्त दे भी दी थी,जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी की। आरोप लगाया कि पचास हजार रुपये की पूरी पेमेंट नहीं देने पर परिवार को और मामलों में फंसाने की धमकी दी।

# कोर्ट के आदेश पर बैनामा धारक को मिला कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पहाड़ी दरवाजा स्थित विवादित भूमि को लेकर लंबे समय से चल रहे मामले में एक बार फिर घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया। करीब छह दिन पूर्व जिस भूमि पर कोर्ट के आदेश के बावजूद कब्जा प्रक्रिया को यथास्थिति के स्टे के चलते रोकना पड़ा था, उसी भूमि पर अब बिजनौर न्यायालय के ताजा आद. ेश के बाद कब्जा दिला दिया गया है।

नगर निवासी रईस अहमद के भतीजे अनवर अहमद ने न्यायालय के आदेश पर 30 जुलाई 2025 को उक्त भूमि का बैनामा कराया था। इसके आधार पर आज वे भूमि पर कब्जा लेने पहुंचे थे। इस दौरान किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। हालांकि उसी समय दूसरे पक्ष के फैज चौधरी एडवोकेट नगीना कोर्ट से यथास्थिति का स्टे ऑर्डर लेकर मौके पर पहुंच गए थे। स्टे दिखाए जाने के बाद कब्जा प्रक्रिया रोक दी गई थी और करीब डेढ़ घंटे तक चली बहस व कागजातों की जांच के बाद प्रशासनिक टीम बिना कार्रवाई के लौट गई थी। अब इस मामले में एक महीने के भीतर तीसरी बार बिजनौर कोर्ट ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए बैनामा धारक अनवर अहमद पक्ष को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए।

साथ ही पुलिस को आदेश दिया गया कि यदि किसी भी प्रकार की अड़चन उत्पन्न होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में अनवर अहमद के रिश्तेदार रईस अहमद भारी पुलिस फोर्स के साथ पहाड़ी दरवाजा स्थित भूमि पर पहुंचे। मौके पर तनावपूर्ण माहौल के बीच कब्जा प्रक्रिया पूरी कराई गई। बताया जाता है कि इस दौरान दूसरे पक्ष की ओर से वाद-विवाद और विरोध का प्रयास किया गया, लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते वे सफल नहीं हो सके। इसी दौरान पूर्व सभासद फरीद अहमद डॉन की रईस अहमद से किसी बात को लेकर तीखी नोकझोंक हो गई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने फरीद अहमद को हिरासत में लेने का प्रयास किया, जिस पर उन्होंने पुलिस की पकड़ से बचने की कोशिश की। इसी अफरा-तफरी में वे लड़खड़ाकर गिर गए, बाद में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

उधर, दूसरे पक्ष का कहना है कि वे इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं और मामले को लेकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। फिलहाल पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जा दिलाए जाने के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

## एएटीएस टीम ने नाबालिग सहित तीन सक्रिय ऑटो-लिफ्टर्स को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने एक नाबालिग सहित तीन सक्रिय ऑटो-लिफ्टर्स को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से ग्यारह चोरी के वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मोटर वाहन चोरी के ग्यारह मामलो को सुलझा लिया हैं।दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि उत्तर-पूर्वी जिले में मोटर वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के लिए, टीम ऑटो-लिफ्टिंग में शामिल व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए खुफिया जानकारी इकट्ठा कर रही थी।इसी बीच इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ के नेतृत्व में एक टीम ने लोनी रोड इलाके में एक स्कूटर पर यात्रा कर रहे तीन व्यक्तियों को रोका। जब उनसे स्वामित्व दस्तावेज दिखाने के लिए कहा गया, तो वे ऐसा करने में विफल रहे। विस्तृत सत्यापन के दौरान, यह पाया गया कि स्कूटर तिलक नगर थाने के इलाके से चोरी हुआ था।

इसके बाद टीम ने आरोपी अरबाज / मुन्ना (19) ,इंद्रजीत सिंह / अंश (19) और एक नाबालिग को पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, उन्होंने ऑटो-लिफ्टिंग के कई मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उनके खुलासे पर न्यू उस्मानपुर ,खजूरी खास, भजनपुरा, ज्योति नगर, वेलकम, जीटीबी एन्क्लेव, जगतपुरी और फर्श बाजार थाने के इलाकों से चोरी किए गए दस और दोपहिया वाहन बरामद किए है।विस्तृत सत्यापन से पता चला कि आरोपी अरबाज / मुन्ना पहले चोरी और चोट से संबंधित तीन मामलों में शामिल था। मामले में आगे की जांच जारी है।

# एनडीएमसी ने प्रोजेक्ट सॉर्ट के तहत विकेंद्रीकृत कूड़ा प्रबंधन को किया मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपा. लिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष- केशव चंद्रा के नेतृत्व, मार्गदर्शन और दृष्टिकोण के तहत सतत और विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रतिबद्धता के साथ - पालिका परिषद, इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन (आईपीसीए) के साथ मिलकर, अपने पूरे अधिकार क्षेत्र में प्रोजेक्ट सॉर्ट (रैव्ज - रीसाइक्लिंग और ट्रीटमेंट के लिए कचरे को अलग करना) लागू कर रही है यह प्रोजेक्ट मदरसन ग्रुप की एक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल है, जिसे स्वर्ण लता मदरसन ट्रस्ट (रैस्डज्ज) का सपोर्ट है, और इसे पालिका परिषद के तहत आवासीय सोसाइटी, शैक्षणिक और इंस्टीट्यूशनल कैंपस, कमर्शियल मार्केट और कम्युनिटी कूड़ा प्रोसेसिंग फैसिलिटी में लागू किया जा रहा हैइस प्रोजेक्ट सॉर्ट के तहत, पालिका परिषद ने गीले कचरे की प्रोसेसिंग के लिए विकेंद्रीकृत समाधान बनाने पर फोकस किया है, साथ ही स्रोत स्थल पर ही पृथक्करण प्रक्रिया को भी मजबूत किया है।

यह पहल सतत जागरूकता कार्यक्रम और हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग सेशन के जरिए, कचरा पैदा करने वालों और यहाँ रहने वालों से लेकर हाउसकीपिंग स्टाफ और कचरा संभालने वालों तक, सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग और व्यवहार में बदलाव पर जोर देती है।इस पहल के तहत, पालि. का परिषद की खास जगहों पर विकेन्द्रीकृत कम्पोस्टिंग एरोबिन लगाए गए हैं, जिनमें गोल्फ लिंक, काका नगर, सरदार पटेल विद्यालय, सेंट थॉमस स्कूल, वाईडब्लूसीए, लेडी इरविन कॉलेज, पीएसओआई क्लब, दिल्ली हाट, आईएनए, सां. गली मेस और सेंट्रल पार्क शामिल हैं। अब तक,

13 जगहों पर 34,000 किला. ेग्राम गीले कचरे को संभालने की कुल कैपेसिटी वाले 85 कम्पोस्टर लगाए गए हैं। इन एरोबिन के जरिए,15 मीट्रिक टन से ज्यादा गीले कचरे को पहले ही ऑन-साइट प्रोसेस करके पोषक तत्वों से भरपूर ऑर्गेनिक खाद में बदला जा चुका है।

## सेल्सफोर्स इंटैलिजेंट एजेंटिक परिवर्तन में तेजी लाने को तैयार

**नई दिल्ली।** दुनिया के नं. 1 ए.आई सीआरएम, सेल्सफोर्स ने भारत में एक साल और जबरदस्त वृद्धि और लगातार निवेश की घोषणा की है। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में कंपनी द्वारा दी गई रैगुलेटरी फाईलिंग के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्तवर्ष के लिए भारत में कंपनी का कुल दर्ज राजस्व साल-दर-साल 47 प्रतिशत बढ़कर 13,384.5 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। विभिन्न उद्योगों में भारतीय उद्यमों के लिए एक भरोसेमंद डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पार्टनर के रूप में सेल्सफोर्स की बढ़ती भूमिका को एजेंटिक एंटरप्राईज से बल मिल रहा है, जो ए.आई एजेंट्स और मनुष्यों को समझदार एवं विश्वसनीय व्यवसायिक परिणामों के लिए सहयोगपूर्वक काम करने में समर्थ बनाता है। सेल्सफोर्स साउथ एशिया की प्रेसिडेंट एवं सीईओ, अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा, ''सेल्सफोर्स के लिए भारत विकास एवं इनोवेशन का केंद्र बना हुआ है। हमने पिछले कुछ सालों में भारत में जिस तेजी से विकास किया है, उससे हमारे ऊपर हमारे ग्राहकों का विश्वास प्रदर्शित होता है।

# दिल्ली में नए साल से खुलेंगे को-ऑपरेटिव स्टोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को सहकारिता का नेशनल हब बनाएंगे। यहाँ देश भर के सहका. रिता से जुड़े लोगों और उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा और दिल्ली सरकार इनकी मार्केटिंग के लिए भी प्लेटफार्म उपलब्ध कराएगी।

यह बात दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने नाबार्ड की ओर से स्टेट एम्पोरिया काम्प्लेक्स में आयोजित सहकार हाट के शुभारम्भ अवसर पर कही। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारिता आंदोलन भारत के आर्थिक और सामाजिक सशक्ति करण की रीढ़ है और दिल्ली सरकार इसे नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सहकार से समृद्धि' संकल्प एक आन्दोलन बना और देश में सहकारिता क्षेत्र मजबूत हुआ। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि वर्ष 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहकारिता



से जुड़े लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जब किसान, कारीगर और छोटे उद्यमी सशक्त होंगे, तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के साथ-साथ एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। दिल्ली से सहकारिता उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग का लाभ पूरे देश के किसानों और सहकारिता से जुड़े लोगों को मिलेगा ।सहकारिता मंत्री ने कहा कि दिल्ली की हाउ. सिंग सोसायटीज में मॉडर्न को-ऑपरेटिव स्टोर खोले जाने की योजना है। आने वाले समय में दिल्ली में कई सहकारिता स्टोर खोले जाएंगे, जहाँ हैंडलूम, हस्तशिल्प, कृषि और ग्रामीण उत्पादों को उचित बाजार मिलेगा।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाल देहात।** ग्राम मोथेपुर कृत में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है।



नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम दिल्ली भटपुरा निवासी संजीव कुमार की पुत्री सारिका का विवाह लगभग सात माह पूर्व थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव मोथेपुर कृत निवासी विशाल के साथ हुआ था। बीती देर रात्रि सारिका (20 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। सूचना पर मृतका के मायके वाले ग्राम मोथेपुर कृत पहुंचे और उन्होंने मृतका के ससुराल पक्ष पर सारिका की दहेज की मांग पूरी न करने पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतका लगभग तीन माह की गर्भवती बताई जा रही हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार, सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी, फॉरेंसिक टीम, नायब तहसीलदार नगीना अजब सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार का कहना हैं कि घटना की तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पश्चात मृत्यु के सही कारण का पता चलेगा।

# भनेड़ा में तेंदुआ दिखाई देने पर ग्रामीणों में भय का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में एक बार फिर तेंदुए की आहट से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का दावा है कि बीते करीब 15 दिनों से तेंदुआ गांव और आसपास के खेतों में घूम रहा है, लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश और भय दोनों का माहौल बना हुआ है।मंगलवार को गांव भनेड़ा निवासी गजेंद्र सिंह और विजय सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनके खेतों के आसपास तेंदुए की गति. विधियां लगातार देखी जा रही हैं। कई



बार ग्रामीणों ने तेंदुए को प्रत्यक्ष रूप से देखने का भी दावा किया है। तेंदुए की मौजूदगी के चलते गांव के लोग खासे सहमे हुए हैं। शाम ढलते ही लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं और खेतों में जाना लगभग बंद कर दिया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार गांव में तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि हो चुकी है। इसके बावजूद वन विभाग की टीम समय रहते मौके पर नहीं पहुंच रही, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीते 15 दिनों से वे लगातार वन विभाग को सूचना दे रहे हैं, लेकिन कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग की एक टीम गांव में पहुंची और तेंदुए को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि, काफी देर तक जंगल और खेतों में तलाश के बावजूद तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद टीम वापस लौट गई, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।

## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद आरोपी डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। मेरठ क्षेत्र के गांव दबथुआ निवासी विकास कुमार अपनी पत्नी पूनम के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में शामली आया था। बताया जाता है कि जब वह वापस लौट रहा था तो काबडौत पुल के निकट डीसीएम चालक द्वारा बाइक में टक्कर मार दिए जाने से दंपत्ति जमीन पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना देते हुए दंपत्ति को शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# घर में घुसकर गर्भवती महिला से मारपीट

### शादी में गए परिजन, घर पर अकेली थी पुत्रवधु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कैराना। कोतवाली क्षेत्र में घर में घुसकर गर्भवती महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना कैराना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित तैय्यब पुत्र मीर अहमद निवासी मोहल्ला आलदरम्यान कैराना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 दिसंबर 2025 को वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कांधला एक शादी समारोह में गया हुआ था। इसी दौरान उसके घर पर उसकी पुत्रवधु हिना पत्नी ताहिर अकेली मौजूद थी, जो गर्भवती है। आरोप है कि शाम करीब साढ़े पांच बजे सनवीर पुत्र नसीम उर्फ भोला और सायरा पत्नी नसीम उर्फ भोला घर में घुस आए और उसकी पुत्रवधु के साथ लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान गर्भवती महिला को गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

पीड़ित ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को उपचार दिलाया गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है। तहरीर के आधार पर सम्बंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अस्पताल में हृदय, किडनी व लीवर जांच की मशीन खराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली जिला अस्पताल में हृदय, किडनी और लीवर जांच के लिए फुल्ली ऑटो बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पडा। मशीन को ठीक करने के लिए बाहर से टेक्निशियन बुलाए गए थे। बुधवार को मशीन ठीक होने के साथ ही जांच शुरू को सकेगी।

गत सोमवार को शहर के जिला अस्पताल में हृदय, किडनी और लीवर जांच के लिए फुल्ली ऑटो बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब हो गई। जिसके बाद अचानक जांच बंद हो गई। जिला अस्पताल में फुल्ली ऑटो बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब होने से मरीजों को परेशानियां का सामना करना पडा।



# इनामी बदमाश की पुलिस के साथ मुठभेड़, एक घायल दूसरा फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** चेकिंग के दौरान पुलिस की पच्चीस हजार रूपए के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस सहित एक मोटरसाइकिल बरामद की है।सोमवार की देर शाम को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार खंद्रावली चौकी इंचार्ज विजेंद्र सिंह रावल के साथ फतेहपुर पुलिया के निकट संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी बीच पुलिस को एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों को रोकने का इशारा किया तो बदमाशों ने बाइक की स्पीड बढ़ा दी। पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा किया तो एक बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ में फायरिंग की तो एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि बदमाश का दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने घायल बदमाश को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम सुशील पुत्र रोहतास निवासी बधैव थाना आदर्श मंडी बताया।

पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा खोखा व जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने लगभग तीन माह पहले क्षेत्र के गांव जसाला में अपने साथियों के साथ चोरी का प्रयास किया था, जाग होने पर बदमाश ने मां बेटे के ऊपर फायरिंग की थी। जिसमें सचिन और उसकी मां घायल हो गए थे।

वही पकड़ा गया बदमाश आदर्श मंडी थाना क्षेत्र से ट्रैक्टर चोरी के मामले में भी वांछित चल रहा था। जिस पर पच्चीस हजार रूपए का इनाम था। पकड़े गए बदमाश के फरार साथी की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही फरार बदमाश को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## एक नजर

### दहेज हत्या के आरोप में दो को जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में 25 वर्षीय विवाहिता की लगभग एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए



आरोपी पति व सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी महिला आशा, पुत्री वेदपाल की शादी 26 फरवरी 2023 में थाना क्षेत्र के कघ्स्बा एलम निवासी आकाश पुत्र राजेश के साथ हुई थी।महिला का शव विगत 13 नवंबर को घर में फांसी पर लटका हुआ मिला था। ससुराल पक्ष नेमामले की सूचना पुलिस को दी थी। घटना की जानकारी मिलते हैं मौके पर थाना प्रभारी सतीश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतार और फॉरेंसिक टीम ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मामले में मृतक महिला के पिता वेदपाल ने थाने पर तहरीर देकर पति ,आकाश,सांस कमलेश,नन्द मनीषा पर आंतरिक दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने पति आकाश व सास कमलेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### समता प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विजय दिवस व जनपद स्तरीय समता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के चार विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने 135 में से 127 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली ने 109 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल ने 100 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा लाल नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कैराना ने 82 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में जिला संघ संचालक देशपाल, अमन, अभिषेक, जगबीर शर्मा, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, प्रधानाचार्य संजय सैनी उपस्थित रहे। प्रबंधक रवि बंसल व सुमीत गुप्ता ने बालक बालिकाओं को स्वर्ण रजत व कांस्य पदक पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं की। इस अवसर पर पीटीआई नितिन कुमार, धीरज कुमार, सुमित कुमार ,रेनू रानी, राहुल कुमार, संदीप कुमार उपस्थित रहे।

### कन्फेक्शनरी दुकान में कुंबल लगाकर हजारों की नकदी व सामान साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस चौकी से महज 200 मीटर की दूरी मेरठ-करनाल हाईवे पर उपग्रामी पुल के पास स्थित अली कन्फेक्शनरी की दुकान में गत रात्रि अज्ञात बदमाशों ने कुंबल लगाकर सेंध लगाई और हजारों रूपए का माल व नकदी चुराकर फरार हो गए।



दुकान मालिक नदीम निवासी चंदनपुरी ने बताया कि सुबह दुकान खोलने पर ही उन्हें चोरी का पता चला। चोरों ने दुकान के पीछे से कंबल कर अंदर प्रवेश किया और गैस सिलेंडर, एनर्जी ड्रिंक, सिगरेट, गुटखा के साथ-साथ गल्ले में रखी नकदी तक चुरा ली। नदीम ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। गाड़ी वाला पुलिस चौकी के पास इस चोरी ने क्षेत्र में सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पर्ची मोड बढ़ाए जाने को लेकर किसान नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली चीनी मिल में स्वत: पर्ची मोड बढ़ाए जाने को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में भाकियू पदाधिकारियों ने जिला गन्ना अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मिल की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वत: पर्ची मोड बढ़ाने में छूट दिए जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि बीते दो-तीन दशकों से शामली चीनी मिल में मिल, विभाग और किसानों की सहमति से निर्धारित पर्ची मोड के अनुसार गन्ना आपूर्ति की जा रही है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होती थी। वर्तमान में स्वत: पर्ची मोड बढ़ाए जाने से किसानों के सामने गंभीर दिक्कतें उत्पन्न हो गई हैं। किसानों का कहना है कि शामली चीनी मिल की आपूर्ति व्यवस्था अन्य मिलों से अलग है। मिल में आने वाला समस्त गन्ना शामली कस्बे के बीच से होकर गुजरता है। केन यार्ड में जगह कम होने के कारण गन्ना ट्रालियों व बुग्गियों में सीधी भराई कर लाया जाता है। यदि गन्ना आड़ी भराई में लाया गया तो शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होगी और आम जनता व व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही किसानों ने यह भी बताया कि केन यार्ड में सीमित स्थान होने के कारण गन्ना उतारकर पुन: लाने की व्यवस्था संभव नहीं है। इससे तौल प्रक्रिया बाधित होगी, पेराई प्रभावित होगी और चीनी मिल को नुकसान पहुंच सकता है।



किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शामली चीनी मिल की विशेष परिस्थितियों को नजरअंदाज करते हुए स्वत: पर्ची मोड बढ़ाया गया तो किसान उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे और मिल बंद होने की स्थिति भी बन सकती है। इस अवसर पर युवा मंडल महासचिव मोहित शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान, जितेन्द्र, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पशु क्रूरता अधिनियम में भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में पुलिस ने चेकिंग के दौरान आधा दर्जन से अधिक पशुओं से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा था, जबकि पिकअप गाड़ी का चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम चौकी क्षेत्र में एक माह पूर्व पुलिस संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच पुलिस को बड़ौत की ओर से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने पिकअप गाड़ी को रोककर तलाशी ली तो पिकअप गाड़ी में आधा दर्जन से अधिक पशुओं को क्रूरता पूर्वक भर गया था। चालक गाड़ी को छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गया था। मंगलवार को पुलिस ने गाड़ी चालक जियालाल पुत्र रामलाल गांव बिसौली थाना चंदौली को कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पिकअप गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



# ग्राम प्रधान प्रत्याशी के समर्थन में ऐतिहासिक जनसमर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** देहात ग्राम प्रधान प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित भव्य कार्यक्रम गांव के लोकतांत्रिक इतिहास में एक यादगार पल बनकर उभरा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों, बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह संदेश साफ कर दिया कि प्रत्याशी ग"यूर हसन को गांव के हर वर्ग का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त हो रहा है। पूरे गांव का माहौल उत्सव जैसा नजर आया और हर ओर विकास, एकता और प्रगति की बातें गूंजती रहीं।

कस्बे के नई बस्ती में कार्यक्रम स्थल को फूल-मालाओं और बैनरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ग्रामवासियों ने प्रत्याशी ग"यूर हसन का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए फूलों की वर्षा की और विकास के




नारों से वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि ग्राम प्रधान प्रत्याशी का व्यक्तित्व सरल, स्पष्ट और जनसेवा को समर्पित है, जो उन्हें आमजन के बीच खास बनाता है। उन्होंने हमेशा गांव की समस्याओं को प्राथमिकता दी है और हर सुख-दुख में ग्रामीणों के साथ खड़े रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान चुनाव में सहयोग के लिए गुलजार हमीद ने 21 हजार रूपए व हुस्ने आलिम ने 31 हजार रूपए दिए। सभा को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान प्रत्याशी ग"यूर हसन ने कहा कि उनका लक्ष्य गांव



का सर्वांगीण और संतुलित विकास कराना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जीत के बाद सबसे पहले कच्ची सड़कों को पक्का कराया जाएगा, नालियों और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा पेयजल, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार से जुड़े प्रयासों और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया।कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने प्रत्याशी के विचारों और विकास योजनाओं की जमकर सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल समर्थन नहीं, बल्कि गांव के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। सभी ने एकजुट होकर ग्राम प्रधान प्रत्याशी को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में गांव विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। कार्यक्रम का समापन उत्साह और जोश के साथ हुआ। ग्रामीणों के चेहरों पर उम्मीद और भरोसा साफ झलक रहा था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यह जनसमर्थन आने वाले चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगा और गांव को विकास की नई दिशा देगा। इस दौरान अ"यूब चढ़ाव, आकिब, इकराम, आशु, दाऊद हसन, हाजी नफीस, अख्तर हेवा, आकिल, खुर्शीद, मसव्वर, हाजी वहिदा, सोम. ीन सिद्दीकी, मुबारिक हसन, अ"यूब काकड़ा, दिलशाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जूनियर हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ममंगलवार को मिशन शक्ति फेस.5।0 के अंतर्गत मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम द्वारा जूनियर हाई स्कूल, अम्बेहटा याकुब पुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं, बालकों एवं अध्यापिकाओं को नए आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा एवं सामा. जिक जागरूकता के प्रति संवे. दनशील बनाना रहा। कार्यक्रम में उप निरीक्षक लोकेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल नीतू तथा मोबाइल चालक हेड कांस्टेबल राहुल तोमर ने सहभागिता की। टीम ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को दंड से न्याय की ओर विषय के अंतर्गत नए आपरा. धिक कानूनों की जानकारी दी और बताया कि इन कानूनों से महिलाओं का सशक्तिकरण कैसे होगा। इस दौरान साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध तथा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने तथा कानून का सही उपयोग करने के बारे में जागरूक किया गया।टीम द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 108 एंबुलेंस सेवा शामिल हैं। इसके साथ ही सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समूह विवाह योजना आदि के बारे में भी जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने सभी से कानून के प्रति जागरूक रहने, महिलाओं व बालिकाओं के सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करने की अपील की।

## 76,400 रुपये की धनराशि कराई गई वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** साइबर ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित को साइबर सेल थाना थानाभवन एवं साइबर सेल जनपद शामली की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के चलते राहत मिली है। पुलिस की तत्परता से पीड़ित के खाते से ठगे गए 76,400 रूपए सफलतापूर्वक वापस कराए गए।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शामली एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिक. ारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में की गई। थाना थानाभवन क्षेत्र में घटित साइबर अपराधों में पीड़ितों की धनराशि वापस कराए जाने के क्रम में यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता रवि कुमार पुत्र रणधोल, निवासी ग्राम उस्मानपुर, थाना थानाभवन, जनपद शामली के भारतीय स्टेट बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा 76,400 रूपए की धनराशि अवैध रूप से निकाल ली गई थी। इस संबंध में पीड़ित द्वारा दिनांक 13।12।2025 को ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल द्ध1930ऋ पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।शिकायत प्राप्त होते ही थाना थानाभवन की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार किया तथा ठगी की गई धन. राशि को समय रहते होल्ड कराकर पीड़ित के खाते में वापस करा दिया।धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित रवि कुमार ने पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेल थाना थानाभवन एवं साइबर थाना जनपद शामली का आभार व्यक्त किया है।

# सुंदर कांड सत्संग में राज राजेश्वर महाराज ने किए प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्राचीन मंदिर भगवान जगन्नाथ जी, बाला जी धाम में मगंलवार को सुन्दर कांड सत्संग मे प्रवचन करते हुए कथावाचक राज राजेश्वर महाराज ने कहा भक्ति में शक्ति होती है।

यह शक्ति ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण, प्रेम और अटूट विश्वास से उत्पन्न होने वाली वह दिव्य ऊर्जा जो भक्त को परमात्मा से जोड़ती है, उसे आंतरिक शक्ति, शांति और आनंद प्रदान करती है, और जीवन के सभी विकट रास्तों पर सहारा देती है, जिसमें ईश्वर की इच्छा ही सर्वोपरि होती है, न कि व्यक्ति की अपनी शक्ति। यह वह अ.श्य डोर है जो आत्मा को परमात्मा से मिलाती है, और जो केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और नि:स्वार्थ प्रेम से पोषित होती है। महाराज ने कहा यह एक असीम शक्ति का अनुभव कराती है, जिससे वह किसी भी कठिनाई का सामना कर सकता है। भक्त का काम सिर्फ प्रेमपूर्वक भक्ति करना है, और रक्षक स्वयं परमात्मा बन जाते हैं।

भक्ति के माध्यम से मन शांत होता है, नकारात्मक भावनाएं, क्रोध, अहंकार, दुख,आदि दूर होती हैं और जीवन में मधुरता व आनंद भर जाता है।यह मनुष्य को ईश्वर के करीब लाती है, जैसे चुंबक लोहे को खींचता है। यह आत्मा और परमात्मा के बीच एक शक्तिशाली आध्यात्मिक सेतु है। सच्ची भक्ति में शारीरिक श्रम और सेवा , जैसे गरीबों की मदद, आदि भी शामिल होती है, जिससे भक्ति और सशक्त बनती है और उसका फल अधिक मिलता है। इसका उदाहरणरू मीराबाई, कबीर, और सूरदास जैसे संतों ने अपनी भक्ति से समाज को प्रेम और मानवता का संद. ेश दिया, यह भक्ति की शक्ति का ही प्रमाण है। संक्षेप में, भक्ति में शक्ति का अर्थ है ईश्वर के प्रति प्रेम और समर्पण से प्राप्त वह अलौकिक बल जो जीवन को सार्थक बनाता है और आत्मा को परमात्मा के साथ एकाकार कर देता है। इस अवसर पर योगेश तायल सचिन गोयल, प्रभात तायल , सुरेन्द्र गर्ग, रवि तायल, अमित गर्ग, नवीन बन्धु, नवीन गोयल, आदि मौजूद रहे।

# रेकी कर चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के घरों की रेकी कर कीमती सामान चोरी करने वाले एक गिरोह में शामिल महिला समेत 4 बदमाशों को थाना सेक्टर-49 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की कार, 2 मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक सामान, आभूषण, विदेशी करेंसी, 45,060 रूपये नकद व अन्य कीमती सामान बरामद किया है।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि आज थाना सेक्टर-49 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से एनसीआर क्षेत्र के घरों की रेकी करके चोरी करने वाले 4 अभियुक्त विशाल पुत्र शमशाद, आशीष मसीह पुत्र गुडबिल मसीह, शाहरूख उर्फ शारूफ पुत्र शब्बीर उर्फ साबिर व रूबीना पत्नी आशीष को मय चोरी के माल के गिरफ्तार किया है।



उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरोह के सरगना आशीष मसीह के द्वारा बताया गया कि वह बरेली का रहने वाला है और उसकी पत्नी रूबीना, साला शाहरूख व उसका दोस्त विशाल चोरी में उसका सहयोग करते है। पहले आशीष मसीह व उसका दोस्त विशाल व उसका साला शाहरूख द्वारा दिन में उन घरों को चिन्हित कर लिया जाता है, जिनमें ताला लगा होता है व जहां पर सन्नाटा होता है, उसके बाद चिन्हित किये गये घर व चोरी की प्लानिंग के बारे में वह अपनी पत्नी रूबीना को बताता था, जिसके बाद रात के अंधेरे में घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

उन्होंने बताया कि बीते 13-14 दिसंबर की रात्रि में इनके द्वारा सेक्टर-49 नोएडा स्थित एक घर का ताला तोड़कर अपने दोस्त विशाल व साले शाहरूख व पत्नी रूबीना के साथ मिलकर घर से सामान चोरी किया गया था। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

# जिम्स में छात्र की मौत मामले में दर्ज होगा केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में 14 वर्षीय छात्र की आपरेशन के दौरान हुई मौत की घटना में कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने कासना कोतवाली पुलिस को इलाज में लापरवाही बरतने वाले जिम्स के चिकित्सकों पर मामला दर्ज कर जांच का आदेश दिया है। अदालत ने माना कि मामला मानव मृत्यु से जुड़ा है। प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध प्रतीत होता है। इसकी सच्चाई विवेचना में सामने आ सकती है।

पीड़ित सोनू यादव के अधिवक्ता रजनीश यादव ने अदालत में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर बताया कि पीड़ित के 14 वर्षीय पुत्र अभिमान यादव को मई 2024 में पेट दर्द के करण जांच कराने पर अपेंडिक्स की

> बच्चे के आपरेशन के दौरान हालत गंभीर हो गई थी, चिकित्सकों ने अपनी तरफ से इलाज में भरपूर प्रयास किए थे। इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप निराधार हैं। अदालत ने क्या आदेश दिए हैं, अभी जानकारी नहीं है, जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा।
>
> **ब्रिगेडियर डॉ. राकेश गुप्ता, निदेशक जिम्स**

समस्या सामने आई। तीन जुलाई 2024 को अभिमान को ग्रेटर नोएडा स्थित जिम्स में भर्ती कराया था। स्वजन का आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने सामान्य आपरेशन होने व बच्चा जल्द स्वस्थ होने का आश्वासन दिया था। पांच जुलाई 2024 की सुबह 9.30 बजे अभिमान को जूनियर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के साथ आपरेशन थियेटर में ले जाया गया। दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल प्रशासन ने परिजनों से खून की मांग करते हुए कहा किसी नस के कटने से अत्यधिक रक्तस्राव हो गया है। परिजन ने तत्काल रक्तदाताओं की व्यवस्था कर खून उपलब्ध कराया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने दोपहर 3.30 बजे तक बच्चे की हालत को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई न ही कोई संतोषजनक जवाब मिला। परेशान स्वजन ने डायल -112 पर काल कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद शाम करीब 5.30 बजे डॉक्टरों ने बताया कि आपरेशन में गलत नस कटने से अभिमान की मौत हो गई है। अदालत ने टिप्पणी की कि प्रार्थना-पत्र में ऐसे तथ्य हैं, जिनका पर्दाफाश केवल जांच से संभव है।

## शहर में इलेक्ट्रिक बसें चलाने की जरूरत

**नोएडा।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने मंगलवार को नोएडा के विधायक पंकज सिंह से मुलाकात की। उन्हें शहर की समस्याओं से अवगत कराया और शीघ्र समाधान का निवेदन किया। सेक्टरों में इलेक्ट्रिक बसें चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र ने बताया कि विधायक के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण ने आरडब्ल्यूए के साथ बैठक की। इसके बावजूद भी कई कार्य लंबित हैं। इससे नोएडा का समग्र विकास प्रभावित हो रहा है। फोनरवा के महासचिव केके जैन ने कहा कि नोएडा के सेक्टरों को जोड़ने के लिए इलेक्ट्रिक बसों की आवश्यकता है। उचित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के अभाव में लोगों को एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर तक आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने पर्सनल लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को मंगलवार को गाजियाबाद और दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल बरामद हुए। पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को मामले में वांछित बनाया है। एडिशनल डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि बीते दिनों लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कुछ व्यक्तियों के बारे में शिकायत मिली थी। आरोपी डाटा हासिल कर आरोपी व्हाट्सऐप और टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर लोगों को मैसेज और कॉल कर घर बैठे पर्सनल लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी कर रहे थे।

इसके बाद टीम ने गोंडा के करनैलगंज निवासी हिमांशु दुबे और मेरठ निवासी हिमांशु कुमार को दबोच लिया। हिमांशु दुबे को गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी स्थित आवास से, जबकि हिमांशु कुमार को न्यू अशोक नगर स्थित आवास से दबोचा गया। 28 वर्षीय हिमांशु दुबे और 25 वर्षीय हिमांशु कुमार ने अब तक 100 से अधिक लोगों के साथ ठगी की है। दोनों आरोपी पहले सेक्टर-2 स्थित एक ही कंपनी में काम करते थे। वहां से डाटा चुराकर आरोपियों ने नौकरी छोड़ दी और ठगी करने लगे। दोनों ने अपने कई अन्य करीबियों और दोस्तों को भी अपने साथ जोड़ा। दोनों आरोपी पीड़ितों को कॉल करते और लोन स्वीकृत कराने के नाम पर रुपये ले लेते। फर्जी लोन सेंक्शन लेटर तैयार करके पीड़ितों के व्हाट्सएप पर भेजते थे। कुछ दिन बाद आरोपी फर्जी दस्तावेज डिलीट कर देते थे और ठगी की रकम को आपस मे बांट लेते थे। हिमांशु दुबे द्वारा ठगी की कमाई से हाल ही में मोबाइल फोन खरीदा गया था, जिसको बरामद किया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास पता कर रही है। आरोपियों के पास से पुलिस ने फर्जी सिम भी बरामद की है। दोनों दूसरे के नाम पर सिम खरीदते थे। उसी नंबर से लोगों को कॉल और मैसेज किया जाता था। आरोपी एक सिम से 10 से 12 लोगों को कॉल करते थे। इसके बाद सिम फेंक देते थे। बरामद मोबाइल से ठगी संबंधी कई अहम जानकारी मिलने की संभावना है। ऐसा करने से हमेशा बचें: पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि पर्सनल लोन के नाम पर कोई अज्ञात व्यक्ति प्रोसेसिंग फीस मांगे तो सावधान हो जाएं। बैंक और लोन देने वाली कंपनी कभी प्रोसेसिंग फीस और सेंशन फीस ऑनलाइन नहीं लेती है। कभी भी व्हाट्सऐप और कॉल पर आए फर्जी सेंशन लेटर पर विश्वास न करें। बैंक और कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर लोन के लिए अप्लाई करें। साथ ही उन कंपनी और बैंक की असली वेबासाइट देखकर लोन के लिए आवेदन करें। अगर किसी के साथ साइबर ठगी हो जाती है तो तुरंत हेल्पलाइन 1930 डायल करें या www-cybercrime-gov.पद पर शिकायत दर्ज करें।



## एक नजर

### प्लॉट बिक्री में 25 लाख की धोखाधड़ी के आरोपी को मिली जमानत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** प्लॉट बिक्री के नाम पर 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में अदालत ने सूफीजी नसीरुद्दीन उर्फ सैफी को जमानत दी है। मामला थाना सेक्टर-39 नोएडा क्षेत्र से संबंधित है। वादी विजयपाल ने आरोप लगाया था कि सेक्टर-151 नोएडा स्थित एक प्लॉट को लेकर आरोपी और उसके दो साथियों ने उनसे 25 लाख रुपये प्राप्त कर लिए। इसके बाद फोन उठाना बंद कर दिया और रकम वापस नहीं की। प्लॉट को आरोपियों द्वारा कई अन्य लोगों को भी बेचा गया। आरोपी की दाखिल द्वितीय अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र में कहा गया कि इससे पूर्व दाखिल प्रथम अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र आरोप पत्र प्रेषित होने से पहले निरस्त किया जा चुका था। प्राथमिकी 24 दिन की देरी से दर्ज कराई गई। वादी द्वारा दर्शाई गई चेक राशि आरोपी के खाते में नहीं आई। न तो आरोपी ने कोई एग्रीमेंट किया और न ही किसी दस्तावेज पर उसके हस्ताक्षर हैं। वहीं अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी ने सहआरोपियों के साथ मिलकर वादी से 25 लाख रुपये हड़पने का आरोप है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और दस्तावेज के अवलोकन के बाद न्यायालय ने आरोपी को जमानत दी है।

### लीगल फीस विवाद में अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, प्राथमिकी दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** लीगल फीस के विवाद को लेकर एक अधिवक्ता पर जानलेवा हमले का गंभीर मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज जांच शुरू की है। साकेत कोर्ट दिल्ली में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता शशांक हरित का कहना है कि वह पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सेक्टर जीटा-सी में रहते हैं। उनके ताऊ ईश्वर चंद हरित के पुत्र मुकुल हरित पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट स्थित पाइन टाव में रॉयल फ्रेट लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कार्यालय चलाते हैं। वह कंपनी के डायरेक्टर हैं। मुकुल हरित ने शशांक हरित को अपनी कंपनी के दिल्ली में चल रहे मामलों में मौखिक रूप से लीगल एडवाइजर नियुक्त किया था। उन्होंने बतौर लीगल एडवाइजर कंपनी के लिए कार्य किया। जिसकी लीगल फीस 3 लाख 75 हजार रुपये का बिल दिया गया। लेकिन मुकुल हरित ने भुगतान से इनकार कर दिया। इसके बाद शशांक हरित ने 4 जून 2025 को थाना साकेत, दिल्ली में मुकुल के खिलाफ लिखित शिकायत दी। शिकायत से नाराज मुकुल और उसके पिता ईश्वर चंद ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। 3 सितंबर 2025 को आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमलावर सोने की चेन छीनकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

### ग्रीन बेल्ट की चारदीवारी क्षतिग्रस्त करने और पेड़ काटने पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर स्वर्ण नगरी में घर के बराबर में बनी ग्रीन बेल्ट की चारदीवारी को क्षतिग्रस्त करने और पेड़ काटने पर एक महिला समेत दो के खिलाफ कासना थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक (उद्यान) हरेंद्र सिंह ने पुलिस से शिकायत की कि सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो की जांच में पता चला कि सेक्टर स्वर्ण नगरी के ब्लॉक बी स्थित मकान नंबर-138 के बराबर में ग्रीन बेल्ट है। मकान में रहने वाले श्री निवास नागर और मधु नागर ने करीब दो मीटर चारदीवारी क्षतिग्रस्त कर पेड़ों को नुकसान पहुंचाया। आशंका है कि कब्जा करने की नीयत से ग्रीन बेल्ट को क्षतिग्रस्त किया गया।

### ग्रीन बेल्ट की चारदीवारी तोड़ने का आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** स्वर्ण नगरी सेक्टर में स्थित ग्रीन बेल्ट की चारदीवारी क्षतिग्रस्त करने और पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाने के मामले ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। बीटा-2 कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक (उद्यान) हरिंद्र सिंह का कहना है कि स्वर्ण नगरी सेक्टर में सार्वजनिक हरित क्षेत्र को नुकसान की सोशल मीडिया पर मिली शिकायत के बाद 13 दिसंबर को स्थल का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में पाया गया कि मकान संख्या-138 ब्लॉक-बी सेक्टर स्वर्ण नगरी के सामने स्थित ग्रीन बेल्ट की चारदीवारी को करीब दो मीटर की लंबाई में क्षतिग्रस्त किया गया है। इसके साथ ही वहां लगे पेड़-पौधों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। प्राधिकरण के अनुसार यह कृत्य मकान संख्या-138 ब्लॉक-बी के निवासी निवास नागर और मधु नागर द्वारा किया गया है। दोनों का स्थायी पता गांव जुनपत अफजलपुर है। आरोप है कि ग्रीन बेल्ट सार्वजनिक संपत्ति है।

# गौतमबुद्ध नगर में नौ थाना प्रभारियों का तबादला

- पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने किए प्रशासनिक फेरबदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में 9 थाना प्रभारियों का तबादला किया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ये फेरबदल किए हैं।

इन तबादलों के तहत, थाना प्रभारी अरविंद कुमार को दादरी से थाना सेक्टर 20 का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, डीपी शुक्ल को सेक्टर 20 थाना प्रभारी के पद से हटाकर थाना सेक्टर 39 का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अमित तोमर को आईटी सेल से सेक्टर 58 थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। अवधेश प्रताप सिंह को सेक्टर 63 थाना प्रभारी से थाना फेस 2 का प्रभारी बनाया गया है। अमित कुमार को थाना सेक्टर 58 से सेक्टर 63 का प्रभारी नियुक्त किया गया है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह को सेक्टर 39 से हटाकर दादरी का थाना प्रभारी बनाया गया है। श्याम बाबू शुक्ला को वेलफेयर शाखा प्रभारी से थाना रबूपुरा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। विंध्यांचल तिवारी, जो पहले थाना फेस 2 के प्रभारी थे, उन्हें अब थाना एएचटीयू का प्रभारी बनाया गया है। जबकि, नीरज कुमार मिश्रा को थाना एएचटीयू के प्रभारी निरीक्षक पद से एसओजी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 22 दिसम्बर को किसानों की महापंचायत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में 22 दिसंबर को यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट पर किसानों की एक महापंचायत आयोजित की जाएगी। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेतृत्व में होने वाली इस महापंचायत में बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत शामिल होंगे। इस महापंचायत को सफल बनाने के लिए किसान लगातार बैठकें कर रहे हैं। हाल ही में परी चौक के पास झाड़े वाले मंदिर पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पंचायत की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि 22 दिसंबर की महापंचायत ऐतिहासिक होगी। उन्होंने जानकारी दी कि किसानों की समस्याओं को लेकर अलीगढ़, मथुरा, हाथरस और आगरा सहित विभिन्न जिलों के किसान ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर महापंचायत में शामिल होने पहुंचेंगे।

# पुलिस ने 1600 लीटर अवैध शराब नष्ट कराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को करीब 1600 लीटर अवैध शराब को नष्ट कराई। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार माल निरस्तीकरण के संबंध में अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा, अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त तृतीय सेंट्रल नोएडा और प्रभारी निरीक्षक थाना सूरजपुर की उपस्थिति में यह कार्रवाई की गई। अवैध शराब की बोतलों को गढ्ढा खुदवाकर मिट्टी से दबाया गया।

# क्लाउड किचन पर पांच लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने कूड़े के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर सेक्टर-62 स्थित क्लाउड किचन चलाने वाली कंपनी पर मंगलवार को पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। प्रबंधन को चेतावनी दी गई है कि अगर नियमों का पालन नहीं किया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण के परियोजना अभियंता गौरव बंसल ने बताया कि क्लाउड किचन ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया गया। यहां सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। तरल अपशिष्ट को सीवर में बहाया जा रहा था। कूड़ा अनाधिकृत कबाड़ियों को दिया जा रहा था। शहर में पूरी तरह सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित है, इसके बावजूद किचन में



इसका इस्तेमाल हो रहा था।

यहां से 50 किलोग्राम प्लास्टिक कंटेनर्स जब्त किए गए। निरीक्षण के दौरान बिल्डिंग के आसपास का क्षेत्र बहुत ही गंदा मिला। खाना एवं अपशिष्ट पदार्थ नजदीक के पार्कों एवं और अन्य जगह फेंके मिले। परियोजना अभियंता ने बताया कि बड़े कूड़ा उत्पादकों के नियमों का पालन नहीं करने पर किचन ब्लिंक कामर्स प्राइवेट लिमिटेड पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त नोएडा। प्राधिकरण ने सेक्टर-76 आम्रपाली प्रिंसले मार्केट में प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने के लिए अभियान चलाया। यहां पर मैसर्स कोल्ड रॉक कैफे से 150 और मैसर्स अल नवाब बिरयानी से 60 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त की गई। इसके बाद सेक्टर-42 स्थित आर क्यूब मोनॉड मॉल का निरीक्षण किया गया। इस मॉल में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल होता मिला। यहां से 80 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त की गई। निरीक्षण के दौरान मैसर्स गाइडेड फारच्यून समिति के विशेषज्ञ अभिज्ञानम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कार में आग लगने से पेंट व्यवसायी की जिंदा जलकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सोरखा गांव के पास एफएनजी सर्विस रोड सोमवार रात को कार में आग लग गई। कर सवार पेंट व्यवसायी की जलकर मौत हो गई। वहीं, अग्निशमन टीम ने एक गाड़ी की मदद से आग को बुझाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवा दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है कि खड़ी कार में आग लगी या चलती कार में। हादसा कार के अंदर रखे ज्वलनशील पदार्थ आदि से होने की संभावना भी जताई जा रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर भी जांच कर रही है। नोएडा सेक्टर-119 आम्रपाली प्लेटिनम सोसायटी के रहने वाले राजकुमार सिंघल परिवार संग रहते थे। वह ग्रेटर नोएडा के युसुफपुर गांव में पेंट बेचने का व्यवसाय करते थे। वह सोमवार देर रात को अपनी कार में सवार होकर पर्थला चौक की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक अज्ञात कारण से उनकी कार में आग लग गई।

इस घटना में वह कार से बाहर नहीं निकला पाए और जलकर उनकी मौत हो गई। राहगीरों ने कार में आग लगती देख अग्निशमन और पुलिस को सूचना दी। एक गाड़ी की मदद से आग को पूरी तरह से बुझाया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल गई।

**फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य:** सेक्टर-113 थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि कार से राजकुमार का शव मिला, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि मृतक की कार में पेट या ज्वलनशील पदार्थ थिनर रखा था। जिसकी वजह से आग ने तेजी पकड़ ली। देखते ही देखते कार जलकर खाक हो गई।

## अधिवक्ता ने कंपनी निदेशक पर लगाया धोखाधड़ी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र की एक सोसाइटी में रहने वाले अधिवक्ता ने एक कंपनी के निदेशक पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने उसकी फीस के रुपये हड़प लिए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कंपनी निदेशक, उनके पिता समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मूलरूप से बुलंदशहर के रहने वाले अधिवक्ता शशांक हरित पैरामाउंट सोसाइटी में रहते हैं। अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि एक कंपनी के निदेशक मुकुल हरित ने उन्हें अपनी कंपनी में बतौर लीगल एडवाइजर रखा था। उन्होंने कंपनी का लीगल काम किया और उनकी फीस का बिल बनाकर कंपनी निदेशक को दिया।

इसके बाद निदेशक ने फीस के रुपये देने से मना कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी निदेशक ने उनके 3.75 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने अपने रुपये की मांग की तो आरोपी निदेशक उनके पिता और एक अन्य व्यक्ति ने उन्हें धमकाया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कोरियाई कंपनी की मशीनें हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कोरियाई कंपनी प्रबंधन ने एक अन्य अपनी पर करोड़ों रुपये की मशीनें हड़पने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ फेज-2 थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दक्षिण कोरिया के रहने वाले ओह यंग किम ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया कि वह सेक्टर-150 स्थित एटीएस ली ग्रांड सोसाइटी में रहते हैं। वह कई वर्षों से भारत में रहकर कामटेक कंपोनेंट नाम से कंपनी चलाते हैं और उसके निदेशक हैं। उन्होंने वर्ष 2021 में हानिन टेक इंडिया कंपनी से मोबाइल उपकरण बनाने का पांच साल का करार किया था। इसके लिए करोड़ों रुपये की मशीन खरीदकर देनी थी। मशीन लगवाने के लिए सिलिकॉन एक्सपोर्ट ट्रेड कंपनी के मालिक धीरज भाटिया से हानिन टेक इंडिया प्रबंधन से करार किया था। दोनों के बीच सेक्टर-83 स्थित भूखंड के तीन तल पर मशीन लगवाई गई थीं। इसके एवज में 7.35 लाख रुपये किराया देने थे। मशीन लगने के बाद कुछ समय तो हानिन टेक कंपनी प्रबंधन ने काम किया, लेकिन पिछले दिनों सिलिकान और हानिन कंपनी प्रबंधन के बीच करार भंग हो गया। आरोप है कि मशीन लेने जाने पर कंपनी स्टाफ से धीरज और चार साथियों ने मारपीट की। धीरज भाटिया मशीन नहीं लौटा रहा। भूखंड में बिना चले मशीन खराब होने के कगार पर हैं। पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर धीरज समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 50 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर पुलिस ने जमीन धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को मंगलवार को पकड़ा गया और कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 7 मई 2024 को दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने जेवर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि अभियुक्तों ने फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड तैयार कर शिकायतकर्ता के नाम पर किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा किया।

इसके बाद, अभियुक्तों ने खुद को जमीन का मालिक दर्शाते हुए गौतमबुद्धनगर के जेवर तहसील के ग्राम अमरपुर पालका स्थित भूमि का धोखाधड़ी से बैनामा करा लिया। इस मामले में जेवर थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।




जांच के दौरान, अलवर (राजस्थान) के खैरथल-तिजारा जिले के टपूकड़ा थाना क्षेत्र निवासी गुरदीप सिंह का नाम सामने आया। पुलिस जांच में पता चला कि गुरदीप सिंह इस पूरे फर्जीवाड़े का मुख्य आरोपी है, जिसने जमीन की बिक्री के बाद अपने और अन्य खातों से तुरंत धनराशि निकाल ली थी।

घटना के बाद से ही गुरदीप सिंह फरार चल रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट और बीएनएसएस की धारा 84/85 के तहत कार्रवाई के आदेश जारी किए गए थे। गौतमबुद्धनगर के अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था।

पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर मंगलवार को जेवर के टप्पल रोड स्थित कैलाश अस्पताल के पास से गुरदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुलिस अब उससे पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और इस फर्जीवाड़े से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# हिंडन नदी अनियंत्रित होकर पलटी कार, दो की मौत

## मेरठ में दबिश देकर लौटते समय हिंडन नदी के पास हुआ हादसा, कॉन्स्टेबल सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक स्विफ्ट कार फिसलते हुए बालैनी पुल से हिंडन नदी में गिर गई। हादसे में एक हेड कॉन्स्टेबल समेत दो लोगों की मौत हो गई। दोनों ही मेरठ में दबिश देकर लौट रहे थे, जबकि एक कॉन्स्टेबल सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मंगलवार तड़के करीब चार बजे जब घायल गुड्डू होश में आया तो उसने पुलिस व अपने परिजनों को हादसे की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कार हिंडन नदी में एक किनारे पर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त मिली। पुलिस ने कार से लोगों को निकालकर अस्पताल भिजवाया। वहीं शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सिंघावली अहीर थाना के हेड कॉन्स्टेबल राहुल कुमार 35वर्षीय निवासी बुलंदशहर और कॉन्स्टेबल कौशल शर्मा 30वर्षीय निवासी अलीगढ़, ग्राम बसौद के रहने वाले अजरुद्दीन, गुड्डू और तैय्यब के साथ मेरठ में दबिश देकर कार से लौट रहे थे। मेरठ-बागपत-सोनीपत हाईवे पर बालैनी पुल के पास कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और पुल से फिसलते हुए सीधे हिंडन नदी में जा गिरी। मंगलवार तड़के करीब चार बजे घायल गुड्डू के होश में आने पर हादसे की सूचना पुलिस और परिजनों को मिली। बालैनी और सिंघावली अहीर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

क्षतिग्रस्त कार से सभी को निकालकर नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने राहुल कुमार और अजरुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। घायल कौशल शर्मा, गुड्डू और तैय्यब को मेरठ रेफर किया गया। गाड़ी में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें दो पुलिसकर्मी और बसौद के रहने वाले तीन लोग शामिल थे। सभी मेरठ से लौट रहे थे। बलौनी के पास नए और पुराने पुल के बीच कार अनियंत्रित होकर



मृतक का फाइल फोटो

नीचे गिर गई। हादसे में घायल गुड्डू को जब होश आया, तब उसने घर पर फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद लोगों को हादसे का पता चला। बालैनी निवासी मनोज ने बताया कि हिंडन नदी के पास बहुत ही तीखा मोड है। आए दिन यहां पर हादसे होते रहते हैं। हिंडन नदी के पुल से तकरीबन 50 मीटर नीचे कार कई बार पलटे खाने के बाद नदी में गिरी है। मेरठ की ओर से



मृतक का फाइल फोटो

आने पर कुछ सामने नहीं दिखाई देता नहीं कोई डिवाइडर है। सूचना पर एसपी सूरज कुमार राय भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बालैनी थाना प्रभारी शिवदत्त ने बताया कि मेरठ से दबिश देकर लौटते समय कार अनियंत्रित होकर हिंडन नदी में गिरी, जिसमें हेड कांस्टेबल समेत दो लोगों की मौत हुई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।





# थानें मे दोनो पक्षों में रजामंदी से एक दूसरे से हुए अलग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव के एक युवक नें शादी के बाद जेवरात और नगदी लेकर फरार होने का आरोप लगाया था। वही दुल्हन ने भी वीडियो बना आरोपो को निराधर बताया था। दोनों पक्ष थानें पहुंचे जहा दोनों पक्षों के बीच समझोता हो गया है। ललियाना निवासी सन्नी पुत्र यशवीर की शादी 23 अक्टूबर को किरन निवासी मजनू का टीला दिल्ली मे हुई थी। एक सप्ताह बाद दुल्हन किरन को उसके परिजन ललियाना आये और अपने साथ ले गये थे जिसके बाद नवम्बर में दुल्हा सन्नी दुल्हन लेने मजनू के टीला पहुंचा तो दुल्हन वहा नही मिली थी तब उसने गांव के लोगो को बुलाया। वही उसने एक वीडियो वायरल करते हुए बताया था की गांव के ही राजू पुत्र हरपाल ने दो लाख रूपये लेकर उसकी शादी करायच थी और दुल्हन जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गयी है जिसके बाद 15 दिसम्बर को दुल्हन किरन ने वीडियो बना वायरल करते हुए बताया कि वह कोई जेवरात नगदी नही ले गयी थी बल्कि उससे बेकने का प्रयास चल रहा था। भंनक लगने पर उसने अपने परिजनों को बुला उनके साथ चली गयी। 16 दिसम्बर को दोनो पक्ष थानें पहुंचे जहा जमकर ड्रामा हुआ। वही दोनो पक्षों ने एक दूसरे का समान लोटाने और दोनो पति पत्नी अपनी मर्जी से अलग होने का लिखित फैसला किया गया, जिसके बाद दोनो पक्षों के बीच समझोता करा दिया गया।

# कश्यप ने लिया 25 दिसंबर को तालाब के अंदर जल समाधि लेने का निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बड़का गांव निवासी आनंद कश्यप ने गांव में तालाब की सफाई नहीं होने पर 25 दिसंबर को तालाब के अंदर पहुंचकर जल समाधि लेने का निर्णय लिया है। एक वीडियो जारी करते हुए आनंद कश्यप ने कहा कि जनपद बागपत के बड़का गांव में काफी लंबे समय से तालाब की सफाई नहीं हो पा रही है। कई बार शासन प्रशासन को भी लिखा जा चुका है। मगर आज तक इस पर कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। 25 दिसंबर से पूर्व अगर तालाब की सफाई नहीं की गई तो मैं जल समाधि ले लूंगा। उन्होंने आज शासन प्रशासन को भी अवगत करा दिया है। जल समाधि को लेकर पुलिस प्रशासन में भी हड़कम मच गया है। अब आने वाला वक्त बताएगा इस मुद्दे पर कितना अमल होता है। आनंद कश्यप द्वारा बडौत एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा गया है। आनंद कश्यप ने बताया कि तालाब में दलदल है। इसमें एक बार कूदने के बाद व्यक्ति की मृत्यु जरूरी है। पानी से भरा



तालाब कूड़े कचरे से भी अटा हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं अपने निर्णय पर कायम रहूंगा।

# सत्यार्थ प्रकाश परीक्षा में लाक्षागृह गुरुकुल के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** बरनावा के लाक्षागृह स्थित महानंद संस्कृत विद्यालय गुरुकुल के विद्यार्थियों ने हरियाणा के सोनीपत गुरुकुल में हुई सत्यार्थ प्रकाश ज्ञान परीक्षा में प्रतिभा दिखाई। वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग में चार पुरस्कार अपने नाम किए। विजेता विद्यार्थियों को आचार्यों ने पुरस्कृत किया।

हरियाणा के सोनीपत शहर स्थित आर्योदय गुरुकुल में 14 से 15 दिसंबर तक दो दिवसीय संस्कृत सम्मेलन व सत्यार्थ प्रकाश ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ, जिसमें बरनावा लाक्षागृह गुरुकुल के 33 विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में प्रतिबद्ध किया। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में कक्षा नौ के अविचल आर्य प्रथम रहे। कनिष्ठ वर्ग में प्रथमा तृतीय खंड के विद्यार्थी आदित्य यादव प्रथम, इसी कक्षा के निखिल प्रजापति द्वितीय तथा कक्षा आठ के ऋतिक राठी तृतीय रहे। जबकि वंश सिरोही, प्रियांशु व आयुष्मान धीमान सांत्वना पुरस्कार के लिए चुने गए। आयोजकों ने विजेता विद्यार्थियों को नकद धनराशि व उपहार देकर पुरस्कृत किया। उधर गुरुकुल में विजेता विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य योगाचार्य अरविंद शास्त्री व राहुल शास्त्री ने स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।



## एक नजर

# 80 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, सभासदों ने हाथों से उखाड़ी सड़क



**बागपत।** नगर पालिका बागपत द्वारा 80 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री लगाने का आरोप। सभासदों ने हाथों से सड़क उखाड़ी। नगर पालिका बागपत के सभासद संजय रूहेला के मुताबिक नगर पालिका बागपत द्वारा पक्का घाट से देकर सराफा बाजार तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने 80 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हंगामा किया। साथ ही सभासदों ने हाथों से सड़क उखाड़ी। उन्होंने ठेका निरस्त कर सड़क का दोबारा निर्माण तथा डीएम से मामले की जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है। वहीं नगर पालिका बागपत के सभासदों द्वारा सड़क को उखड़ते का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

# रालोद नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर तैयारियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** किशनपुर बराल में 18 दिसंबर को आयोजित होने वाले भारत रत्न चौधरी चरण सिंह किसान सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां लगभग पूरी होने वाली है। आज रालोद जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर छपरौली विधायक डा.अजय कुमार पूर्व विधायक वीरपाल राठी सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकुमार चैयरमेन, मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर भाटी, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, युवा जिला अध्यक्ष राहुल धामा, पुर्व जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह तेवतिया, राजीव मान, योगेंद्र सिंह तालियान, सत्यव्रत आर्य सहकारी चीनी मिल रमाला के उपसभापति जयदेव सिंह आदि ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में किसानों और क्षेत्रवासियों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए



व्यापक स्तर पर व्यवस्था की जा रही है। 30बीघा भूमि खाली कर कार्यक्रम स्थल को सुव्यवस्थित रूप दिया जा रहा है, ताकि मंच, पंडाल और बैठने की व्यवस्था सुचारु रूप से की जा सके। जयदेव सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए बैठने हेतु कुर्सियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस भाव किसान सम्मान समारोह में मुख्य आकर्षण का केंद्र कार्यक्रम स्थल पर लगाए जाने वाले स्टॉल होंगे इंस्टॉल के माध्यम से बागपत जनपद के एफपीओ से जुड़े किसान अपने एफपीओ द्वारा तैयार किए गए प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगायेंगे। का मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच रहे गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत बागपत जनपद के किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक करेंगे। 18 दिसंबर का यह कार्यक्रम इतना विशाल एवं भव्य जनपद के किसानों के सहयोग से होने जा रहा है, जिसका संदेश बागपत से लेकर गुजरात और महाराष्ट्र तक पहुंचेगा।

# भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा का कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन दाद. ूबलराम संस्कृत महाविद्यालय, ग्वाली खेड़ा में कथित अनियमित. ताओं और वित्तीय गबन के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर किया गया। संगठन ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने कलेक्ट्रेट प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य साधुराम स्वामी ने छात्रों से पैसे लेकर फर्जी डिग्रियां बांटीं, जिससे उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। इसके अतिरिक्त महिला छात्रावास के लिए यूजीसी के एनआरसीबी अनुभाग से प्राप्त 15 लाख रुपए के कथित गबन का भी आरोप है। संगठन ने ज्ञापन में साधुराम स्वामी को आपराधिक छवि का व्यक्ति बताया और आरोप लगाया कि वह अपनी दबंगई से लोगों को धमकाते हैं। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने बताया कि कलेक्ट्रेट प्रभारी ने मामले में कार्रवाई के लिए सात दिन का समय दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन बागपत कलेक्ट्रेट पर दोबारा धरना प्रदर्शन करेगा।

# गन्ने से लदे ट्रक ने बकरियों को कुचला, चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चमरावल पिलाना मार्ग पर एक गन्ने से लदे ट्रक ने बकरियों को कुचल दिया जिसमे चार बकरिया घायल हो गयी। पशुपालक ने ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी है। चमरावल निवासी मनीष पुत्र बिरजू ने बताया कि वह अपनी बकरियों को चारा खिलाने खेतो मे जा रहा था तभी चमनलाल पिलाना मार्ग पर एक तेज गति गन्ने से लदे ट्रक ने चार बकरियों को कुचल घायल कर दिया वही। उसकी बहन तन्नू बाल बाल बची पीड़ित नें थानें में तहरीर दी है।

# दो पक्षों मे मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पुरनपुर नवादा गांव में रास्ते मे बाईक को खड़ा करने को लेकर दो पक्षों मे मारपीट हो गयी। दोनो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाक तहरीर दी है। पुरनपुर नवादा निवासी कुलदीप पुत्र प्रेम शर्मा व सुनील पुत्र प्रवेश के बीच रास्ते में बाईक को खड़ा करने को लेकर मारपीट हो गयी जिसमें एक पक्ष से कुलदीप, संदीप और दूसरे पक्ष से सुनील, प्रवेश के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है।

# खुले में रखे ट्रांसफार्मरों को लेकर डीएम गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सड़कों के किनारे खुले में रखे विद्युत ट्रांसफार्मरों को लेकर गंभीरता दिखाते हुए जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी ट्रांसफार्मरों के चारों ओर अनिवार्य रूप से बैरिकेडिंग की जाए, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि बैरिकेडिंग केवल सुरक्षा की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आकर्षक, सुंदर एवं शासन की थीम व विजन को प्रदर्शित करने वाली हो। इसी क्रम में जनपद की विभिन्न नगर पालिका क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारियों द्वारा ट्रांसफार्मरों के चारों ओर सीएनसी मशीन से निर्मित आकर्षक फेंसिंग लगाए जाने का कार्य कराया गया। इन फेंसिंग कार्यों से न केवल आवागमन में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है, बल्कि सड़कों की सुंदरता में भी वृद्धि हुई है। ट्रांसफार्मरों की इस नवीन एवं आकर्षक बैरिकेडिंग को देखकर राहगीर भी आश्चर्यचकित नजर आए और इसकी सराहना करते दिखे। इसी क्रम में आज अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बागपत के के भड़ाना ने बताया कि ट्रांसफार्मर बैरिकेडिंग सौंहदर्य का कार्य कोर्ट रोड, ईद गाह, सोनीपत रॉड सहित प्रमुख स्थलों पर अभी लगाए गए है। ईओ वीराज त्रिपाठी, मनोज रस्तोगी, हरी लाल पटेल द्वारा भी अपने नगरीय क्षेत्र में ट्रांसफार्मरों की आकर्षक एवं सुरक्षित फेंसिंग कराए जाने का कार्य पूर्ण किया गया है और यह कार्य आगे भी जारी रहेगा जो अभी अपूर्ण रह गए हैं उन पर भी कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी की यह पहल जनसुरक्षा के साथ-साथ नगर के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



# जनपद में स्कूल वाहनों के खिलाफ सघन अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग द्वारा स्कूल वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज क्रिस्तु ज्योति स्कूल छपरौली, एवरग्रीन पब्लिक स्कूल ढिकाना, आईपीएस तथा देवकृष्णा पब्लिक स्कूल खेकड़ा के वाहन बिना वैध प्रपत्रों के संचालित पाए गए। ऐसे वाहनों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में निरुद्ध किया गया।

कार्रवाई के दौरान सभी स्कूली बच्चों को पूर्णत: सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाया गया। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। आज आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जनपद में कोई भी वाहन बिना वैध प्रपत्रों के अथवा स्कूल वाहन के निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित नहीं होना चाहिए। निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक अभियान के तहत 27 पंजीकृत स्कूल वाहनों तथा 72 अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों, जो स्कूली बच्चों का परिवहन कर रहे थे, के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इस दौरान 12.54 लाख का जुर्माना तथा 68.68 हजार कर की वसूली की गई है। प्रशासन अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन से अपील है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल मानक अनुरूप एवं वैध प्रपत्रें वाले वाहनों का ही संचालन सुनिश्चित करें।



# 565 नेत्र रोगियों ने कराया नेत्र शिविर में पंजीकरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** श्याम स्टील मैन्युफैक्चरिग लि0, कोलकाता के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा नेत्र रोगियों की सेवार्थ निःशुल्क नेत्र जॉच एवं परामर्श शिविर का आयोजन 15 से 25 दिसम्बर तक श्रीजी बाबा आश्रम, भूतेश्वर रोड, मथुरा में आयोजित किया जा रहा है। ऑपरेशन हेतु भर्ती 24 दिसम्बर तक प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से की जा रही हैं। निःशुल्क नेत्र जाँच चिकित्सा शिविर के प्रथम व द्वितीय दिन दूर–दराज अंचलों से आये 565 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण कराकर नेत्र परीक्षण कराया जिसमें से मोतियाबिन्द ऑपरेषन 347 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन हेतु भर्ती किया गया है भर्ती किये गये नेत्र रोगियों के नेत्र ऑपरेषन कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा पर जा रहे हैं। शिविर में ऑपरेशन के योग्य पाये गये नेत्र रोगियों को पलंग, बिस्तर, दवा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रूप से की गई हैं।

# फिल्म अभिनेता अली खान का आत्मीय स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में फिल्म अभिनेता अली खान नगर में वरिष्ठ समाजसेवी रालोद नेता इरफान मलिक के आवास पर पहुंचे वहां उनका फूलों की मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर बॉलीवुड की चर्चित फिल्मो खुदा गवाह वह गदर 2 में अपनी पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता अली खान ने कहा कि जनपद बागपत सामाजिक सौहार्द की परंपरा का जनपद है यहां हमेशा हिंदू मुस्लिम भाईचारा एकता की मिसाल कम रखता है। उन्होंने कहा कि बागपत जनपद एक ऐसा ऐतिहासिक जनपद है जहां हिंदू मुस्लिम अपनी एकता की मिसाल कायम रखते हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की वरिष्ठ समाजसेवी रालोद नेता इरफान मलिक ने कहा कि अली खान मुंबई से चलकर बडोत धर्म नगरी में आए हैं यहां से वह हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल को लेकर मुंबई तक भाईचारे की एकता को जोड़ने का काम करेंगे।



# 6 अवैध बाउंड्री वॉल व 2 अवैध रूप से निर्मित मकानों पर चलाया बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे निर्माण एवं अवैध कॉलोनी विकास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है।

स्थानीय स्तर पर कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के प्लाटिंग एवं कॉलोनी निर्माण कराया जा रहा है, जिससे राज्य सरकार को निरंतर राजस्व क्षति हो रही है तथा अल्प सुविधाओं के साथ अव्यवस्थित बसावट विकसित हो रही है। इसके परिणामस्वरूप भविष्य में पेयजल, अशुद्ध जल निकासी एवं मार्गों से संबंधित गंभीर समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका है। प्रकरण में यह भी संज्ञान में आया है कि रणवीर की भूमि पर कॉलोनाइजर नजाकत द्वारा



सहमति के नाम पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी, तथा 10 रुपये के स्टांप पेपर पर धनराशि लेकर जमीन का लेनदेन किया जा रहा था। इस प्रकार का कृत्य पूर्णत: अवैध है और विकास प्राधिकरण के नियमों के साथ-साथ विधिक प्रावधानों का भी उल्लंघन है। उक्त अवैध गतिविधि को अंजाम देने वाले कॉलोनाइजर नजाकत को भी कार्रवाई की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में उपजिलाधिकारी बागपत अमरचंद वर्मा द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 6 अवैध बाउंड्री वॉल एवं 2 अवैध रूप से निर्मित मकानों को ध्वस्त कराया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में कोई भी कॉलोनी बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति प्राप्त किए बिना विकसित नहीं की जाएगी। जो भी कॉलोनाइजर अवैध रूप से प्लाटिंग अथवा कटिंग कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य एवं बिल्डरों से अपील की गई है कि जनपद को सुव्यवस्थित, सुंदर एवं सुविधायुक्त शहर के रूप में विक. सित करने हेतु विकास प्राधिकरण के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, जिससे एक सुनियोजित और सुरक्षित शहरी विकास संभव हो सके।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रिजवान व पुत्रवधू नगमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

नाजमा पत्नि ताहिर निवासी ग्राम कुर्डी थाना छपरौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0646811 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0535243 तथा बी.ए. फाईनल वर्ष 2019 अनुक्रमांक PA180003032329 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गए है।

रविकुमार पुत्र लालचन्द सिंह निवासी ग्राम लुम्ब तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

# अंडरपास में फंसा गन्ने से भरा ट्रॉला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के ऊन मार्ग पर बने अंडरपास में गन्ने से भरा ट्रैक्टर ट्राला फस गया जिससे घंटो मार्ग बाधित रहा। मामले को लेकर ग्रामीणों ने आरटीओ से ओवरलोडिंग को लेकर कार्रवाई की मांग की।

क्षेत्र में ओवरलोड गन्ने से लदे ट्रैक्टर ट्राली व ट्रकों का आतंक के चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। परंतु इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मंगलवार को थाना भवन के ऊन मार्ग पर स्थित खानपुर अंडर पास में गन्ने से लदा एक ट्रैक्टर ट्रेला फस गया जिसके चलते मार्ग लगभग 2 घंटे तक जाम रहा। जाम के चलते ग्रामीणों को अन्य मार्ग से होकर कई किलोमीटर लंबे रास्ते से होकर गुजरना पड़ा।

लगभग 2 घंटे बाद अन्य ट्रैक्टर को बुलाकर ट्रैक्टर ट्राली को खींचकर बाहर निकल गया। ग्रामीण नरेश , मेनपाल , रमेश, शमशाद आदि का कहना था कि क्षेत्र के गांव खेड़ा कदाई, खानपुर, मंटी, हसनपुर, पलठेडी आदि पर लगे गन्ना सेंट्रो से बजाज शुगर मिल को ट्रैक्टर ट्राली व ट्रक में गन्ना भरकर लाए जाते हैं। जो भाड़ा बचाने के चक्कर में ओवरलोड भरकर ले जाते हैं। आए दिन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली व ट्रक रास्ते से गुजरते हैं। ट्रैक्टर ट्रेलो में बहुत ऊंचाई तक गन्ने को भरकर लाया जा रहा है जिसके चलते यह ट्रैक्टर ट्राली अंडरपास के लेटर में आकर फस जाते हैं।

ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली व ट्रक से कई दुर्घटनाएं भी हो रही है। गत दो दिन पूर्व भी ओवरलोड ट्रक की चपेट में आकर गांव रसीदगढ़ में बिजली के तार व खंबे टूट गए थे जिसमें तारों के ट्रैक्टर पर गिर जाने से करंट दौड़ गया था ट्रैक्टर चालक ने कूद कर जान बचाई थी, जबकि बाइक सवार एक युवक की कुछ दिनों पूर्व ही ओवरलोड ट्रक की चपेट में आकर मौत हो गई थी। इस प्रकार की कई घटनाएं क्षेत्र में ओवरलोडिंग के चलते हो चुकी है जबकि एआरटीओ द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मामले को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत भी की जा चुकी है ग्रामीणों ने ओवरलोडिंग को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से लें: सीडीओ



किसान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिक. ारी शामली विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित किसान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास ने बारी-2 से किसानों की समस्याओं को सुनते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को प्राप्त समस्याओं का समय से समाधान किया जाने के कड़े निर्देश दिए। सीडीओ ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक शामली द्वारा किसानो को पूर्व किसान दिवस में प्राप्त किसानो की समस्या के समाधान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।आयोजित किसान दिवस में किसानों द्वारा मुख्य रूप से विद्युत विभाग, गन्ना विभाग, पशुपालन विभाग, प्रदूषण विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण,नलकूप विभाग, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायतें बताई गई जिनके निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। आयोजित किसान दिवस में प्रमोद कुमार उप कृषि निदेशक शामली प्रदीप कुमार यादव जिला कृषि अधिकारी, आरद्द एसद्द कुशवाहा, जिला गन्ना अधिक. ारी, शामली,तथा सभी विभागो के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कृषक उपस्थित रहें।

## विभिन्न विषयों में छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में मंगलवार को लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित शैक्षिक प्रतियोगिताओं का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा एक से चार तक के 77 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कंप्यूटर, सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषयों की परीक्षाएं दीं। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी भाषा दक्षता, शब्द ज्ञान, पठन एवं समझ क्षमता का सराहनीय प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की ओलंपियाड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भाषा कौशल के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी सु.ढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, विद्यालय की मैनेजर छाया सिंह एवं चेयरमैन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रहे।

# एसडीएस के छात्रों का चोखी ढाणी में शैक्षणिक भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एसडीएस स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक एवं सांस्कृतिक विकास को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को राजस्थान के प्रसिद्ध सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थल चोखी ढाणी ले जाया गया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया।

इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं ग्रामीण जीवनशैली से परिचित कराना था। चोखी ढाणी में विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोक संस्कृति की जीवंत झलक देखी। वहां आयोजित पारंपरिक लोक नृत्य, लोक संगीत, कठपुतली नृत्य, जादू कार्यक्रम एवं पारंपरिक खेलों ने विद्यार्थियों को अत्यंत आकर्षित किया।

विद्यार्थियों ने ऊंट सवारी, बैलगाडी भ्रमण तथा पारंपरिक हस्तशिल्प को नजदीक से देखा और समझा। साथ ही उन्हें राजस्थान के प्रसिद्ध पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर भी प्राप्त हुआ, जिससे वे राज्य की खानपान संस्कृति से भलीभांति परिचित हुए। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की देखरेख में भ्रमण संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधक पाल आर्य ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढाने के साथ-साथ उनके अनुभव और व्यवहारिक ज्ञान में भी वृद्धि करते हैं।

भ्रमण पर प्रधानाचार्य सतीश भटनागर, स्कूल प्रबंधक पाल आर्य, चेयरमैन डा लोकेश तोमर, प्रदीप शर्मा, आकाश तोमर, भुजवीर, मोर्ि. हत गर्ग, आदित्य शर्मा, विनय, चेतना, पूनम मालिक, सीमा, हिमांशी मलिक आदि रहे।

## एक नजर

### वाहनों की नीलामी 23 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थानाध्यक्ष थाना बाबरी राहुल कुमार सिसौदिया ने अवगत कराया की थाना हाजा पर दाखिल माल मुकदमाती के 06 वाहनों की नीलामी कराई जानी है। जिसके परिपेक्ष मे मान जिलाधिकारी महोदय जनपद शामली द्वारा टीम गठित की गई है। जिसमे मान उपद्द जिला मजिस्ट्रेट सदर महोदय व मान क्षेत्राधिकारी थानाभवन महोदय एद्दआरद्दटीद्दओ महोदय शामली व समबन्धित अभियोजन अधिकारी महोदय को टीम का सदस्य नियुक्त किया गया है। जिसमे मान उपद्द जिला मजिस्ट्रेट सदर महोदय को टीम का मुख्य सदस्य नियुक्त किया गया है। जिनके दुवारा वाहनो की नीलामी कराए जाने हेतू दिनांक 23.12.2025 नियत की गई है।

### भारत स्काउट गाइड का कार्यक्रम संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत स्काउट, गाइड उत्तर प्रदेश जनपद शामली के तत्वावधान में कन्या कल्याण गुरुकुल शिक्षण संस्थान, भैसवाल में आयोजित गाइड कैंप के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या कुमुद राठौर द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। शिविर की संचालिका गीता रानी ने छात्राओं को स्वस्थ जीवन के महत्व को बताते हुए बीपी सिक्स अभ्यास एवं योग कराया। इसके बाद प्रशिक्षण सत्र में छात्राओं को विषम परिस्थितियों में साहस और संयम से कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान गायत्री देवी एवं गीता रानी ने छात्राओं को घायलों को प्राथमिक उपचार देना, पट्टियां बांधना, स्ट्रेचर बनाना, विभिन्न प्रकार की गांठें लगाना, तंबू बनाना तथा बिना बर्तन के भोजन तैयार करने जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों का अभ्यास कराया। छात्राओं ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर सविता, मीनू, प्रतिभा, शिवानी मौजूद रहे।

### परिषदीय विद्यालयों के समय परिवर्तन को लेकर संगठन ने बीएसए से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मंगलवार को शिक्षक संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने आदरणीया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिष्टाचार भेंट कर परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन किए जाने के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। संगठन की ओर से विद्यालयों के संचालन समय को लेकर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराते हुए समय परिवर्तन की मांग प्रमुखता से रखी गई। इस अवसर पर आदरणीया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदया ने संगठन की मांग को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि उक्त विषय को शीघ्र ही जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया जाएगा, ताकि जनहित और शिक्षा हित में उचित निर्णय लिया जा सके। बैठक के दौरान शिक्षकों की लंबे समय से लंबित प्रोन्नत वेतनमान की मांग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस संबंध में बीएसए महोदया ने जानकारी दी कि सभी पात्र शिक्षकों की पत्रावलियां तैयार कर ली गई हैं तथा नियमानुसार आगामी जनवरी माह के वेतन के साथ पात्र शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान का लाभ निश्चित रूप से प्रदान किया जाएगा। इस आश्वासन से शिक्षकों में संतोष और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। इसके अतिरिक्त संगठन द्वारा उठाई गई कुछ अन्य समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जिससे शिक्षकों को बड़ी राहत मिली। मुलाकात के दौरान पुष्पेन्द्र गोस्वामी, भूपेन्द्र तोमर एवं कुलदीप कुमार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में संगठन की ओर से शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर संघर्ष का संकल्प दोहराते हुए नारा दिया गया।

### डॉ. हिमानी अग्रवाल आज सुनेंगी महिलाओं की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डॉ0 हिमानी अग्रवाल की अध्यक्षता में 17.12.2025 को दोपहर 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, बनत, शामली में महिला जनसुनवाई का आयोजन होगा। महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में जनपद शामली की कोई भी पीड़ित महिला या महिला की ओर से अन्य कोई व्यक्ति उपस्थित होकर अपनी समस्या के समाधान हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर समस्या का निराकरण करा सकता है। महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में पीड़ित महिलाओं की समस्याओं के निराकरण हेतु पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहेगें।उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षाध्महिला जनसुनवाईध्निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर वेस्ट यूपी बंद आज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित किए जाने की मांग के समर्थन में केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को संपूर्ण बंद का आयोजन किया जा रहा है। बंद को सफल बनाने के लिए अधिवक्ताओं ने नगर के व्यापारियों से सहयोग की अपील की है।

मंगलवार को जनपद न्यायालय परिसर स्थित बार भवन में जनपद बार एसोसिएशन कैराना और पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रस्तावित बंद को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि वेस्ट यूपी की जनता वर्षों से हाईकोर्ट बेंच की मांग कर रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आंदोलन को मजबूती देने की अपील की। इस पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बंद को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। बैठक में बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ, महासचिव राजकुमार चौहान, कोषाध्यक्ष रिजवान अली एडवोकेट, शगुन मित्तल एडवोकेट, शक्ति सिंघल एडवोकेट सहित अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं व्यापार मंडल की ओर से अध्यक्ष प्रदीप गोयल, महामंत्री संदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय राजवंशी, फैजान अहमद आदि शामिल रहे।

# कनेक्शन स्वीकृत, लाइन अब तक नहीं जुड़ी, सालों से जंग खा रहा लाखों का बिजली का सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के गांव जसाला में निजी नलकूप के लिए स्वीकृत विद्युत कनेक्शन ढाई वर्ष बीतने के बाद भी संयोजित नहीं किया जा सका है। पीड़ित किसान ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर समस्या के निस्तारण की मांग की है।किसान सुरेशपाल पुत्र मामराज ने बताया की उसने नो जून 2023 को नाम विद्युत कनेक्शन स्वीकृत हुआ था। पीड़ित किसान का आरोप है कि श्रम्वै क्ऋ स्तर से सभी तकनीकी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गईं, इसके बावजूद आज तक लाइन नहीं जोड़ी गई।मौके पर ट्रांसफार्मर, तार, इंसुलेटर सहित लाखों रूपए का विद्युत सामान पिछले 2।5 वर्षों से खुले में पड़ा हुआ है, जो मौसम की मार झेलते हुए जंग खाकर बेकार होता जा रहा है। लाइन संयोजन न होने के कारण किसान का कृषि कार्य पूरी तरह प्रभावित हुआ है। किसान के अनुसार, अब तक उसे करीब 4।40 लाख की आर्थिक क्षति उठानी पड़ चुकी है।समस्या के समाधान के लिए किसान ने प्ळैत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन विभागीय स्तर से केवल आश्वासन ही दिए गए, कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।पीड़ित किसान ने अधिशासी अभियंता खंड-2, शामली पर जानबूझकर प्रकरण को लंबित रखने तथा मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर किसान ने प्रबंध निदेशक, पीव. ीवीएनएल मेरठ से उच्चस्तरीय जांच कराने और तत्काल विद्युत लाइन संयोजन कराने की मांग की है।



# पुण्यतिथि पर कैप्टन मदनपाल चौहान का स्मरण







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत-पाकिस्तान के युद्ध 1971 में शहीद हुए शहीद कैप्टन मदनपाल चौहान की पुण्यतिथि विजय दिवस के रूप में जिलेभर में मनाई गई। इस दौरान विभिन्न सामाजिक व शिक्षण संस्थाओं में शहीदों के लिए हवन पूजन, विचार गोष्ठी का आयोजन कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का भी आहवान किया गया।

मंगलवार को शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में शहीद कैप्टन मदनपाल चौहान की चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अस्पताल के डायरेक्टर कुशांक चौहान ने कहा कि जिले के जसाला गांव के कैप्टन मदनपाल सिंह चौहान 27 वर्ष की अवस्था में शकर गढ़ मोर्च पर पाकिस्तान के 40 टैंक तबाह कर दिए थे। दुश्मनों से मुकाबले की हिम्मत दिखाई, तो पाकिस्तानी सेना के चार टैंकों और विमान भेदी तोपों से खुद को बचा नहीं सके। दुश्मन के हमले में विमान की खिड़की के सामने से गोली लगने के कारण 16 दिसंबर 1971 को शहीद होकर वीरगति को प्राप्त हुए। इस अवसर पर डा। अक्षय, डा। मुरली, डा। नदीम, विपिन, अजय, डा। शबनम, डा। गुंजन, राहुल, सुरेन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गांव जसाला स्थित शहीद कैप्टन मदनपाल चौहान जूनियर हाईस्कूल में कैप्टन मदनपाल चौहान की पुण्यतिथि पर हवन पूजन का आयोजन किया गया। पूजन के यजमान डा। जनेश्वर चौहान, मधुस. ूदन चौहान, नेत्रपाल चौहान रहे। इसके बाद शहीदों को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर मैनपाल चौहान, राज. कुमार चौहान, अक्षय, मोनू, आजम आदि मौजूद रहे। इसके अलावा कांधला के वीपीएन जूनियर हाईस्कूल में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शमां प्रवीन, अध्यक्षा अलका चौहान, श्वेता चौहान, रमेश, रजत, अंकित, इकरा, स्वाति, मानसी, शबा, अनु आदि मौजूद रहे।

## भाकियू ने रखी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापना की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के पदाधिकारियों ने एडीएम को ज्ञापन देकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना करने की मांग की है।

मंगलवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बडा प्रदेश है। जिसकी आबादी 25 करोड से अधिक है। लेकिन इतने बडे प्रदेश के लिए केवल एक उच्च न्यायालय इलाहबाद व उसकी एक मात्र खंडपीट लखनऊ में कार्यरत है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग 22 जिलों के नागरिकों को न्यायानय प्राप्ति के लिए इलाहबाद तक 500 से 700 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पडती है। कुछ जिले के लोगो को तो लखनऊ होकर जाना पडता है। जिससे समय, धन, श्रम की भारी हानि होती है। उन्होने कहा कि उपलब्ध आंकडों के अनुसार इलाहबाद उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में से 50 प्रतिशत से अधिक मामले पश्चिमी उत्तर प्रदेश से संबंधित है। इसके बावजूद इस क्षेत्र में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना नही की गई। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह पंवार, सन्नी निर्वाल, संजीव सुन्ना, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# उप्र ग्रामीण पत्रकार एसो. ने विधायक को ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**जलालाबाद।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद शामली के सदस्यो द्वारा थानाभवन विधायक अशरफ अली के आवास पर पत्रकारो की समस्याओ से सम्बन्धित ज्ञापन सौपकर समस्याओ को दूर कराने की अपील की ।


मंगलवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन षामली के जिला अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पांचाल के नेतृत्व में ग्रामीण पत्रकारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने थाना भवन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशरफ अली के जलालाबाद स्थित आवास पर पहुचकर मुख्यमंत्री का नाम ज्ञापन सोंप कर पत्रकारों की मांगों को पूरा किए जाने की मांग की ग्रामीण पत्रकारों ने विधायक से अपील किया कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी मांगों को पूरा करने का काम करें और इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ग्रामीण पत्रकार को मान्यता दिलाने परिवहन सेवा में रोडवेज बसों में निशुल्क सुविधा स्वास्थ्य के आयुष्मान कार्ड बनवाने और पत्रकार के उत्पीड़न रो. कने की मांग की गई है । विधायक अशरफ अली खान ने आश्वासन दिया कि वह 18 दिसम्बर से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र के दौरान उक्त मांगपत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उनके समक्ष रखेंगे। उनका पूरा प्रयास रहेगा कि पत्रगारो की सभी समस्याओ और मांगो को पूरा करा सके। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री सुधीर चौधरी चरण, मेहराब चौधरी, मंडल महासचिव रणवीर सैनी, अनुज सैनी शामली तहसील महामंत्री रविंद्र शर्मा, सोनू शर्मा, पंकज सैनी, नसीम राही, आद. ेश शर्मा, समीउल्लाह खान, शावेज खान, जयवीर सिंह, विनोद समेत जलालाबाद थानाभवन के पत्रकार शामिल रहे।

## घर से लापता हुई दो नाबालिग बहनें, अनहोनी की आशंका

**कैराना।** थाना कैराना क्षेत्र के अलखैर कॉलोनी, पंजीठ से दो नाबालिग बच्चियों के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से परिजनों में भारी चिंता का माहौल है। पीड़ित पिता ने थाना कैराना में तहरीर देकर दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद कराने की मांग की है। पीड़ित नोशाद पुत्र सफीक निवासी अलखैर कॉलोनी, पंजीठ ने बताया कि 14 दिसंबर 2025 को शाम करीब पांच बजे उसकी दो बेटियां आरजू उम्र करीब 15 वर्ष और समा द्धउम्र करीब 12 वर्षद्ध बिना किसी को बताए घर से चली गईं। काफी तलाश के बावजूद जब दोनों का कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने में सूचना दी। नोशाद का आरोप है कि मोहल्ले के ही दानिश पुत्र साजिद द्वारा अपनी बहन सुहानी पुत्री साजिद के साथ दोनों बच्चियों को जाते हुए देखा गया था। इसके बाद से बच्चियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों को अनहोनी की आशंका सता रही है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों नाबालिग बच्चियों की तलाश की जा रही है। संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# आईपीएल ऑक्शनः प्रशांत-कार्तिक क्रमशः 14.20 करोड़ में बिके







● दोनों को सीएसके ने बेस प्राइस से 47 गुणा ज्यादा कीमत में खरीदा, ग्रीन सबसे महंगे विदेशी, ग्रीन को 18 रुपये ही मिलेंगे

**अबू धाबी, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के आलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें मंगलवार को अबु धाबी में चल रहे मिनी ऑक्शन में कोलक. ाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा। ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें 2024 में केकेआर ने ही 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। ऋषभ पंत (27 करोड़) इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। 20 साल के प्रशांत वीर और 19 साल के कार्तिक शर्मा एक समान 14.20-14.20 करोड़ में बिके हैं। दोनों को सीएसके ने 30 लाख की बेस प्राइस से 47 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा। प्रशांत उत्तर प्रदेश के हैं, जबकि कार्तिक राजस्थान के हैं। इनके अलावा, जम्मू एंड कश्मीर के आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। तेज गेंदबाजों के सेट में कोलकाता ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना (18 करोड़) को अपने साथ जोड़ा न्यूजीलैंड के जैकब डफी को आरसीबी और एनरिक नार्त्या को एलएसजी ने 2-2 करोड़ में खरीदा। स्पिनर्स रवि बिश्नोई को त्त ने 7.20 करोड़ में खरीदा। वेंकटेश अय्यर को आरसीबी ने महज 7 करोड़ रुपए में खरीद लिया। उन्हें 2024 के मेगा ऑक्शन में केकेआर ने 23.75 करोड़ में खरीदा था। कोलक. ाता ने भले ही कैमरन ग्रीन को 25.2 करोड़ में खरीदा है, ग्रीन को 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे। 7.2 करोड़ रुपए बीसीसीआई के वेलफेयर फंड में जमा करा दिए जाएंगे। बीसीसीआई ने पिछले साल ही विदेशी खिलाड़ियों के लिए मिनी ऑक्शन में 18 करोड़ रुपए की अपर लिमिट तय कर दी थी। ताकि विदेशी खिलाड़ी ज्यादा डिमांड का अनुचित फायदा न उठा पाएं। 10वें सेट में यश राज पुंजा पर राजस्थान रॉयल्स ने 30 लाख की बेस प्राइस पर भरोसा जताया। विग्नेश पुथुर भी 30 लाख में राजस्थान रॉयल्स के खाते में गए। प्रशांत सोलंकी को 30 लाख में केकेआर ने खरीदा। कर्ण शर्मा, शिवम शुक्ला, कुमार कार्तिकेय सिंह और वहीदुल्लाह जदरान अनसोल्ड रहे। सुशांत मिश्रा को आरआर ने 90 लाख में खरीदा,नमन तिवारी को एलएसजी ने एक करोड़ रुपए में खरीदा, अशोक शर्मा को जीटी ने 90 लाख में खरीदा, आठवें सेट (विकेटकीपर) में सबसे बड़ा नाम कार्तिक शर्मा रहे। ऑक्शन की शुरुआत में रुचित अहीर और वंश बेदी 30 लाख की बेस प्राइस पर अनसोल्ड रहे, जबकि तुषार रहेजा भी खरीदार नहीं जुटा सके। 30 लाख की बेस प्राइस के साथ उतरे कार्तिक पर टीमों के बीच जबरदस्त बिडिंग हुई और आखिरकार चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 14.20 करोड़ रुपए में खरीद लिया। मुकुल चौधरी को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2.60 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा, जबकि तेजस्वी सिंह को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 करोड़ रुपए में खरीदा। राजस्थान के मुकुल चौधरी को एलएसजी ने 2.60 करोड़ में खरीदा कार्तिक शर्मा भी 14.20 करोड़ में बिके, सीएसके ने खरीदा।



7वां सेट अनकैप्ड आलराउंडर्स का रहा। इसमें 10 प्लेयर्स थे। इनमें से 3 को खरीदा गया। जबकि 7 अनसोल्ड रहे। आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ में डीसी ने, प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ सीएसके और शिवांग कुमार को 30 लाख एसआरएच ने खरीदा। राजवर्धन हंगरगेकर (40 लाख), तनुष कोटियान (30 लाख), महिपाल लोमरोर (50 लाख), कमलेश नागरकोटी (30 लाख), विजय शंकर (30 लाख), सनवीर सिंह (30 लाख) और एडेन टाम (30 लाख) अनसोल्ड रहे। उत्तर प्रदेश के प्रशांत वीर को सीएसके ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा है। उन्होंने वे यूपी टी-20 लीग के एमर्जिंग प्लेयर रहे थे। 20 साल के प्रशांत ने 10 मैच में 155.34 के स्ट्राइक रेट से 320 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, गेंदबाजी में 8 विकेट भी झटके। 30 लाख रुपए की ब्रस प्राइस वाले आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा है। पेस बालिंग आलराउंडर ने पिछले रणजी सीजन के 8 मैचों में 44 विकेट झटके थे। छठा सेट अनकैप्ड बैटर्स का था। ऐसे प्लेयर जो एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेल सके हैं। इसमें 6 प्लेयर्स के नाम ऑक्शन पूल में लाए गए।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### मारिया केरी 2026 विटर ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में शिरकत करेगी

**मिलान, वार्ता।** अमेरिकी गायिकां और पॉप स्टार मारिया केरी मिलानो-कोर्टिना छह फरवरी को इटली की राजधानी मिलान के सैन सीरो स्टेडियम में होने वाले 2026 विटर आलंपिक के उद्घाटन समारोह में मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगी। केरी यहां उद्घाटन समारोह में मौजूद लोगों के लिए खास पेशकश करेंगी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा, ष्चाओ। मिलानो कोर्टिना 2026 के लिए तैयार हो जाइए। छह फरवरी को ओलंपिक उद्घाटन समारोह के लिए स्टेडियम सैन सिरो में मिलते हैं। मिलते हैं मिलान में। यह पहली बार होगा जब पांच बार की ग्रैमी अवॉर्ड विजेता केरी किसी ओलंपिक उद्घाटन समारोह में गाएंगी।

### पाकिस्तान भी अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल में

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान ने मंगलवार को अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 70 रन से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई को 242 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में यूएई की टीम 37-5 ओवर में 171 रन पर ढेर हो गयी। यूएई के लिये इयान मिस्बाह की 77 रन की पारी बेकार गई। पृथ्वी मत्रा 27 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान किरण रॉय ने 13 रन देकर अब्दुल सुबहान का विकेट लिया। यूएई के सात खिलाड़ी 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के लिए अब्दुल सुबहान ने 7.5 ओवर में 31 रन देकर चार खिलाड़ियों को आउट किया। मोमिन कमर और अहमद हुसैन ने एक-एक विकेट लिया। पाकिस्तान के लिए अहमद हुसैन ने 65 रनों की पारी खेली।

## एकाना में सीरीज पर जीत की मुहर लगाने उतरेगी भारतीय टीम

**पांच मैचों की सीरीज में 2-1 के बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी**

**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय टीम जब बुधवार को यहां एकाना स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में जीत की मुहर लगाने के इरादे से मैदान में उतरना चाहेगी, लेकिन कुछ खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर भी दर्शकों की निगाहें टिकी होंगी। पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान टीम आत्म-विश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी, खासकर पिछले मैच की जीत के बाद। तीसरे टी-20 मुक. ाबले में भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 117 रन पर ऑलआउट कर दिया। उसके बाद भारतीय टीम ने तीन विकेट गंवाकर यह लक्ष्य 15-5 ओवर में बेहद आसानी से हासिल कर लिया।

तीसरे मैच में एक बार फिर साबित हुआ कि अभिषेक शर्मा भारत की विस्फोटक शुरुआत के लिए कितने अहम हैं। अभिषेक के जोड़ीदार शुभमन गिल ने जहां 28 गेंदों पर 28 रन बनाए, वहीं खुद अभिषेक ने 18 गेंद पर तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 35 रन बनाकर भारत को धुआंधार शुरुआत दी। गिल के अलावा भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पिच पर संघर्ष करते नजर आए हैं। दोनों ही बल्लेबाज अतीत में खुद को साबित कर चुके हैं और इस मैच में रन बनाकर अपने रंग में लौटना चाहेंगे।

गेंदबाजी की बात करें तो अक्षर पटेल के चले जाने से पश्चिम बंगाल के ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को अपना लोहा मनवाने का मौका मिला है। वह इस मौके को दोनों हाथों से लपकना चाहेंगे। अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की जोड़ी भारत को गेंद से शुरुआती सफलताएं दिलाने में सफल रही है, वहीं वरुण चक्रवर्ती की फिरकी भी दक्षिण अफ्रीका के लिए एक अबूझ पहेली साबित हुई है। बुम. राह के टीम में होने पर अब भी संशय है लेकिन उनकी गैर-मौजूदगी में भी भारतीय गें. दबाजी अजेय प्रतीत हुई है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका खुद के हालात ढाक के तीन पात की तरह हैं। तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में उनकी चिर परिचित खामियां सामने आईं। पिच पर गेंद की हरकत और भारतीय गेंदबाजों के अनुशासन के सामने केवल एडन मार्करम ही पिच पर टिके रहे। अगर मेहमान टीम को सीरीज को जिन्दा रखना है तो मार्करम और क्विंटन डी कॉक को अब मजबूती के साथ पारी की शुरुआत देनी होगी।

## एडिलेड एशेज टेस्ट में बॉन्डी बीच पीड़ितों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

● **मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौ न रखा जाएगा, झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काली आर्म बैंड बाधेंगे**

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लोकप्रिय गायक जॉन विलियमसन बुधवार से शुरू होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट से पहले यहां बॉन्डी बीच आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एडिलेड ओवल में अपना प्रसि( गाना 'ट्रू ब्लू' गाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस पिक बॉल टेस्ट से पहले कई यादगार कार्यक्रमों की घोषणा की है। यह मैच रविवार के आतंकवादी हमले के बाद देश का पहला बड़ा खेल आयोजन होगा। मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा। झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काली आर्मबैंड पहनेंगे और मुकाबले के लिए सुरक्षा भी बढ़ा दी जाएगी। इसके साथ ही स्टेडियम में खास तौर पर पुलिस तैनात की जाएगी। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने माना कि रविवार की घटना ने उन्हें और उनके परिवार को बहुत प्रभावित किया। उन्होंने इस हमले को बहुत गहरा सदमा करार दिया। कमिस ने कहा कि ज्यादातर दूसरे ऑस्ट्रेलियाई लोगों की तरह, मैं भी इसे देखकर डर गया था। मैंने बस बच्चों को सुला दिया और न्यूज चालू कर दी। मैं और मेरी पत्नी हैरानी से देख रहे थे। उन्होंने कहा कि यह (बॉन्डी बीच) हमारे घर के पास ही है, और हम बच्चों को अक्सर वहां ले जाते हैं। इसने मेरे दिल को बहुत छुआ। मुझे सच में बॉन्डी के लोगों और खासकर यहूदी समुदाय के लिए बहुत बुरा लग रहा है।

## कमिंस, लॉयन की हुई टीम में वापसी

● **कमिंस और लॉयन ने आलरांउर माइकल नेसर और तेज गेंदबाज ब्रेडन की जगह ली**

एडीलेड, वार्ता। एडिलेड ओवल में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट में कप्तान पैट कमिस और अनुभवी ऑफ-स्पिनर नेथन लायन की वापसी हो गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को पिक बॉल टेस्ट के लिए टीम का ऐलान करते हुए यह जानकारी दी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि कमिस और लायन ने ऑलराउंडर माइकल नेसर और तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट की जगह ली है, जबकि 39 वर्षीय सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पीठ की चोट के कारण अब भी टीम से बाहर हैं। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल पांच टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 से आगे है। जोश इंग्लिस एकादश में बरकरार हैं और नंबर सात पर बल्लेबाजी करते रहेंगे। इस बीच, कप्तान कमिस ने



ख्वाजा की निराशा को समझते हुए सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत स्थिति के बावजूद टीम से बाहर होने के बाद उनके रवैए की तारीफ की। कमिस ने कहा कि वह एक सच्चे 'टीम मैन' हैं। टींम को जो भी चाहिए, वह करेंगे। और यह सिर्फ उजी (उस्मान) ही नहीं, बल्कि बो वेबस्टर भी हैं जो इन तीन टेस्ट मैचों में टीम से बाहर रहे हैं। नेसर ने पांच विकेट लिए हैं, और डॉगेट ने पहले दो टेस्ट खेले हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें एशेज सीरीज जीतने के लिए एक स्क्वाड की जरूरत है, और वे सभी शानदार प्रदर्शन करते हैं। इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की सीरीज के बाद कमिस पहली बार टेस्ट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने पुष्टि की है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और वर्कलोड के मामले में उन पर कोई पाबंदी नहीं होगी। कमिस ने कहा कि हां, मैं खेलने के लिए तैयार हूं। मैं कुछ समय से 100 प्रतिशत स्तर पर गेंदबाजी कर रहा हूं। अगर मैंने ब्रिस्बेन में खेला होता, तो शायद मैं सीमित संख्या में ही ओवर फेंक पाता, लेकिन यह मैच किसी भी दूसरे टेस्ट की तरह ही है। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश की घोषणा सोमवार को की।

इसमें तेज गेंदबाजी आक्रमण में गस एटकिसन की जगह जोश टंग को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की सीरीज में बढ़त के बावजूद, कमिस को मेहमान टीम से मजबूत वापसी की उम्मीद है। कमिंस ने कहा कि मुझे नहीं लगंता कि यह पहले दो टेस्ट मैचों से कुछ अलग होगा। आपके पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी समय मैच जिता सकते हैं, आपको बस प्लान ए, प्लान बी रखना होगा, जैसा कि आप ज्यादातर टीमों के साथ करते हैं। लेकिन उनके पास जाहिर तौर पर कुछ बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं, और आप उन्हें खुलने के लिए थोड़ी सी भी जगह नहीं दे सकते।

## श्रीगंगानगर अंडर-14 क्रिकेट टीम घोषित

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ ने राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के लिए जिला टीम की घोषणा कर दी है। संघ के सचिव विनोद सहारण ने मंगलवार को बताया कि टीम का चयन जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर और अभ्यास मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।उन्होंने बताया कि विनय को कप्तान और आरव प्रताप बाना को उपकप्तान बनाया गया है।

**टीमः** विनय (कप्तान), आरव प्रताप बाना (उपकप्तान), अनमोल, हर्ष, निर्भय, गुरसांत, गुरशरणसिंह, देवकुमार, अरनव , अविरल, भव्यजीतसिंह, लक्ष्य, रोबिनसिंह, रणवीर व शुभम।

स्टैंडबाय खिलाड़ियों में पीयूष, एकमजीतसिंह, जसकि. रतसिंह, अथर्व गोयल और पार्थ गेरा शामिल हैं।

## इंटर मियामी में शामिल हुए सर्जियो



**वाशिंगटन, वार्ता।** मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के क्लब इंटर मियामी ने रियल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर सर्जियो रेगुइलोन को फ्री ट्रांसफर के तहत अपने क्लब में शामिल कर लिया है। रेगुइलोन ने 12 महीने के एक्सटेंशन के विकल्प के साथ दो साल के करार पर सहमति जताई है। स्पेन के इस फुटबॉलर ने जून में टोटेनहम हॉटस्पर से अलग होने के बाद से किसी क्लब का दामन नहीं थामा था। उन्होंने लंदन क्लब के लिए कुल 73 मैच खेले और दो गोल भी किए। रेगुइलोन ने कहा, ष्यह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। एक चैंपियन क्लब जो बहुत अच्छा कर रहा है, वहां आकर खेलना और जीतना, यही मुझे आकर्षित करता है। मेरा लक्ष्य जीतते रहना है, उन ट्रॉफियों को हासिल करना है जो हमारे पास नहीं हैं। इंटर मियामी ने यह घोषणा वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 की जीत के साथ अपना पहला एमएलएस खिताब हासिल करने के नौ दिन बाद की है। इंटरमियामी इससे पहले 2023 में अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेसी, सर्जियो बुस्केट्स, जॉर्डी अल्बा और लुइस सुआरेज जैसे ला लिगा के दिग्गजों को भी क्लब में शामिल कर चुका है।

### संतोष ट्रॉफी में दिल्ली टीम की कप्तानी हिमांशु राय को

**नई दिल्ली, वार्ता।** बिहार के बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम में 19 दिसंबर से होने वाली संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के लिये दिल्ली टीम की कप्तानी हिमांशु राय को सौंपी गयी है। टीम मैनेजर (बैंक ऑफ इंडिया) सुनील दत्त ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री दत्त ने बताया कि शिखर शाव टीम के उपकप्तान होंगे। दिल्ली 19 दिसंबर को रेलवे के विरुद्ध खेल कर अभियान की शुरुआत करेगी। ग्रुप की अन्य टीमें मेजबान झारखण्ड और बिहार हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नये नियमों के अनुसार, टीमें दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों को मैदान पर नहीं उतार सकतीं। इस बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक नये ढांचे और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने पर ज़ड़ादा ज़ोर के साथ शुरू होने वाली है।

## कुंडू का दोहरा शतक, भारत ने मलेशिया को हराया



● **अंडर-19 एशिया कप के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से मात दी**

**दुबई, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडू के दो. हरे शतक (209) और दीपेश देवेंद्रन (22/5) के पांच विकेटों की बदौलत मंगलवार को यहां अंडर-19 एशिया कप 2025 के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से मात दी। भारतीय युवाओं ने मलेशिया के सामने 50 ओवर में 409 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में मलेशियाई टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। मलेशिया की ओर से हमजा पंगी ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। मलेशिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए कप्तान और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 14 रन पर पवेलियन लौटा दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे विहान मल्होत्रा भी कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन वैभव सूर्यवंशी ने वेदांत त्रिवेदी के साथ मिलकर पारी को संभाल लिया। त्रिवेदी ने पहले सूर्यवंशी के साथ मिलकर 40 रन जोड़े। इसके बाद उन्हें कुंडू का साथ मिला और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 181 गेंदों पर 209 रन जोड़कर मलेशियाई गेंदबाजी की कमर तोड़ दी। त्रिवेदी 106 गेंदों पर सात चौकों के साथ 90 रन बनाकर अपने शतक से चूक गए, जबकि कुंडू ने 80 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। मैच के अंतिम ओवरों में कुंडू ने आक्रामक बल्लेबाजी कर न सिर्फ भारत को 400 रन के पार पहुंचाया, बल्कि यूथ एकदिवसीय क्रिकेट में दो. हरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय भी बन गए। इस 17 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज ने 125 गेंद पर 17 चौकों और नौ छक्कों के साथ 209 रन बनाए। इससे पहले यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय वैभव सूर्यवंशी थे, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में यूएई के खिलाफ पिछले मैच में 171 रन बनाए थे। कुंडू ने 44 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरा किया और सिर्फ 80 गेंदों में शतक जड़ डाला। वह 46वें ओवर में 150 रन तक पहुंचे और फिर रफ्तार पकड़कर 49वें ओवर में 121 गें. दों में दोहरा शतक पूरा किया। उन्होंने कनिष्क चौहान के साथ 36 गेंदों में 87 रनों की तूफानी साझेदारी करके भारत को 50 ओवर में सात विकेट पर 408 रन बनाने में मदद की। कुंडू का स्कोर अंडर-19 क्रिकेट में द. अफ्रीका के जो. रिक वैन शाल्कविक के 215 रनों के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

### यूथ वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने अभिज्ञान कुंडू

**दुबई, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडू मंगलवार को यहां मलेशिया के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप 2025 मैच के दौरान यूथ वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस 17 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज ने 125 गेंद पर 17 चौकों और नौ छक्कों के साथ 209 रन बनाए।

इससे पहले यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय वैभव सूर्यवंशी थे, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में यूएई के खिलाफ पिछले मैच में 171 रन बनाए थे। यहां दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कुंडू वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद क्रीज पर आए और आते ही तेजी से रन बनाने लगे। उन्होंने 44 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया और सिर्फ 80 गेंदों में शतक जड़ डाला। वह 46वें ओवर में 150 रन तक पहुंचे और फिर रफ्तार पकड़कर 49वें ओवर में 121 गेंदों में दोहरा शतक बना डाला। उन्होंने वेदांत त्रिवेदी के साथ 209 रन और कनिष्क चौहान के साथ 36 गेंदों में 87 रनों की तूफानी साझेदारी करके भारत को 50 ओवर में सात विकेट पर 408 रन बनाने में मदद की।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 17 दिसम्बर 2025

# गिरता रुपया

मंगलवार को आखिरकार रुपया अब तक की सबसे बड़ी गिरावट के द्वार पर पहुंच ही गया। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये की कीमत डॉलर के मुकाबले बराबर नीचे गिरते हुए 91 रुपये से ऊपर पहुंच गई है। दोपहर से पहले तो यह 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। निश्चित रूप से यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए कोई अच्छे संकेत नहीं हैं। हालांकि कुछ अर्थशास्त्री ऐसा भी मानते हैं कि कई बार पैसों की गिरावट अर्थव्यवस्था को मजबूत भी करती है, लेकिन ऐसा कम ही देखने को मिलता है। अक्सर देखने में आता है कि देश की साख ही वहां की मुद्रा की साख तय करती है और यह सबकुछ अर्थव्यवस्था पर ही टिका होता है। इस मायने से अगर देखें, तो भारत की अर्थव्यवस्था काफी दबाव में दिखाई देती है। ऐसा विपक्षी दल भी बराबर आरोप लगाते रहते हैं कि भारत का रुपया गर्त में जा रहा है और यह सब इसलिए हो रहा है कि विकास को गति नहीं मिल रही है और हमारा निर्यात नहीं बढ़ पा रहा है। हाल के महीनों में जिस तरह अमेरिका का रवैया भारत के प्रति रहा है वह भी निराश करने वाला है। ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो यह मानकर चल रहे हैं कि जिस तरह अमेरिका व्यापार के मामले में भारत के साथ अड़ियल रवैया अपना रहा है, भारत की मुद्रा का नीचे जाना उसका भी एक परिणाम है। भले ही भारत सरकार खुलकर स्वीकार न करे, लेकिन हकीकत यही है कि जिस तरह के प्रतिबंध टैरिफ के रूप में अमेरिका ने लगाए हैं, उनका असर अब दिखाई दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम मोदी से कुछ अधिक ही नाराज दिखाई दे रहे हैं। यह अलग बात है कि वह विभिन्न मौकों पर पीएम मोदी की प्रशंसा करते नहीं थकते और अपना मित्र बताते हैं, लेकिन इसके साथ ही वह ऑपरेशन सिंदूर के मामले में बार-बार यह कहकर कि भारत-पाक के बीच युद्ध उन्होंने ही रुकवाया था, पीएम मोदी के सामने असहज स्थिति पैदा करते रहते हैं, क्योंकि जहां तक बात भारत की है भारत स्पष्ट कर चुका है कि भारत-पाक के बीच युद्ध रुकवाने में किसी तीसरे देश का कोई लेना-देना नहीं है। इसके साथ ही ट्रम्प इस बात को लेकर भी भारत से नाराज नजर आते हैं कि भारत रूस से तेल व अन्य सामान ले रहा है। अमेरिका की नजर में भारत का यह फैसला एक तरह से रूस द्वारा यूक्रेन में नरसंहार करने जैसा है। जहां तक बात भारत की है, उसने साफ कर दिया है कि वह अपनी व्यापार या अन्य कोई विदेश नीति किसी के कहने पर नहीं बनाएगा। अगर भारत के स्वाभिमान के रूप में जोकि बेहद जरूरी भी है देखें, तो हमें पैसे की गिरावट की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जब टकराव होता है और स्वाभिमान की बात आती है, तो छोटे-मोटे नुकसान की परवाह नहीं होती। अच्छी बात यही है कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापारिक मसलों को सुलझाने की बातचीत जारी है।

## मनरेगा का नाम बदलना सनक



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना(मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है, मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है, इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है, नाम बदलना इनकी सनक है और हर नाम को वह बदल रही है, सरकार जब भी नाम भी बदलती है तो सरकार का खर्च होता है। महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता हैं और उनके नाम पर मनरेगा कानून में बड़ा बदलाव किया जा रहा है और इस योजना को कमजोर कर खत्म करने की योजना चल रही है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

# प्रकृति ने कैंसर वापस करना शुरू कर दिया





**पवन सिंह**

मैं हमेशा अध्ययनों, रिसर्च रिपोर्ट, आंकड़ों, विश्लेषणों के आधार पर तथ्यात्मक लिखने का प्रयास करता हूं। विगत कुछ सालों में प्राकृतिक संसाधनों को लूट लेने की जो भयावह हवस मची है, वह खतरनाक हो चली है। दूसरी ओर, आम जनता ने भी चंद रुपयों के लिए अपनी आवाज, अपनी सोच को गिरवी रख दिया है और वह खामोश है। मीडिया पर संसाधनों को लूटने वाले गिरोह का कब्जा है। इन सबका समग्र परिणाम मानव जीवन का समय से पूर्व अंत हो जाना है। प्राकृतिक संसाधनों के डकैतों और उनके कुछ हजार आका, तो इस देश को एक दिन प्राकृतिक रूप से विकलांग बनाकर सभ्य देशों की ओर ठिकाना बना चुके होंगे और इधर बचेगी भयावह बीमारियों, बूंद-बूंद पानी को तरसती व भूख से लड़ती 95 प्रतिशत आबादी। आइए आज सच दिखाते हैं दिल्ली का। जहां कुछ हजार लाख सक्षम लोग एयर प्योरीफायर लगाकर अपने फेफड़े कुछ हद तक बचाए हुए हैं लेकिन शेष जनता एयर प्योरीफायर भी आखिर कब तक और कहां-कहां दिल्ली को आखिरकार कुछ ही सालों में कैंसर ने घेर लिया है और यह मैं नहीं कह रहा, जो रिपोर्ट्स मैंनै जुटाई हैं, वह कह रही हैं। दिल्ली पर कैंसर लगातार अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। दिल्ली के एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी AQI की विगत कुछ सालों की रिपोर्ट्स को आप देखें तो पाएंगे कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से इस वायु गुणवत्ता की खराब क्वालिटी की गिरावट आरंभ होती है वह दीपावली के अगले ही दिन से सीधे 400 का खतरनाक स्तर छू लेती है और यह लगातार भयावह स्तर तक बढ़ता रहता है और बना रहता है। यह हालात लगभग चार माह तक बने रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के ग्रीन दीपावली के एक सुझाव आदेश को दिल्ली के लोगों ने अपने फेफड़ों की ताकत से मसल दिया और सुप्रीम कोर्ट के बाहर जाकर जबरदस्त आतिशबाजी कर आए। बहुत अच्छा किया आपने लेकिन जो गैसें आपने खुद अपने, अपने बच्चों व बूढ़े मां-बाप की नाकों व फेफड़ों के सामने पैदा की हैं, वह सबसे पहले किसकी सांसों में प्रवेश करेंगी? जब आप आतिशबाजी करते हैं तो आप हवा में सल्फर डाइऑक्साइड SO2 छोड़ रहे होते हैं। यह फेफड़ों पर सीधा अटैक करता है और सांस की बीमारियों को बढ़ाता है। आप नाइट्रोजन ऑक्साइड यानी NO2 पैदा कर रहे होते हैं जो श्वसन संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है। आप कार्बन मोनोऑक्साइड यानी CO पैदा कर रहे होते हैं जो रंगहीन, गंधहीन व एक बेहद जहरीली गैस है। यह गैस शरीर में ऑक्सीजन की कमी पैदा करती है।

आप पार्टिकुलेट मैटर यानी PM 2.5 - PM 10 पैदा कर रहे होते है। यह हवा में मौजूद सूक्ष्म कण होते हैं जो फेफड़ों में गहराई तक जाकर सूजन पैदा करते हैं व गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। आप पटाखे जला कर यहीं नहीं रुकते, आप भारी धातुएं जैसे- कैडमियम, सीसा, क्रोमियम व सबसे डरावनी धातु पारा, जैसी भारी धातुएं धुएं के साथ हवा में भर रहे होते हैं और वो अपने भीतर उतार रहे होते हैं। बेशक आप यह कह कर तसल्ली कर सकते हैं दो तीन दिनों में क्या होता है, लेकिन होता तो बहुत कुछ है, बस चूंकि तात्कालिक प्रसाद नहीं मिलता है, इसलिए हम सब हर फ्रिक को धुंए में उड़ाता चला गया, टाइप्स ले लेते हैं। आखिरकार इस साल दिल्ली के तमाम बड़े चिकित्सकों को चेतावनी जारी करनी पड़ी कि गर्भवती महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग। कुछ महीनों के लिए दिल्ली छोड़ दें। यह अच्छे संकेत नहीं हैं। दिल्ली पर कैंसर जबरदस्त हमला कर चुका है। दिल्ली और एनसीआर रीजन के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 0.74 वर्ष आयु वर्ग में हर 6 पुरुषों में एक को और हर 7 महिलाओं में एक को उसके जीवनकाल में कैंसर होने की आशंका है। यह राजधानी के वातावरण और प्रदूषण स्तर की भयावह तस्वीर पेश करती। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट के कार्यकारी निदेशक और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अतुल माथुर ने एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू दिया था। बकौल डाक्टर माथुर आप प्रदूषण को दो तरह से बांट सकते हैं। एक है नाइट्रोजन ऑक्साइड जिसमें जैसी हानिकारक गैसें हैं और दूसरा कण पदार्थ यानी पार्टिकुलेट मैटर। ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, और दूसरा है कण पदार्थ। जब यह कण शरीर में प्रवेश करते हैं, तो यह शरीर की धमनियों में सूजन पैदा करते हैं।

यह वह मौसम है, जब कई तरह के वायरस फैलते हैं। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि व्यापक वायरल गतिविधि से ग्रस्त मौजूदा मौसम स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ा सकता है। सलाह यह है कि बाहर कम निकलें और हल्के मास्क पहनें। दिसम्बर, 25 के अंतिम सप्ताह में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीपीसीबी की एक और भी डरावनी रिपोर्ट आई जिसके अनुसार दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई बढ़कर 497 हो गया। दिल्ली में वायु प्रदूषण, खासकर PM 2.5 कणों के कारण, फेफड़ों के कैंसर का एक बड़ा जोखिम है, जो धूम्रपान न करने वालों को भी डस रहा है। यह डीएनए तक को नुकसान पहुंचा रहा है और कोशिकाओं में उत्परिवर्तन कर रहा है। इससे कैंसर का खतरा बढ़ रहा है और श्वसन व हृदय रोग बढ़ रहे हैं। PM 2.5 के बेहद छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जाते हैं और खून में मिल जाते हैं। यह कण कोशिकाओं के डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे कोशिकाओं में बदलाव आता है, जो कैंसर का कारण बन जाता है। प्रदूषण से शरीर में सूजन बढ़ती है, जो इन उत्परिवर्तित कोशिकाओं को जागृत कर ट्यूमर बनाने में मदद कर सकती है। यही कारण है कि प्रदूषण के कारण फेफड़ों के कैंसर का खतरा धूम्रपान न करने वालों के लिए भी बढ़ गया है। अस्थमा और COPD क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज अब दिल्ली में एक बड़ी बीमारी हो चुकी है। आपको AQI का स्तर भी बता दूं 0-50 सबसे अच्छी वायु, 51-100 मध्यम वायु गुणवत्ता, 101-150 संवेदनशील और हानिकारक स्तर, 151-200 खतरनाक स्तर, 201-300 बहुत ही ज्यादा खतरनाक, 301-500 भयावह व जानलेवा स्तर और हम इसी स्तर को जी रहे हैं।

चूंकि ऐसा कोई पैमाना नहीं है कि मृत्यु का कारण प्रदूषण लिख सकें, इसलिए हम सब खामोश रहते हैं। जबकि मृत्यु के मुख्य कारकों में प्रदूषण है। दिल्ली और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में 2015 से 2024 के बीच 10 साल में कैंसर के मामले 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए हैं जबकि अकेले दिल्ली में कैंसर के मामलों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई है। यह सारी जानकारी केंद्र सरकार की ओर से संसद में दिए गए डेटा में सामने आई है। भारत में प्रति एक लाख आबादी पर कैंसर की दर 98.5 है। यानी, भारत में एक लाख लोगों में से हर साल औसतन 98 या 99 नए कैंसर मरीज सामने आ रहे हैं। इस हिसाब से भारत में हर साल कैंसर के 14.13 लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में कैंसर के 15.33 लाख से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। 2015 में 13.88 लाख मामले सामने आए थे। वर्ष, 2015 में दिल्ली में कैंसर के 19,168 मामले सामने आए थे, जिनकी संख्या 2024 में बढ़कर 28,387 हो गई। दीपावली के दौरान दिल्ली में विगत कुछ सालों से प्रदूषण साक्षात मौत जैसा बढ़ रहा है चूंकि वह फौरी तौर पर नुकसान नहीं पहुंचा रहा लेकिन कुछ ही सालों में वह शरीर पर हमला कर रहा है। दीपावली के दौरान AQI श्रेणी 300-500 तक पहुंच जाता है, जिसमें PM 2.5 के स्तर में भारी उछाल यहां तक कि कभी-कभी 675 -g/m³ या उससे भी ऊपर चला जाता है जो सामान्य स्तर से कई गुना ज्यादा होता है। पटाखों के इस्तेमाल और स्थिर मौसम के कारण लाखों टन जहरीली गैसें वापस फेफड़ों में चली जाती हैं। दिल्ली तो कैंसर की सेज पर बैठ चुकी है और अन्य राज्य भी कम पीछे नहीं हैं। दूसरी ओर जंगल और पहाड़ों की लूट इस देश का चेहरा सोमालिया जैसा बना कर रख देंगे। लाखों-करोड़ों लोग मारे जाएगे और औसत आयु 60-65 तक या और उससे नीचे चली जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांपों ने अपनी टांगें कैसे गंवाई

सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।



इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**

# गुदगुदी कहां से नियंत्रित होती है

हम में, और खासकर छोटे बच्चों को, गुदगुदी का खेल पसंद आता है। लेकिन गुदगुदी, खेल-मनोरंजन या स्तनधारियों के ऐसे ही सकारात्मक व्यवहारों को बहुत कम समझा गया है। इसके विपरीत आक्रामकता या डर जैसे व्यवहारों को समझने के लिए काफी अध्ययन हुए हैं। हम्बोल्ट विश्वविद्यालय के तंत्रिका विज्ञानी माइकल ब्रेख्त की रुचि यह समझने में थी कि खेल के सुखद अहसास कहां से आते हैं। पूर्व में देखा जा चुका था कि कुछ कृंतकों को मनोरंजन पसंद होता है। और यदि वे अच्छे मूड और अनुकूल महौल में हैं तो गुदगुदी का आनंद लेते हैं, और इंसानों की हंसी के समान उच्च आवृत्ति की आवाजें निकालते हैं। न्यूरॉन में प्रकाशित हालिया अध्ययन के मुताबिक शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इस आनंद के लिए जिम्मेदार क्षेत्र की पहचान कर ली है।

पूर्व अध्ययन बताते हैं कि चूहों में चेतना और अन्य उच्च श्रेणि के व्यवहार के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क का क्षेत्र (कॉर्टेक्स) पूरा नष्ट हो जाने के बाद भी वे खेलकूद जारी रखते हैं। इससे पता चलता है कि डर की तरह खेल द्धया मनोरंजनऋ भी नैसर्गिक है। कुछ अध्ययन बताते हैं कि पेरिएक्वाडक्टल ग्रे (पीएजी) नामक एक संरचना की भी इसमें भूमिका हो सकती है जो ध्वनि, 'लड़ो-या-भागो' प्रतिक्रिया और अन्य व्यवहारों में भूमिका निभाती है। जब चूहे एक-दूसरे के साथ लड़ाई-लड़ाई खेलते हैं तो वे भय और आक्रामकता जैसा व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। इसलिए ब्रेख्त को लगा कि पीएजी या मस्तिष्क का ऐसा ही कोई क्षेत्र मनोरंजन में भागीदार हो सकता है। वे अपने पूर्व अध्ययन में देख चुके थे कि चूहे इंसानों की तरह पेचीदा खेल खेल सकते हैं। उनकी टीम कृंतकों को लुका-छिपी खेलना भी सिखा चुकी थी। खेल के शुरू में चूहे को एक बक्से में बंद कर शोधकर्ता कमरे में कहीं छिप गए। फिर रिमोट कंट्रोल की मदद से बक्सा खोलने पर चूहे ने बाहर आकर शोधकर्ता को 'ढूंढना' शुरू किया। जब चूहे ने छुपे हुए शोधकर्ता को ढूंढ लिया तो उसे गुदगुदी के रूप में पुरस्कार मिला। चूहों को भी छिपने का अवसर दिया गया था, और देखा गया कि चूहे छिपने की काफी नई-नई जगहें ढूंढ लेते हैं। अपने अनुमान-खेल में पीएजी की भूमिका-की जांच के लिए ब्रेख्त की टीम ने पहले तो यह सुनिश्चित किया कि चूहे अपने अनुकूल और सहज माहौल में रहें। चूहों को मद्धम रोशनी वाली जगह सुहाती हैं, तेज रोशनी वाली और ऊंची जगहों पर वे परेशान होते हैं। इसके बाद शोधकर्ताओं ने उनके साथ 'हाथ पकड़ो' खेल खेला। जब चूहे उनके हाथ तक पहुंच जाते थे तो शोधकर्ता उनकी पीठ और पेट पर गुदगुदी करते थे। गुदगुदी करने पर चूहे खुश होते थे और 'खिलखिलाते' थे। शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाकर उनके मस्तिष्क की गतिविधि की निगरानी की और अल्ट्रासोनिक माइक्रोफोन से उनकी हंसी भी रिकॉर्ड की। पाया गया कि चूहे मनुष्यों के सुनने की क्षमता से बहुत अधिक आवृति पर 'हंसते' हैं। और, जब चूहे हंस रहे थे और खेल में व्यस्त थे तो उनके पीएजी के एक विशिष्ट क्षेत्र में हलचल देखी गई। इसके विपरीत जब चूहों को असहज जगह पर बैठाकर गुदगुदी की तो उन्होंने हंसना बंद कर दिया व उनके पीएजी का सक्रिय हिस्सा शांत हो गया। इससे लगता है कि विनोदभाव के लिए चूहों में पीएजी जिम्मेदार है। इसकी पुष्टि के लिए शोधकर्ताओं ने पीएजी के उस हिस्से की तंत्रिकाओं को एक रसायन की मदद से शांत कर दिया। इसके बाद गुगगुदी करने पर चूहे नहीं हंसे और उनकी इंसानों और खेल में रूचि भी जाती रही। इससे लगता है कि गुदगुदी और खेल में पीएजी की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये नतीजे और भी महत्वपूर्ण इसलिए लगते हैं क्योंकि यह देखा जा चुका है कि जब कुछ चूहों को खेलने से वंचित कर दिया जाए तो वे मायूस हो जाते हैं, रिश्ते बनाने में असफल रहते हैं और तनावपूर्ण स्थितियों में कम लचीले हो जाते हैं। यह भी देखा गया है कि खेल की कमी से मस्तिष्क का विकास भी रुक जाता है। आगे ब्रेख्त यह देखना चाहते हैं कि पीएजी की खेल के अन्य पहलुओं, जैसे नियमों का पालन करने के व्यवहार में क्या भूमिका है। उनका अवलोकन था कि लुका-छिपी खेल में यदि मनुष्य बार-बार एक ही जगह छिपें या ठीक से छिपने में विफल रहें तो चूहों ने खेल में रुचि खो दी थी। उम्मीद है कि इस काम से सकारात्मक भावनाओं को समझने की दिशा में अधिक काम होगा और चिंता व अवसाद से पीड़ित रोगियों के लिए प्रभावी उपचार विकसित करने में मदद मिलेगी।



स्रोत फीचर्स

**चूहों को भी छिपने का अवसर दिया गया था, और देखा गया कि चूहे छिपने की काफी नई-नई जगहें ढूंढ लेते हैं। अपने अनुमान-खेल में पीएजी की भूमिका-की जांच के लिए ब्रेख्त की टीम ने पहले तो यह सुनिश्चित किया कि चूहे अपने अनुकूल और सहज माहौल में रहें। चूहों को मद्धम रोशनी वाली जगह सुहाती हैं, तेज रोशनी वाली और ऊंची जगहों पर वे परेशान होते हैं। इसके बाद शोधकर्ताओं ने उनके साथ 'हाथ पकड़ो' खेल खेला। जब चूहे उनके हाथ तक पहुंच जाते थे तो शोधकर्ता उनकी पीठ और पेट पर गुदगुदी करते थे। गुदगुदी करने पर चूहे खुश होते थे और 'खिलखिलाते' थे। शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाकर उनके मस्तिष्क की गतिविधि की निगरानी की और अल्ट्रासोनिक माइक्रोफोन से उनकी हंसी भी रिकॉर्ड की। पाया गया कि चूहे मनुष्यों के सुनने की क्षमता से बहुत अधिक आवृति पर 'हंसते' हैं। और, जब चूहे हंस रहे थे और खेल में व्यस्त थे तो उनके पीएजी के एक विशिष्ट क्षेत्र में हलचल देखी गई। इसके विपरीत जब चूहों को असहज जगह पर बैठाकर गुदगुदी की तो उन्होंने हंसना बंद कर दिया व उनके पीएजी का सक्रिय हिस्सा शांत हो गया।**




नई दिल्ली। 'मनरेगा' योजना का नाम बदलने के विरोध में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

## हडसन को मिलेगा कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स गिल्ड का स्पॉटलाइट अवॉर्ड

**वॉशिंगटन।** अभिनेत्री केट हडसन को प्रतिष्ठित कास्ट्यूम डिजाइनर्स गिल्ड (सीडीसी) स्पॉटलाइट अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। वेरायटी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरस्कार उन कलाकारों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने करियर में प्रतिबद्धता के साथ लगातार बेहतरीन काम किया हो और जिन्हें कहानी कहने में कॉस्ट्यूम डिजाइन की अहम भूमिका की गहरी समझ हों। स्पॉटलाइट अवॉर्ड उन कलाकारों को सम्मानित करता है, जो पर्दे पर किरदारों को यादगार बनाने और जीवंत करने में कॉस्ट्यूम डिजाइनरों को आवश्यक सहयोगी मानते हैं।

# मोदी ने भारत और जॉर्डन सहयोग की सराहना की

## भारत-जॉर्डन साझेदारी को 'सार्थक विस्तार' बताया, पांच प्रमुख समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जॉर्डन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान पांच समझौतों पर हस्ताक्षर होने पर इनकी सराहना करते हुए इसे भारत-जॉर्डन साझेदारी का 'सार्थक विस्तार' बताया।

दोनों देशों के बीच जिन पांच समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, उनमें नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में तकनीकी सहयोग, जल संसाधन प्रबंधन और विकास में सहयोग, विरासत संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पेट्रा और एलोरा के बीच एक समझौता 2025-2029 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के नवीनीकरण से संबंधित समझौते शामिल हैं। जिससे लोगों के आपसी संपर्क को और बढ़ावा किया जाएगा और डिजिटल परिवर्तन के लिए भारत के सफल डिजिटल समाधानों को बड़े पैमाने पर साझा करने से संबंधित समझौता किया गया है। प्रधानमंत्री ने इस दौरे के महत्व पर कहा कि ये समझौते भारत-जॉर्डन संबंधों की बढ़ती गहराई और व्यापकता को दर्शाते हैं। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग स्वच्छ विकास, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु जिम्मेदारी के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग से हमें संरक्षण, दक्षता और प्रौद्योगिकी से जुड़ी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने का अवसर मिलेगा, जिससे दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मोदी ने कहा कि पेट्रा और एलोरा के बीच समझौता शैक्षणिक आदान-प्रदान, विरासत संरक्षण और पर्यटन संवर्धन के नए अवसर खोलेगा, जबकि सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का नवीनीकरण भारत और जॉर्डन के लोगों के बीच गहरे संबंधों को बढ़ावा देगा। भारत के डिजिटल नवाचारों को साझा करने से जॉर्डन के डिजिटल परिवर्तन को समर्थन मिलेगा और समावेशी शासन को प्रोत्साहन मिलेगा।



■ ये समझौते भारत-जॉर्डन संबंधों की बढ़ती गहराई और व्यापकता को दर्शाते हैं

### जॉर्डन दौरे पर मोदी के लिए खास सम्मान, क्राउन प्रिंस खुद ड्राइव कर म्यूजियम ले गए

**अम्मान।** जार्डन की आधिकारिक यात्रा के दौरान मंगलवार को पीएम मोदी को खास सम्मान दिया गया। क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला ने खुद गाड़ी चलाकर प्रधानमंत्री मोदी को जार्डन म्यूजियम तक ले गए। इससे पहले मोदी भारत-जार्डन बिजनेस फोरम की बैठक में शामिल हुए। इसमें उन्होंने कहा कि भारत की विकास दर 8 प्रतिशत से ज्यादा है। यह बेहतर शासन और इनोवेशन पर आधारित नीतियों का नतीजा है। मोदी कल शाम जार्डन पहुंचे थे।

# तेलंगाना से जुड़े ऑस्ट्रेलिया हमले के तार


**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में 14 दिसम्बर को सिडनी के बान्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था। उसने हैदराबाद से बीकॉम किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवम्बर 1998 में आस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया। साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था।

आतंकी हमले में शामिल साजिद का बेटा नवीद अकरम (24 वर्षीय) आस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। साजिद की एक बेटी भी है। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक 1998 से पहले भारत में साजिद के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। आतंकी हमले में 16 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 से ज्यादा लोग घायल हैं। आतंकी साजिद भी पुलिस की फायरिंग में मारा गया, जबकि उसका बेटा घायल है। हमलावर बाप-बेटों ने आस्ट्रेलिया के बान्डी बीच पर हनुक्का त्योहार के दौरान यहूदियों पर गोलीबारी की थी।

भारत में मौजूद साजिद के रिश्तेदारों के मुताबिक, पिछले 27 सालों में साजिद का परिवार से संपर्क बहुत कम रहा। वह आस्ट्रेलिया जाने के बाद छह बार भारत आया। इसके पीछे संपत्ति और बुजुर्ग माता-पिता से जुड़े पारिवारिक कारण थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक साजिद आखिरी बार 2022 में भारत आया था। बताया गया है कि वह अपने पिता के निधन के समय भी भारत नहीं आया। परिवार का कहना है कि उन्हें साजिद या नवीद के कट्टरपंथी विचारों या गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं थी। इससे पहले सीएनएन ने फिलीपींस के अधिकारियों के हवाले से बताया था कि साजिद अकरम अपने बेटे नवीद के साथ पिछले महीने 1 नवम्बर को फिलीपींस गया था। इस दौरान साजिद ने इंडियन जबकि उसके बेटे ने आस्ट्रेलियन पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था। वो लोग एक महीने से हमले की तैयारी कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक दोनों फिलीपींस के दावो शहर गए थे। दावो फिलीपींस के दक्षिण हिस्से में मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलीपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है। यह इस्लामी उग्रवादी और विद्रोही संगठन का गढ़ माना जाता है। ये समुदाय अलग देश बनाने की मांग करते हैं। इसके अलावा आतंकियों की गाड़ी से इस्लामिक स्टेट के दो झंडे बरामद हुए थे, जिससे उनके आईएसआईएस से जुड़े होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आस्ट्रेलिया में हजारों लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने स्मारकों पर पहुंच रहे हैं। सिडनी आतंकी हमले में 3 भारतीय छात्र भी घायल हो गए हैं।

शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, कम से कम दो छात्र इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के मुताबिक, 50 साल के हमलावर साजिद अकरम के पास लाइसेंसी बंदूक थी, जिसका इस्तेमाल वह शिकार के लिए करता था। एनएसडब्ल्यू पुलिस कमिश्नर मल लैनयन ने कहा कि साजिद अकरम एक गन क्लब का सदस्य था और राज्य के कानून के तहत उसके पास लाइसेंस था। साजिद अकरम के पास कानूनी रूप से 6 बंदूकें थीं। गोलीबारी के लिए निकलने से पहले बाप-बेटे ने अपने परिवार को कहा था कि वह मछलियां पकड़ने जा रहे हैं। अकरम अपने परिवार के साथ एक किराए के घर में रहता था। हमले के बाद पुलिस ने इस मकान पर छापेमारी की। रिपोर्ट के मुताबिक साजिद अकरम फलों की दुकान चलाता था। प्रधानमंत्री ने अस्पताल में आस्ट्रेलियाई हीरो कहे जाने वाले अहमद अल अहमद से मुलाकात की और कहा कि उस व्यक्ति से मिलना बहुत बड़ा सम्मान था जिसने बोंडी के हमलावरों में से एक पर घात लगाकर हमला किया और उससे राइफल छीन ली।

## बान्डी बीच पर अटैक का आरोपी साजिद हैदराबाद का था निवासी



■ तेलंगाना पुलिस बोली: 27 साल पहले देश छोड़ा, आखिरी बार 2022 में भारत आया

### आईएस से प्रेरित थी बान्डी बीच पर हुई यहूदी विरोधी सामूहिक गोलीबारी: अल्बनीज

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर सामूहिक गोलीबारी में 16 लोगों की मौत के बाद आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा है कि यह हमला आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) की विचारधारा से प्रेरित था। समाचार एजेंसी एएफपी और बीबीसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अल्बनीज ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह हमला इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित था। यह बात उन्होंने आस्ट्रेलियन ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन (एबीसी) के सिडनी चौनल को दिए गए एक रेडियो इंटरव्यू में कही, जिसके अंश उनके कार्यालय ने समाचार एजेंसियों के साथ साझा किए। उन्होंने इस हमले को 'सुनियोजित, योजनाबद्ध और बेहद बर्बर' बताया। अल्बनीज ने कहा कि अब तक की जांच से संकेत मिलता है कि दो हमलावरों (जो पिता और बेटे की जोड़ी थे) ने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अल्बनीज ने कहा कि यह वह विचारधारा है जो एक दशक से ज्यादा समय से मौजूद है, जिसने नफरत की सोच को जन्म दिया और इसने बड़े पैमाने पर हत्या करने की मानसिकता पैदा की।

## भारत-चीन शिपकी-ला दर्रे से फिर शुरू करेंगे व्यापार

**नई दिल्ली/शिमला।** भारत और चीन शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से सीमा-पार व्यापार फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रलय ने हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी-ला के माध्यम से व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए औपचारिक मंजूरी दे दी है। अगले साल जून से इस व्यापार के शुरू होने की उम्मीद है।

इस कदम को दोनों एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक महत्वपूर्ण विश्वास-निर्माण उपाय के रूप में देखा जा रहा है, जिनकी लंबी और संवेदनशील सीमा 20वीं सदी के मध्य से व्यावसायिक आदान-प्रदान के लिए अधिकांश बंद ही रही है। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद, किन्नौर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उपायुक्त डा. अमित कुमार शर्मा ने सोमवार को शिपकी-ला व्यापार प्राधिकरण से जुड़े विभागों और हितधारकों की एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में 'शिपकी-ला-नामगिया सेक्टर' में सड़क संपर्क, सीमा शुल्क बुनियादी ढांचा, सुरक्षा प्रोटोकॉल, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाएं तथा अंतर-विभागीय समन्वय सहित महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान कें.द्रित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, व्यापारी पंजीकरण पूह के तहसीलदार द्वारा किया जाएगा और व्यापार पास केवल गहन सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे।

आवेदकों को पहचान प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पिछले व्यावसायिक रिकॉर्ड और पासपोर्ट आकार के फोटो जमा करने होंगे। व्यापार सख्ती से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित वस्तुओं तक सीमित रहेगा, जिसमें किसी भी विचलन की अनुमति नहीं होगी। दर्रे पर सुरक्षा व्यवस्था की संयुक्त रूप से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और स्थानीय पुलिस द्वारा निगरानी की जाएगी, जबकि सीमा शुल्क विभाग शिपकी-ला सीमा शुल्क स्टेशन पर आवश्यक कर्मचारियों को तैनात करेगा। निर्यात और आयात वाले दोनों खेपों के लिए माल का व्यापक निरीक्षण अनिवार्य होगा। भारत और चीन हजारों किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा तिब्बती पठार के साथ-साथ है।

■ विदेश मंत्रालय ने औपचारिक मंजूरी दी शुरुआत अगले साल जून से होने की उम्मीद

## मैक्सिको में इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश, 7 लोगों की मौत

**मैक्सिको।** मेक्सिको में मंगलवार को इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 3 लापता हैं। हादसे का शिकार हुआ प्राइवेट प्लेन सोमवार को अकापुल्को से तोलुका एयरपोर्ट जा रहा था। इसी दौरान प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई और इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान सैन मातेओ एटेंको इलाके में एक फैक्ट्री से टकरा गया। फैक्ट्री की मेटल छत से टकराया विमान ने एक फुटबाल ग्राउंड पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पास की एक फैक्ट्री की मेटल छत से टकरा गया, जिससे आग लग गई। आग बुझाने के लिए इलाके के करीब 130 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शुरुआती रिपोर्ट्स में इंजन में खराबी होने की बात कही जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्लेन में 8 पैसेंजर्स और 2 क्रू मेंबर सवार थे। अब तक 7 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। अन्य तीन की तलाश जारी है। मेक्सिको के सिविल प्रोटेक्शन कोआर्डिनेटर एड्रियन हर्नांडेज ने दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। हादसा मेक्सिको सिटी से लगभग 50 किलोमीटर पश्चिम में स्थित सैन माटेओ एटेंको में हुआ, जो एक इंडस्ट्रियल एरिया है।

## चीन ने तैयार किया 55 टन वजनी हाईटेक बैटल टैंक

**बीजिंग।** चीन ने अपने पुराने बैटल टैंक 99 का अपग्रेडेड और मॉडर्न वर्जन टाइप-99बी तैयार किया है। यह खास तौर पर ऊंचाई वाले इलाकों और बेहद ठंडे मौसम में लड़ाई के लिए तैयार किया गया है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह टैंक भारत के हिमालय से लगने वाले बॉर्डर पर तैनात किया जा सकता है। टाइप-99बी, चीन के पुराने टाइप-99 टैंकों का नया वर्जन है। इसे सितंबर 2025 में बीजिंग में हुई विक्ट्री डे परेड में पहली बार दिखाया गया था। 99-बी को विभिन्न इलाकों में परीक्षण के दौरान इसकी ड्राइविंग क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और लाइव-फायर अभ्यास के जरिए परखा गया। टैंक की सबसे बड़ी खासियत इसकी आधुनिक कमांड, कंट्रोल और कम्युनिकेशन क्षमता है। इसके फायरपावर और इन्फॉर्मेशन बेस्ड सिस्टम पहले से कहीं ज्यादा उन्नत हैं। यह टैंक कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में भी युद्ध कर सकता है। चीन का दावा है कि टाइप-99बी तेज और लंबे समय तक लड़ाई करने में सक्षम है और इसे खास तौर पर तिब्बत के पठार और भारत-चीन सीमा के लिए डिजाइन किया गया है। टाइप-99बी तीसरी पीढ़ी का मेन बैटल टैंक है।


■ ऊंचाई वाले इलाकों और बेहद ठंडे मौसम में लड़ाई में सक्षम भारत से लगी सीमा पर होगी तैनाती

# ट्रम्प ने बीबीसी के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

## अमेरीकी राष्ट्रपति ने 10 अरब डॉलर का हर्जाना मांगा, मानहानि का लगाया आरोप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बीबीसी के खिलाफ 10 अरब अमेरिकी डालर के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया। उन्होंने ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि करने के साथ-साथ भ्रामक और अनुचित व्यापार प्रथाओं का आरोप लगाया है।

बीबीसी पर 33 पन्नों के इस मुकदमे में राष्ट्रपति ट्रम्प की झूठी, मानहानिकारक, भ्रामक, अपमानजनक, भड़काऊ और दुर्भावनापूर्ण तस्वीर प्रसारित करने का आरोप लगाया गया है। इसमें इसे 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दखल देने और उसे प्रभावित करने की खुली को. शिश बताया गया है। ट्रम्प का कहना है कि बीबीसी ने छह जनवरी 2021 को दिए गए उनके भाषण के दो पूरी तरह से अलग-अलग हिस्सों को जोड़कर प्रसारित किया, ताकि उनकी कही बातों का अर्थ जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले भी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। जिसके बाद पिछले महीने बीबीसी ने छह जनवरी के भाषण से छेड़छाड़ (एडिटिंग) को लेकर ट्रम्प से माफी मांगी थी। हालांकि, सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित इस प्रसारक ने मानहा. नि के आरोपों को खारिज कर दिया था। बीबीसी के अध्यक्ष समीर शाह ने इसे 'निर्णय लेने में गलती' बताया था, जिसके बाद बीबीसी के शीर्ष कार्यकारी अधिकारी और समाचार प्रमुख ने इस्तीफा दे दिया था। ट्रम्प ने यह भाषण उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर धावा बोला था। उस समय कांग्रेस 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को आधिकारिक रूप से मंजूरी देने वाली थी, जिसमें जो बाइडन को विजेता घोषित किया जाना था, लेकिन ट्रम्प ने उस चुनाव को गलत और चोरी हुआ बताया था। बीबीसी ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से कुछ दिन पहले 'ट्रम्प: ए सेकेंड चांस?' शीर्षक से एक घंटे की डाक्यूमेंट्री प्रसारित की थी। इसमें 2021 के भाषण के दो अलग-अलग हिस्सों से लिए गए तीन बयानों को जोड़कर एक ही बयान की तरह दिखाया गया, जबकि ये बयान लगभग एक घंटे के अंतर से बोले गए थे। इसमें ऐसा प्रतीत हुआ कि ट्रम्प ने समर्थकों से उनके साथ मार्च करने और 'जी जान से' लड़ने का आह्वान किया था।



■ ट्रम्प ने यह भाषण उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर धावा बोला था

## भारत ने यूएन में पाकिस्तान को फटकार लगाई

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत हरिश पर्वतनेनी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान की अंदरूनी राजनीति में जो उथल-पुथल चल रही है, उसका सीधा रिश्ता उसके सीमा-पार आतंकवाद से है।

राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डाल दिया गया, उनकी पार्टी पर रोक लगा दी गई, और 27वें संशोधन के जरिए सेना ने संविधान को अपने हिसाब से मोड़ दिया। भारत ने इसे 'संवैधानिक तख्तापलट' बताया। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान जिस तरह लोकतंत्र और कानून के साथ व्यवहार कर रहा है, वह उसकी गंभीर हालत को दिखाता है और उसी सोच के तहत वह लंबे समय से आतंकवाद को भी बढ़ावा देता रहा है। राजदूत ने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर बताया। यूएनएससी में 'लीडरशिप फार पीस' विषय पर हुई डिबेट में राजदूत पर्वतनेनी ने कहा कि इमरान खान अगस्त 2023 से भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद हैं। विरोध प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में उन पर आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मुकदमे चलाए जा रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की यातना पर विशेष रिपोर्टर एलिस जिल एडवर्ड्स की उस चिंता का भी जिक्र किया।

■ इमरान खान को जेल, आसिम मुनीर को खुली छूट राजदूत बोले: PAK आतंकवाद का सेंटर

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी
शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## पाकिस्तान-रूस तेल समझौते पर कर रहे चर्चा: वित्त मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा है कि रूस और पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय एक तेल समझौते पर चर्चा कर रहे हैं और पाकिस्तान इसे साकार होते देखना चाहता है। जब पाकिस्तानी वित्त मंत्री से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान तेल क्षेत्र में रूस के साथ सहयोग बढ़ाने का अवसर देखता है, जिसमें अन्वेषण, उत्पादन एवं शोधन शामिल हैं, तो उन्होंने कहा कि ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं जो रूस की शक्ति को दर्शाते हैं। हम चाहेंगे कि वे आएं और पाकिस्तान के साथ इस समीकरण को आगे बढ़ाएं। इस संबंध में दोनों पक्षों के ऊर्जा मंत्रालयों के बीच बातचीत चल रही है।

# रूस और ब्रिटेन के बीच छिड़ेगा युद्ध!

## ब्रिटिश चीफ ऑफ डिफेंस व खुफिया एजेंसी एआई-6 के प्रमुख के बयान से अटकलों को मिला बल

**लंदन।** रूस के खिलाफ अब ब्रिटेन ने मोर्चा खोल दिया है। ब्रिटिश चीफ ऑफ डिफेंस एवं खुफिया एजेंसी एमआई 6 के प्रमुख का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के बेटे और बेटियों जंग के लिए तैयार रहे। ब्रिटेन की संसद की इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी कमिटी ने एक रिपोर्ट जारी की है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, रूस को सबसे बड़ा खतरा बताया गया, साथ ही चीन और ईरान पर भी निशाना साधा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने यूरोप में तोड़फोड़ और अस्थिरता फैलाने की मुहिम तेज कर दी है। ब्रिटेन में एक्टिव रूसी जासूसी नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसमें विदेशी नागरिकों को प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल किया गया। मार्च 2025 में यूके में एक सदस्यों को सजा सुनाई गई। रूस पर आरोप है कि वो अपराधी गिरोहों और प्रॉक्सी एजेंट्स के जरिए गुप्त ऑपरेशन चला रहा है। मई 2024 में ब्रिटेन ने रूसी डिफेंस अताशे को निष्कासित कर दिया था। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि यह कदम रूस की बढ़ती हानिकारक गतिविधियां के जवाब में उठाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस पश्चिमी देशों के यूक्रेन समर्थन को कमजोर करना चाहता है। इसी के चलते ब्रिटेन ने रूस को **Foreign Influence Registration Scheme ds Enhanced Tier** में डाला है। आईएससी की चेतावनी है कि रूस की गतिविधियां अब सिर्फ जासूसी नहीं, बल्कि सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ब्रिटेन की सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख ने कहा है कि रूस की ओर से ब्रिटेन पर हमले का खतरा बढ़ता जा रहा है और देश के बेटों और बेटियों को लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।

ब्रिटेन के एयर चीफ मार्शल सर रिचर्ड नाइटन ने चेतावनी दी कि रूस की सैन्य ताकत बढ़ रही है और यह डर पैदा करने वाली है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में लगभग चार साल से चल रहे युद्ध की वजह से रूसी सैनिक अब युद्ध में पूरी तरह तपे हुए और अनुभवी हो चुके हैं। इसी के साथएयर चीफ मार्शल नाइटन ने कहा कि वो अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल फैबियन मांडों से सहमत हैं, जिन्होंने पिछले महीने कहा था कि फ्रांस को रूस के साथ संभावित युद्ध में अपने बच्चों को खोने की आशंका के लिए तैयार रहना चाहिए।

